डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
24.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-40 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

हर कोशिश में शायद सफलता नहीं मिल पाती, लेकिन सफलता का कारण कोशिश ही होती है।

झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की 25वीं बैठक में कई अहम निर्णय

नगर निकायों में पुराने प्रावधान रखने की केंद्र को भेजी जायेगी अनुशंसा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। जानकारी के मुताबिक टीएसी की बैठक में कुल 11 एजेंडों पर चर्चा हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा 'द प्रोविजन ऑफ द म्यूनिसिपैलिटिज बिल 2001' पर स्टैंडिंग कमेटी द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा हुई। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नगर निकायों में अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक होने पर उसके अनुरूप मेयर अध्यक्ष या वार्ड पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित होगा। परंतु इसके लिये टीएसी की अनुशंसा अनिवार्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निकायों में पुराने प्रावधान को यथावत रखने के लिए केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जायेगी। वहीं, जनजातीय भाषा में कक्षा एक से पांच तक के अध्ययन के लिए नीति बनेगी।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री-सह-टीएसी के उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, विधायक-सह-टीएसी सदस्य प्रो. स्टीफन मरांडी, दीपक बिरुआ, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, नमन विक्सल कोनगाड़ी, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की, मनोनीत सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, जमल मुंडा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव केके सोन, सचिव हिमानी पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

- पर्यावरण और जनजातीय संस्कृति का संरक्षण करते हुए राज्य में परिवेश के अनुकूलन पर आधारित पर्यटन अर्थात ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा।
- लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री के लिए सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड कार्यरत है। इसके अंतर्गत व्यापक रूप से लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री कर वन क्षेत्र में रहनेवाले लोगों की अधिक से अधिक आय वृद्धि हो, इसके लिये पहल किये जायेंगे।
- वनाधिकार अधिनियम-2006 के अन्तर्गत अधिक से अधिक सामुदायिक पट्टा दिये जाने और उसमें अधिक से अधिक वन भूमि का उपयोग वन विभाग के नियमों एवं पर्यावरण के अनुकूल किये जाने पर जोर दिया गया।
- जनजातीय भाषा में कक्षा 1 से 5 तक के लिए अध्ययन और जनजातीय भाषाओं के अधिक से अधिक उपयोग पर डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के माध्यम से अध्ययन कराते हुए एक नीति बनायी जायेगी। जनजातीय भाषाओं में अधिक से अधिक पाठ्य पुस्तकों का अनुवाद कराते हुए उसका वितरण कराये जाने का निर्णय लिया गया।
- जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज की जाये। आवश्यकता अनुसार पद सृजन भी किया जाये।
- होड़ोपैथी आदिवासी ज्ञान परंपरा का गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है। इसे देखते हुए इसके वैज्ञानिक विश्लेषण, अध्ययन, अनुसंधान, प्रकाशन के साथ सीएसआईआर के तरह वैज्ञानिक प्रयोगशाला बनाते हुए इसे आयुष में सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया गया।
- झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार नियामावली-2022 के प्रारूप पर संबंधित विभागों एवं पक्षों से सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया जाये।
- जनजातीय समुदाय के युवाओं को पांच वर्ष से अधिक भुगतान अवधि के साथ ऋण प्रदान किये जाने के लिए अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन कराते हुए बैकों के साथ राज्यस्तरीय बैठक कर नीति बनायी जाये।

मानव तस्करी की शिकार झारखंड के चार बच्चों को दिल्ली में कराया गया मुक्त

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। उसी कड़ी में मानव तस्करी की शिकार झारखंड राज्य के रांची जिले के तीन बालकों एवं गुमला की एक बालिका को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नयी दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि चारों बच्चे मानव तस्करी के शिकार होकर अलग-अलग समय पर दिल्ली आये थे। तीन बालकों को दिल्ली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बरामद कर मुक्त कराया। वहीं, गुमला जिले की एक लड़की को मानव तस्करी कर दिल्ली लाया गया था। उसे एक कोठी में घरेलू काम करने के लिए बेच दिया गया था, जहां बालिका से दिन-रात काम कराया जाता था। उसको पैसे भी नहीं दिये जा रहे थे। अततः शारीरिक यातना से प्रताड़ित होकर बच्ची वहां से भाग निकली। भागने के दौरान किसी की नजर उस बच्ची पर पड़ी और उसे रेस्क्यू किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक छवि रंजन द्वारा सभी जिले को सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस भी जिले के बच्चे को दिल्ली में रेस्क्यू किया जाता है, उस जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा उन्हें वापस उनके जिले में पुनर्वास किया जायेगा। इसी कड़ी में रांची जिले की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बनाकर इन बच्चों को झारखंड लाकर पुनर्वास हेतु दिल्ली भेजा है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी एवं दुर्गा शंकर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों को वापस झारखंड में उनके गृह जिले में पुनर्वासित करने की कार्यवाही की जा रही है।

न्यूज गैलरी

श्रृंगार गौरी नियमित पूजा के अधिकार मामले में 29 नवम्बर को सुनवाई

- आरएनएम

वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर के श्रृंगार गौरी में नियमित पूजा के अधिकार मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी थी, जो टल गयी। न्यायालय ने अगली तारीख 29 नवम्बर की दी है। मालूम हो कि वाराणसी के जिला जज न्यायालय ने मामले पर अपना फैसला 12 सितम्बर को दिया था। जिसके खिलाफ इंतजामिया कमेटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की। न्यायालय ने 12 सितम्बर को मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी थी और श्रृंगार गौरी मामले में राखी सिंह के केस को चलते रहने की मंजूरी दी थी।

एलईडी की तेज लाइट से मधुमेह रोगी होने का खतरा

- आरपी सिंह

नयी दिल्ली। चीन के शंघाई जियाओतोंग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने मधुमेह के बढ़ते जोखिम और रात में तेज रोशनी के बीच एक संबंध पाया है। उन्होंने पाया कि रात में एलईडी की तेज रोशनी के तीव्र संपर्क मेलाटोनिन और कॉर्टिकॉस्टरॉन जैसे हार्मोन के प्रोफाइल को बदल सकते हैं और हमारे सर्कैडियन लय में हस्तक्षेप कर सकते हैं। जो सभी सीधे शरीर में चीनी उत्पादन से संबंधित हैं। रात में चमकदार रोशनी के कारण शारीरिक परिवर्तन ग्लूकोज चयापचय को परेशान करते हैं। शोधकर्ताओं ने आगे पाया कि रात में तेज रोशनी एक्सपोजर समूह में लोगों को सबसे कम एक्सपोजर समूह की तुलना में मधुमेह का 28 प्रतिशत अधिक जोखिम था। उन्होंने यह भी पाया कि उच्च जोखिमवाले समूहों में लोगों का बीएमआई आमतौर पर अधिक था और कम जोखिमवाले समूहों में शारीरिक गतिविधि के उच्चस्तर की सूचना दी गयी थी। यह अध्ययन हाल ही में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज के जर्नल डायबेटोलोजिया में प्रकाशित हुआ था।

हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे समेत अन्य को अंतरिम राहत बरकरार रखने का दिया आदेश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में बुधवार को देवघर एयरपोर्ट में नाइट टेक ऑफ या लैंडिंग की सुविधा नहीं होने के बावजूद शाम में चार्टर्ड प्लेन उड़ा कर दिल्ली जाने से संबंधित मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत पूर्व में सांसद निशिकांत दुबे एवं अन्य को दी गयी अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए जारी रहने का आदेश दिया है। देवघर एयरपोर्ट एटीसी विवाद मामले में राज्य सरकार के अधिवक्ता की ओर से समय की मांग की गयी, जिस पर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई छह मार्च 2023 निर्धारित की है। कोर्ट ने इस मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे एवं उनके पुत्र, मनोज तिवारी और एयरपोर्ट डायरेक्टर को दी गयी अंतरिम राहत के तहत उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले में देवघर डीसी, कुंडा थाना प्रभारी, डीएसपी सिक्योरिटी इंचार्ज देवघर एयरपोर्ट को नोटिस जारी किया था।

भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार सख्त

वित्तीय अनियमितता करनेवाले अभियंताओं के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरकारी पद का दुरूपयोग, आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करनेवालों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम एवं दीप नारायण साहा, तत्कालीन सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, हाटगम्हरिया के विरुद्ध धारा-420/409/467/468/471/120-बी के तहत अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। उपरोक्त के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिलान्तर्गत हाटगम्हरिया थाना कांड संख्या-28/2016 दिनांक- 19 सितम्बर 16 भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 420/409 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वर्तमान में कांड का अनुसंधान जारी है एवं अनुसंधान के क्रम में भारतीय दंड विधान की अन्य धाराओं को जोड़ा गया है।

क्या है आरोप

अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत परमसाई गांव में योजना राशि प्राप्त करने के बाद योजना कार्य को अधूरा रखने, खराब गुणवत्ता, एकरारनामा के अनुसार सामानों को नहीं लगाने तथा योजना के अन्तर्गत निर्गत राशि का निकासी कर गबन किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

मुख्यमंत्री दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में होंगे शामिल

मंत्रमुग्ध करेगा झारखंड का पारम्परिक नृत्य, गीत व संस्कृति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में गुरुवार 24 नवम्बर को झारखंड राज्य दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के पारम्परिक नृत्य, गीत और संस्कृति से लोग रूबरू होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। यह समारोह सांय पांच बजे नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित एम्फी थिएटर में आयोजित होगा।

स्वरोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों की झांकी : ट्रेड फेयर में ना सिर्फ झारखंड के रेशमी परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार सृजन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जैविक उत्पाद व जैविक खेती कर रहा आकर्षित

झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार ने स्टॉल के माध्यम से जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी की है। मेला में आनेवालों को जैविक कृषि से सम्बंधित बुकलेट, फिल्म आदि के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार के डॉ. एम. शिवा ने कहा कि वर्तमान में करीब 97 हजार कृषक ओफाज से जुड़े हैं और एक लाख हेक्टेयर भूमि से अधिक जैविक खेती के अंतर्गत है। आनेवाले दिनों में 20 लाख हेक्टेयर भूमि में जैविक खेती किया जाना प्रस्तावित है। इसके द्वारा लोगों को विषमुक्त और सुरक्षित खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है। इन्ही उद्देश्य के साथ झारखंड राज्य में जैविक खेती का कार्य किया जा रहा है। मालूम हो कि 27 नवम्बर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2022 में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल है। मेले में झारखंड के स्थानीय बुनकरों, ट्राइबल शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शित पारम्परिक आदिवासी जैकेट, शर्ट्स, टॉवल, गमछा, टोपी आदि दर्शकों के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

अनुसंधान पदाधिकारियों के लिए आदेश

41ए के नोटिस के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

डीजीपी नीरज सिन्हा ने आरोपियों, गवाहों या साक्षियों को नोटिस भेजने को लेकर जारी किया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य पुलिस में अनुसंधान को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपियों, गवाहों, साक्षियों या संदिग्धों को बुलाने के लिए धारा 41ए, 91, 160 और 175 के तहत नोटिस भेजा जाता है। डीजीपी नीरज सिन्हा ने इस संबंध में नया पुलिस आदेश जारी किया है। इस पुलिस आदेश के मुताबिक, यदि धारा 41ए के तहत नोटिस भेजे जाने के बाद व्यक्ति की गिरफ्तारी आवश्यक नहीं होगी। पुलिस आदेश में जिक्र है कि कोई आरोपी अगर 41ए के नोटिस पर उपस्थित होता है, ऐसे में उसे तब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता जब तक पुलिस के जांच पदाधिकारी इसके लिए स्पष्ट कारण न दें। 41ए के तहत नोटिस मिलने के बाद भी आरोपी उपस्थित नहीं होता है तो उस मामले में सक्षम न्यायालय में सूचना देकर वारंट लेने का निर्देश दिया गया है।

धारा 91 के तहत कैसे कार्रवाई करेगी पुलिस : किसी केस में अनुसंधान पदाधिकारी दस्तावेज या केस से जुड़ी चीज प्राप्त करने के लिए नोटिस भेजती है। अगर कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन दस्तावेज या अन्य चीज स्वयं उपस्थित होने के बजाय पेश ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति संबंधी सभी दस्तावेज तलब किया

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति से संबंधित सभी दस्तावेज पेश करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि हम देखेंगे कि नियुक्ति में कहीं कुछ गलत तो नहीं हुआ। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में सुधार के लिए दायर याचिका पर चल रही सुनवाई के दौरान कही। इसके पहले 22 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि 2007 से अब तक मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल बहुत कम समय के लिए रह गया है। जबकि कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह वर्ष का होता था। अब ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया जा रहा है जो छह वर्ष का कार्यकाल पूरा किये बिना सेवानिवृत्त हो जाये। जिसके कारण आयोग की स्वायत्तता बाधित होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयुक्तों के चयन मंडल में देश के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए। इससे पारदर्शिता का संदेश जायेगा। जिस पर सरकार के सबसे बड़े वकील यानि अटार्नी जनरल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सुप्रीम कोर्ट ने गोयल को नियुक्त किये जाने संबंधी सभी दस्तावेज क्यों किया है तलब?

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सेवानिवृत्त नौकरशाह अरुण गोयल को शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। पंजाब कैडर के पूर्व अधिकारी गोयल को नौकरी से 18-11-2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एक दिन बाद राष्ट्रपति ने शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। पोल पैनल ने कहा कि गोयल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। जिसके बाद 1985 बैच के पंजाब कैडर के अधिकारी अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के साथ चुनाव पैनल में शामिल हो गये। सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने सवाल उठाया कि अरुण गोयल की जिस तरह से चुनाव ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अवैध खनन केस में तत्कालीन कमीशनर एसडीओ समेत 42 को ईडी ने बनाया गवाह

एक हजार करोड़ की मनी लाउंड्रिंग का है मामला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन व परिवहन से की गयी कमायी की मनी लाउंड्रिंग में ईडी ने आईएएस अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, वन सेवा से जुड़े अधिकारियों, बैंक के अफसरों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर कारोबारियों को अपना गवाह बनाया है। पूर्व में अवैध खनन के खिलाफ शिकायत कर चुके लोगों को भी ईडी ने अपना गवाह बनाया है। ईडी की तरह से इस मामले की जांच में जुटे असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा, रांची में पूर्व में पोस्टेड रहे डिप्टी डायरेक्टर सुबोध कुमार, ऋषिकेश पांडेय, अनुपम कुमार, अवध बिहारी राय को भी गवाहों की सूची में रखा गया है।

किन-किन महत्वपूर्ण लोगों को ईडी ने बनाया गवाह : ईडी ने इस मामले में बरहरवा थाने में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, मंत्री आलमगीर आलम समेत 11 लोगों पर दर्ज केस के अनुसंधानक सरफुद्दीन खान को गवाह बनाया गया है। शंभूनंदन भगत के द्वारा बरहरवा थाने में टॉल टेंडर को लेकर विवाद से जुड़ा केस दर्ज किया गया था। इस केस को ही ईडी ने टेकओवर किया था। इस मामले में उन्हें गवाह बनाया गया है। वहीं, मुंगेर के रोहित कुमार, मुकेश यादव, शिव कुमार प्रसाद, रमेश पासवान, पूर्व में डीएमओ विभूति कुमार व पंकज मिश्रा पर केस कराने वाले विनोद हांसदा, पत्थर कारोबारी विनोद कुमार जायसवाल को भी गवाह बनाया गया है। विनोद कुमार ने ईडी को बताया था कि पंकज मिश्रा ने जबरन उनके स्टोन क्रशन प्लांट को हड़प लिया था। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ बयान देनेवाले झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल, संताल परगना के पूर्व कमीशनर व रिटायर्ड आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन प्रसाद कश्यप, प्रेम प्रकाश के स्टाफ अनिल झा, रेलवे अधिकारी कर्नलीयुस मरांडी, डीसीएम मालदा रेल डिविजन पवन कुमार, एक्सिस बैंक हिनू के ब्रांच ऑपरेशनल हेड नवीन कुमार, बंधन बैंक के ब्रांच मैनेजर मनोरंजन, बैंक ऑफ बड़ौदा बिरसा चौक शाखा की चीफ मैनेजर चंद्रकांति कुमारी, बीओआई डोरंडा के चीफ मैनेजर लाल त्रिलोचन नाथ शाहदेव, केनरा बैंक हिनू की मैनेजर रोहिणी टोप्पो, एचडीएफसी बैंक के सूर्यांशू वर्मा समेत कई बैंक अफसरों को ईडी ने गवाह बनाया है।

साहिबगंज के कई सरकारी पदाधिकारी भी बने गवाह : ईडी ने इस मामले में साहिबगंज सदर के सीओ अब्दुस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

मुकेश व रवि बने जपला मुख्य डाकघर के पोस्टमैन

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद जपला मुख्य डाकघर के अन्तर्गत संचालित जोगा शाखा डाकघर में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक मुकेश कुमार एवं बराही शाखा डाकघर में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक रवि कुमार ने 4 सितम्बर 22 को आयोजित विभागीय परीक्षा देकर 22 नवम्बर को घोषित परीक्षा परिणाम में उतीर्ण होकर पोस्टमैंन बने। इस सफलता पर डाक कर्मियों एवं पदाधिकारियों में खुशी व्याप्त है। इस सफलता पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता , अरविन्द कुमार ओझा, विनोद चौधरी, सन्तु मिंज, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, शिवकुमार विश्वकर्मा, मनीष कुमार, अरुण सिंह, राजदेव राम, संजय कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार,संतोष ठाकुर, सौरभ अग्रवाल, कैलाश मेहता, रविकांत सिंह सहित सभी डाक कर्मियों एवं शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर डाक निरीक्षक ने कहा कि आपकी नई-नई नौकरी है। इसी तरह विभागीय परीक्षा में शामिल होकर उच्च पदों को प्राप्त कर सकते हैं।

विद्युत की चपेट में आने से भैंस की मौत

विश्रामपुर। थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या उन्नीस के कोशियार गांव में बुधवार को विद्युत तार के चपेट में आने से एक भैंस की बच्चे की मौत हो गई । घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक घर के समीप बंधे भैंस व उसके बच्चे के ऊपर बिजली का नंगा तार टूट कर गिर गया। जिससे भैंस घायल हो गई। किंतु उसके बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई । जिससे ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना का कारण बिजली विभाग की लचर व्यवस्था है, जो बिल तो टाइम पर लेते है। पर पुराने व काफी नीचे लटके विद्युत तार को दुरुस्त करना मुनासिब नहीं समझते। वही गलिमत रही की इस तार के संपर्क में कोई व्यक्ति नहीं आया। वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।

बीडीओ ने कंबल का वितरण किया

संवादाता नावा। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने बुधवार को अपने प्रखंड कार्यालय पहुंची । प्रखंड पहुंचकर उन्होंने बाना निवासी हसबुन बीवी असहाय महिला को ठंड से बचने के लिए कबंल प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में असहाय ,जरूरतमंद, गरीब व राहगीर को ठंड से निजात के लिए हर संभव मेरे द्वारा कंबल देकर सहयोग किया जायेगा। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

चंदन कुमार सिंह बनें पांकी बीडीओ

पांकी। बीडीओ चंदन कुमार सिंह ने बुधवार को अंचलाधिकारी सह बीडीओ निर्भय कुमार से पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार सिंह ने कहा कि पांकी प्रखंड कार्यालय मे हर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलें यह मेरा प्रयास होगा। पांकी के अंचलाधिकारी निर्भय कुमार के पास पांकी बीडीओ व आपूर्ति पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार था।

सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें वर्ना होगी कार्रवाई : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने हुसैनाबाद की मुख्य सड़क पर वाहन चालकों द्वारा सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जेपी चौक, रेलवे क्रॉसिंग, जपला-हैदरनगर रोड समेत अन्य जगहों पर जाकर सड़क पर लगी गाड़ियों एवं दुकानों को देखकर काफी भड़क गये और यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं करने की हिदायत दी। उन्होंने स्वयं गाड़ी चालकों एवं दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा कि अतिशीघ्र सड़क को अतिक्रमण मुक्त करें। मालूम हो कि हुसैनाबाद प्रशासन शहर में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सजग है। वहीं प्रशासन के बार-बार समझाने के बावजूद ऑटो चालकों एवं फल विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर ही अतिक्रमण कर आवागमन में बाधा पहुंचाने का कार्य किया जाता रहा है। इसी के मद्देनजर स्थानीय व्यवसायियों एवं आम लोगों की शिकायत पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण सड़क पर उतरकर अतिक्रमणकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

चना बीज वितरण को लेकर मुखिया व कृषक मित्र की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। प्रखंड कार्यालय सभागार में चना बीज वितरण को लेकर मुखिया व कृषक मित्र की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा के अध्यक्षता में बुधवार को की गई। चना बीज वितरण पर विस्तार पूर्वक कृषक मित्रों को निर्देश दिया गया कि बीज वितरण में पंचायत के मुखिया का अनुशंसा तथा स्लीप काटकर एटीएम पदाधिकारी नावा बाजार के पास सौंपा जायेगा । जहां पंचायत वार अलग-अलग समय निर्धारित कर बीज प्रखंड कार्यालय नावा बाजार से वितरण किया जायेगा। मौके पर जनसेवक नीरज कुमार ,मुखिया सब्या सिंह ,सुमन देवी ,कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष मंदिश राम ,प्रदीप प्रजापति, कन्हाई चौधरी ,केडी चंद्रवंशी, संतोष प्रजापति, विपिन यादव, महेंद्र यादव, समरेद्र मेहता ,अवधेश मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में बच्चीं की मौत

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बुधवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना हो गयी। जिसमें 12 वर्षीय सपना कुमारी की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य लोग घायल हो गए। तीनों बाईक सवार को भी हल्की चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना सतबरवा हाई स्कूल रोड निवासी सुभाष कुमार गुप्ता की 12 वर्षीय बच्चीं सपना कुमारी की है। वह अपने घर के पास बैठी थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। तत्काल उसे तुंबागडा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया। जहां से डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे रांची ले जाने की सलाह दी । रांची ले जाने के क्रम में ही उस बच्ची की मौत हो गई। वहीं दुसरी घटना क्रांति चौक सतबरवा की है। जहां ग्रामीण चिकित्सक होटल से दुध लेकर एन एच 39 रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें क्रांति चौक के पास धक्का मार दिया,जिससे वे घायल हो गये । घायल को तत्काल तुंबागडा नव जीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बेहतर ईलाज के लिए उन्हें मेदिनीनगर भेजा गया तीसरी घटना पुराना बस पड़ाव सतबरवा की है। वहीं बस पड़ाव निवासी प्रमोद प्रसाद बाजार से सब्जी ले कर घर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से मोटरसाइकिल ने उन्हें धक्का मार दिया । जिससे वे घायल हो गए । तत्काल उन्हें ईलाज के तुम्बागड़ा हास्पिटल मे ले जाया गया।

थाना प्रभारी ने किया कपड़ा दुकान का उद्घाटन

नावा बाजार। प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइन होटल के समीप फैशन बाजार कपड़ा प्रतिष्ठान का उद्घाटन नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बुधवार को फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि फैशन बाजार कपड़ा प्रतिष्ठान खुलने से इस थाना क्षेत्र के लोगों को गर्म कपड़ा, रेडीमेड, फैशन टी शर्ट, सिल्क साड़ी खरीदारी के लिए जिला मुख्यालय की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। प्रतिष्ठान खुलने से प्रखंड मुख्यालय में आवागमन प्रतिदिन बढ़ेगा। मौके पर प्रोपराइटर विवेक पांडे, नंदकिशोर दास, मुकेश कुमार, परमहंस अग्रवाल, मीर खुर्शीद आलम ,सहित सैकड़ों लोग उद्घाटन में उपस्थित थे।

चोरी की मोटरसाइकिल बारुण से बरामद, तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर चौक बाजार स्थित दुर्गा भवन के बगल के गली में दो दिनों पूर्व खड़ी बाइक चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त सुराग के आधार पर दूसरे दिन ही बाइक को औरंगाबाद बिहार के बारुण से पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस सबंध में गत सोमवार को ही भुक्तभोगी हैदरनगर थाना के हेमजा गांव निवासी अशरफी राम ने अज्ञात अपराधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि 21 नवंबर को दोपहर दुर्गा भवन व महावीर मंदिर हैदरनगर के पीछे गली से अशरफी राम की हीरो स्पलेंडर प्रो बाइक नंबर जेएच 03 एल 4476 चोरी गयी थी। इसके बाद तत्काल उच्चाधिकारियों के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें उनके अलावे एएसआई संजीव कुमार, हवलदार गौतम कुमार सिंह व रघुनाथ राम, आरक्षी रंजीत कुमार, लखन सोरेन, संजय कुमार, कामेश्वर यादव, भरत लोहरा, राकेश राय व संजय लाल, चालक प्रदीप कुमार गंझू व श्याम नारायण पासवान को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि लगातार दो दिनों तक चली छापामारी अभियान में धीरज कुमार बारुण के गणेश पिपरा मुहल्ला, हुसैनाबाद थाना के देवरी रोड बगीचा निवासी प्रकाश कुमार व मनीष कुमार महावीर मंदिर रोड जपला से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। उन्होने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त प्रकाश कुमार के निशानदेही पर गणेश पिपरा मुहल्ला बारुण से उक्त बाइक को भी बरामद कर लिया गया। तीनों अभियुक्तों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।

राजद की बैठक में संगठन को मजबूत व सशक्त बनाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। बैठक राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदर बीघा स्थित आवासीय परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन पार्टी के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने की। बैठक में पार्टी को मजबूत व सशक्त बनाने के लिए नये सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया गया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए गांव गांव में जाकर पार्टी की नीति व सिद्धांतों से अवगत कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शुरू से ही राजद का गढ़ रहा है। इसे और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। आने वाले समय में राजद पूरे पलामू प्रमंडल के साथ साथ प्रदेश में भी सशक्त बनेगा। मौके पर जिला युवा अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कामख्या नारायण सिंह, युवा नेता रवि कुमार यादव, मुखिया श्रवण राम, राम लखन यादव, रिजवान खान, रामजनम सिंह, यमुना यादव, अशोक यादव, सचिन शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, विनय सिंह यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष से मिले ग्रामीण

पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद के दो वार्ड में अभी से ही पेयजल की किल्लत हो गई है। नप के वार्ड 10 के पहाड़ टोला और वार्ड 18 के भुइयां टोला पर लोग पेयजल की समस्या झेल रहे हैं। उक्त दोनों वार्ड के लोग बुधवार को बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ॠतुराज मिश्रा से मिलकर पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने श्री मिश्रा को बताया कि पानी के लिए एक किमी दूर तक जाना पड़ता है। श्री मिश्रा ने तत्काल इसकी जानकारी नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज को दूरभाष पर दी। मो. प्रवेज ने ॠतुराज मिश्रा को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का स्थाई समाधान निकाला जायेगा। तब तक उक्त दोनों वार्डो में टैंकर से पेयजलापूर्ति की जायेगी। मौके पर प्रतिमा देवी, फूला कुँवर, सबिता देवि, सत्यम कुमार, धर्मेंद कुमार, निशा देवि, अंजलि देबि, मनीष कुमार, सुदेश राम, रिया देवी, उषा देवी, ररामदास राम, सुकन भुइया सहित कई लोग मौजूद थे।

अध्यक्ष पद प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर जाना लोगों का हाल

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 13 के कबलाशी, लकडाही, लुरी-खुरी सहित कई अन्य टोलो में बुधवार को अध्यक्ष प्रत्याशी गीता देवी अपने पति संजय कुमार बैठा व अन्य सहयोगियों के साथ भ्रमण कर लोगो का हाल चाल जाना। साथ ही आगामी होने वाले चुनाव में लोगों से आशीर्वाद के रूप में वोट भी मांगा। समाजसेवी संजय बैठा ने कहा कि मुझे अपने द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों पर पूरा विश्वास है। मैने जो इस क्षेत्र के लोगों लिए किया है। उसका आशीर्वाद इस नगर परिषद चुनाव में मेरी धर्म पत्नी को जरूर मिलेगी। वहीं लोगों ने भी एक सुर में गीता देवी को सहयोग करने का भरोसा देते हुए नारेबाजी कर उनका हौसला अफजाई किया। उक्त मौके पर अनीता देवी, कबिता देवी, लिलवती देवी, फुल कुमारी देवी, खैरुन बिबि, रुबैदा बिबि, आमीत कुमार, छोटे लाल ,अजीत कुमार चन्दन कुमार, कमता मुखिया, राजू कुमार, रवि कुमार, नंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कर्नल स्पोर्ट्स फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन

सड़ेया ने मोहम्मदगंज टीम को 2-1 से हराया

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल कपूरी मैदान में कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का उद्घाटन मैच सड़ेया बनाम मोहम्मदगंज टीम के बीच खेला गया। जिसमें सड़ेया ने मोहम्मदगंज को दो एक से हराकर मैच जीत लिया। फुटबॉल टीमों के द्वारा सीटी में मार्च पास्ट कराया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 32 टीमों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल और राष्ट्रीय झंडा लेकर सभी नगर वासियों को खेल के प्रति जागरूक करने हेतु अनुमंडल मैदान से निकल कर पूरा शहर का भ्रमण किया तथा लोगों को 'खेलेगा तभी जीतेगा पलामू' अभियान के द्वारा जागरूक किया। मुख्य अतिथि एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को कीक मारकर किया। अपने संबोधन में एसडीओ ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने पिछले तीन सालों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। स्पोर्ट क्लब के बच्चों ने जिले के कई प्रतियोगिताओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जरूरी नहीं कि प्रतिभा बड़े घरों से ढूंढी जाय,वह गरीब बस्ती से भी निकाल कर निखारी जा सकती है। संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ियों को फुटबॉल के क्षेत्र में नये मुकाम पर पहुंचाना है। उद्घाटन मैच में पहला गोल मैच प्रारंभ होने के दस मिनट बाद ही मोहम्मदगंज ने एक गोल मार कर बढ़त ले ली थी। लेकिन सड़ेया ने बेहतर खेलकर मैच को 2-1 से जीत दर्ज किया। मौके पर अध्यक्ष मानिकचंद सिंह, अजय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, डबल सिंह, सुदेश सिंह, जयकुश सिंह, मनोज शर्मा, निहाल मिर्जा, सैयद इकबाल, तक्की रिजवी, सुभाष कुमार, अमित सिंह, जमालुद्दीन शाह, राहुल, गोविंद सहित कई दर्शक मौजूद थे। प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मैच हैदरनगर बनाम रपूरा और दूसरा मैच खरगड़ा बनाम पतरिया के बीच खेला जायेगा।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, चतरा

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

1. कारा का नाम– **मंडल कारा, चतरा।**
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू हरी सब्जी, फल एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण।, (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक– 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) ।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में संबंधित काराधीक्षक के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   (i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) 50.00 लाख से ऊपर तक की सामाग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि 09.12.2022 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 19.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. Online निविदा जमा करने की तिथि 09.12.2022 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 19.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 20.12.2022 एवं 21.12.2022 को अपराह्न 05:00 बजे तक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि / समय / स्थान– 22.12.2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website jharkhandtenders.gov.in पर e-Tender द्वारा ही प्राप्त / स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा,चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा, चतरा

PR 283097 Home(22-23)D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08/2022-23

कार्य की विस्तृत विवरणी : 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चयनित योजना HLMC से स्वीकृत।

क्र0	वार्ड	कार्य का नाम	मद	प्रा0 राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्णता अवधि
1	8	CONSTRUCTION OF R.C.C DRAIN & DRAIN SLAB FROM AHIPURWA MORE TO NEAR STATE BANK NALA	15वें वित्त आयोग	23,16,400.00	5000.00	46400.00	4 माह

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.11.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 10.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 12.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.12.2022 पूर्वा0 03:00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.–7004019730
9. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक / अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in,www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 283111 Urban Development(22-23)#D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/16/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 15.12.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 16.12.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 16.12.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Estimate for Judge Colony Park, Medininager, Palamu	3742700.00	75000.00	5000.00	02 Months
2.	Renovation of Plumbing Sanitation and Other Miscellaneous Work in Campus of D.C Residence Palamu.	3498600.00	70000.00	5000.00	02 Months
3.	Repair and Renovation of C.J.M and A.C.J.M Court Room In Civil Court, Palamu at Daltonganj.	1529000.00	31000.00	5000.00	02 Months
4.	Repair and Putty, Painting of Boundary Wall of D.C Palamu Residence at Daltonganj.	2472500.00	50000.00	5000.00	02 Months
5.	Repair of S.P Residence, Beautification of Gazebo and Mandir Area, Paver and Chequred Tiles Laying in Pathway, Construction of Bathroom and Septic Tank in Residence Campus Daltonganj, Palamu.	4350600.00	88000.00	5000.00	02 Months
6.	Renovation of D.C Residence Palamu.	4442500.00	88900.00	5000.00	02 Months
7.	Installation of Aluminum Slider Work in Window Inner Court Building at Daltonganj, Palamu.	2484200.00	50000.00	5000.00	02 Months
8.	Installation of Steel Railing Work in Ground Floor Veranda and Flag Hoisting Area of Civil Court Building at Daltonganj, Palamu.	2285400.00	46000.00	5000.00	02 Months
9.	E/R of C Type Quarter No.- C-9 (Allotted to Account Officer, B.C.D Daltonganj) at Sadik Chowk , Daltonganj, Palamu.	648000.00	13000.00	1250.00	01 Months
10.	Repair Of Residence Building, Car Shed Construction and Paver Block Pathway in Residence Campus Of Dy. S.P, Anti Corruption Bureau, Palamu Division, Medininagar.	1802500.00	36500.00	5000.00	02 Months
11.	Renovation of D.D.C Residence (Outer Portion), Boundary Wall Repair and Boundary Wall Construction at Daltonganj, Palamu.	2466800.00	49500.00	5000.00	02 Months
12.	Record Room Partition, Fixing Tiles in Server Room & Administration Office in Civil Court Building, Palamu at Daltonganj.	1291900.00	260000.00	2500.00	01 Months
13.	Construction of Panchkaram Training Cum Service Center Daltonganj, Palamu.	4948800.00	50000.00	5000.00	03 Months
14.	Renovation of C Type Building Outer Portion (A.C Colony) at Sadik Chowk, Daltonganj, Palamu.	1370300.00	27500.00	2500.00	01 Months
15.	Construction of the Dining, Kitchen Shed, Internal Boundary Wall, Paver Block and P.C.C Work in the S.D.P.O Residence Hussainabad, Palamu.	1504800.00	30500.00	5000.00	02 Months
16.	E/R of View Blocker Sheeting in Civil Court Boundary Campus, Palamu at Daltonganj.	633700.00	13000.00	1250.00	01 Months

नोट:–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

PR 283164 Building(22-23).D

न्यूज गैलरी

नाली निर्माण में हो रहा घटिया सामग्री का इस्तेमाल

मेदिनीनगर। शहर के रांची रोड स्थित नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के समदा बांध में नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा घटिया नाली का निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 16 के स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में नाली का निर्माण होने से सड़क पर चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे रास्ते में आने जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा जिस नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें बालू के जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। वही ईटा सीमेंट भी दो नंबर का लगाया जा रहा है । यहां बने हुए नाली पर ही नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा शहर में सड़क, नाले, नाली, पार्क आदि निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए नगर निगम में दर्जनों सुपरवाइजर को रखा गया है। नगर निगम से इनकी नियुक्ति निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और घटिया सामग्री लगाए जाने पर उच्च अधिकारियों को जानकारी देने की है। लेकिन नगर निगम में एक दो सुपरवाइजर को छोड़ दें तो बाकी कोई सुपरवाइजर क्षेत्र में निर्माण कार्यों की निगरानी करने नहीं पहुंचता है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब सुपरवाइजर सरकारी जिम्मेदारी भूलकर स्वयं घर पर बैठा हो तो अच्छी निर्माण सामग्री की उम्मीद कितनी हो सकती है । वही स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समय रहते निगम द्वारा शहर में हो रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूर्वक जांच नही कराया गया, तो आने वाला समय में फिर से नगर निगम नरक निगम बन जायेगा।

एसपी के आदेश पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा अवैध खनन और बालू कारोबार के खिलाफ सख्त हैं। उनके आदेश पर समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर थाना क्षेत्र के टीओपी तीन प्रभारी मंतुस्ट कुमार महतो ने हमीदगंज बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास से एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर शहर थाना भेज दिया है। जानकारी के अनुसार टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान बीएन कॉलेज के पास एक ट्रैक्टर को रूकवाकर जांच की। जांच के क्रम में किसी तरह के कागजात नहीं मिले। इस पर उन्होंने ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई के लिए शहर थाना भेज दिया। मौके पर उपस्थित मंतुस्ट महतो ने बताया कि कई दिनों से इलाके में अवैध बालू तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस सूचना के बाद एक टीम गठित कर छापेमारी की गयी। जिसमें एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया । उन्होंने बताया कि छापामारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अवैध बालू कारोबार को लेकर सजग है। पकड़े गए ट्रैक्टर मालिक का नाम सीताराम सिंह है। बताते चलें कि सीताराम सिंह के द्वारा पहले भी कोयल नदी से अवैध तरीके से बालू धुलाई करने के मामले में कई बार उनका ट्रैक्टर पुलिस ने जब किया है।

तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन आज, तैयारी पूरी

सांसद व अन्य गणमान्य अतिथि करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, रांची क्षेत्र के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर एवं पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय ने संयुक्त प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 24 से 26 नवम्बर तक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनों में देश और राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना, भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखना, सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान करना एवं संवैधानिक मूल्यों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना है। चित्र प्रदर्शनी के दौरान संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय के पुत्र बृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को सम्मानित किया जायेगा। समाजसेवी मोहन बाबू, स्व. सहाय के तीसरे पुत्र हैं जो वर्तमान में जेलहाता, डालटनगंज में रहते हैं। संविधान पर इनके पिता के हस्ताक्षर

मौजूद हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, सदर विधायक आलोक चौरसिया, मेयर अरुणा शंकर, उप महापौर राकेश कुमार सिंह, पलामू प्रमंडल के आयुक्त जटा शंकर चौधरी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैथोला, पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामलखन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में प्रातः 11 बजे किया जायेगा।

पलामू के स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर की जीवनी : पलामू प्रमंडल के दो वीर सहोदर भाई और स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर सिंह और पीतांबर सिंह की वीरता की कहानी भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण होगी। गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के चेमो सनेया गांव से आनेवाले इन दोनों भाइयों ने सन 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों को न सिर्फ खुली चुनौती दी थी, बल्कि अनेकों बार उनके दांत खट्टे किये थे।

स्वच्छ भारत अभियान व सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन : प्रदर्शनी के दौरान टाउन हॉल परिसर एवं कोयल नदी के आसपास के परिसर में स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जायेगा। जिससे आम जनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैले एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग लोग न करें। आजादी क्वेस्ट गेम को आजादी के अमृत महोत्सव के एक हिस्से के रूप में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानी को लोगों के सामने लाने के लिए प्रेजेंट किया गया है। इस ऑनलाइन लर्निंग मोबाइल गेम सीरीज को जिंगा इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। इस स्वतंत्रता संग्राम में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और गुमनाम नायकों के योगदान को प्रेजेंट करने के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों की एक सीरीज का एक हिस्सा है। वहीं, स्वराज क्विज जो डीडी नेशनल पर प्रसारित धारावाहिक के रूप में प्रसारित किया जा रहा है इस पर विशेष प्रदर्शनी होगी।

प्रतियोगिता के विजेता होंगे पुरस्कृत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन : चित्र प्रदर्शनी के पूर्व युवाओं और छात्रों को आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस का महत्व समझाने के लिए क्विज, रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगाताओं का आयोजन गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं बीच किया जा रहा है। प्रदर्शनी स्थल पर भी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ गीत एवं नाटक प्रभाग की टीम के द्वारा तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

संविधान सभा सदस्य के वंशज होंगे सम्मानित

प्रदर्शनी के दौरान गांधी स्मृति टॉउन हॉल के मुख्य गेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाकर सेल्फी विथ पीएम लेने का मौका आम लोगों को मिलेगा। इसके साथ-साथ आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश लिखित सेल्फी बूथ में भी युवा और छात्रा सेल्फी ले सकेंगे। इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में भारत के संविधान निर्माण समिति में पलामू जिले से सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू एवं अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू के चित्रों के साथ-साथ उनका जीवन परिचय, स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान, गांधी जी के साथ आजादी के संग्राम की उनकी दुलर्भ तस्वीरें, संविधान पर किये गये हस्ताक्षर पर विशेष पैनल्स तैयार किये गये हैं।

जिला उपभोक्ता फोरम ने सूद समेत बीमा राशि भुगतान करने का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला उपभोक्ता फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी को सूद समेत बीमा राशि को भुगतान करने का आदेश दिया है। फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन और सदस्य आशा दुबे ने बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी को महेंद्र परहिया की बीमा राशि एक माह के अंदर उनकी पत्नी रीता देवी को भुगतान करने का यह आदेश दिया है । मनातू थाने के जगराहा निवासी रीता देवी ने उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर कर शिकायत की थी कि उनके पति महेंद्र परहिया बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से 40साल के लिए बीमा कराया था । उनके पति द्वारा इंश्योरेंस की स्टॉलमेंट राशि भी जमा की गई थी । परिवादिनी ने कहा है कि उनके पति की मृत्यु 29 अप्रैल 2020 को हो गई थी । तत्पश्चात उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी से बीमा राशि की मांग की। किंतु इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा की राशि यह कहते हुए देने से इंकार कर दिया था कि उनका बीमा रद्द कर दिया गया था। फोरम ने सुनवाई के दौरान पाया कि परिवादिनी के पति का बीमा 16 अप्रैल 2024 तक के लिए 40 वर्षों का किया गया था। साथ ही इंश्योरेंस कंपनी के बीमा रद्द किए जाने का कोई ठोस कारण नहीं पाया गया। तत्पश्चात फोरम ने महिंद्र परहिया की पत्नी को बीमा की राशि भुगतान करने का आदेश पारित किया । फोरम ने बीमा कंपनी को मानसिक प्रताड़ना के लिए 10,000 और 5000 परिवाद शुल्क के लिए जुर्माने की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन का प्रावधान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त जिले के नागरिकों व युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर सक्रिय हैं। आपके अधिकार, आपकी योजना, आपके सरकार कार्यक्रम के तहत लगाये गये शिविरों में उपायुक्त जहां-जहां शामिल हुए। उन सभी शिविरों में लोगों से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेने व खुद को स्वरोजगार से जोड़ने की अपील की।

256 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 61 लाख 70 हजार ऋण का वितरण : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में दिव्यांग वर्ग से 6 लाभुकों के खाते में 3 लाख रुपये भेजी गयी है। इस तरह पिछड़ा वर्ग से 64 लाभुकों के खाते में 55 लाख 70 हजार रुपये भेजी गयी है। वहीं अनुसूचित जनजाति के 36 लाभुकों का खाते में 22 लाख रुपये भेजी गयी है। इसके अलावे अल्पसंख्यक समुदाय के 16 लाभुकों के खाते में 8 लाख रुपए की राशि भेजी गयी है। इसी क्रम में अनुसूचित जाति के 134 लाभुकों के खाते में 73 लाख रुपये की राशि भेजी गयी है। यह पहली किस्त की राशि है जिला से दूसरे किस्त की राशि की भी मांग की गयी है।

युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की : उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-युवतिया जिनकी उम्र 18-50 के बीच हो उनके लिए सरकार बिना गारंटर के 1 लाख तक रुपये का लोन दे रही है। जिससे वो खुद के लिये रोजगार का सृजन कर सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-युवतियां जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। उन सभी के लिये यह सुनहरा मौका है। उपायुक्त ने कहा कि ऋण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि कल्याण विभाग की ओर से बेरोजगार युवक-युवतियों के बीच 25 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। जिसमें 40 फीसदी सब्सिडी भी दी जाती है।

व्यवसायियों को होल्डिंग टैक्स में मिली राहत

चौधराना बाजार का किराया चार रुपये स्क्वायर फीट

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में व्यापार कर रहे व्यवसायियों को अब होल्डिंग टैक्स से कुछ राहत मिल गई है। जिसमे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का एक प्रयास यहां व्यवसायियों को काफी राहत पहुंचा है। वही मेयर अरुणा शंकर के द्वारा भी व्यवसायियों के हित मे किया गया प्रयास काम आया है। अब भले ही दोनों गुट इसका श्रेय लेने की होड़ में लगी हो ,लेकिन व्यवसायियों के लिए एक सुखद पहल किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व मंत्री कई माह से राज्य सरकार के सचिव और मुख्यमंत्री के पास दौड़ लगा रहे थे। गौरतलब है कि वर्ष 2012 में मेदिनीनगर नगरपालिका ने पुरे शहर के व्यापारियों का होल्डिंग टैक्स एक रुपए प्रति स्कायर फीट से बढ़ाकर छह रुपये किया था। लेकिन नगर निगम गठन होने के बाद इसे 6 से बढ़ाकर 24 रूपया स्कायर प्रति फिट अनायास वृद्धि कर दिया गया था। जिसको लेकर व्यापार मंडल के सदस्यों ने हाईकोर्ट मे पिटिशन दिया था। लेकिन आज दस वर्षों के बाद सरकार के नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे के समक्ष हाईकोर्ट के निदेशानुसार 04 रूपया स्क्वायर फिट दर तय किया गया। इसमें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का बहुत बड़ा योगदान है। मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को एक सरकारी पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। वही इस पहल से गदगद हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि खासमहल के लिए भी सरकार के रेवेन्यु सचिव, मुख्यमंत्री व अधिकारियों से वार्ता हुई हैं। जल्द ही इसका भी निवारण सरकार द्वारा कर दी जायेगी। वहीं दूसरी ओर मेयर के द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स के किशोर मंत्री के पलामू आगमन पर यहां के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलकर चौधराना बाजार ,फ्री होल्ड सहित अन्य मुद्दे पर प्रस्ताव रखने के बाद विभाग के द्वारा व्यापारियों के हित में किया गया काम का श्रेय देने के लिए कई व्यापारियों के द्वारा मेयर का भी आभार जताया गया।

आईटीआई में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन

मेदिनीनगर। प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अर्न्तगत, राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा स्थानीय राजकीय औधिगिक प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक उद्योग विभाग, आरएसइटीआई के 171 के प्रतिनिधि तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची से आये हुए अधिकारियों के साथ प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के भारी जनसमूह भी उपस्थित रहा। उक्त कार्यकम में उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रधान मंत्री स्वरोजगार योजना के संबध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके साथ छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण के अंतर्गत योजना का लाभ लेने और उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

आयुक्त-सह-केन्दूपत्ती सलाहकार समिति की बैठक में संग्रहण मूल्य पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आयुक्त-सह-केन्दूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष जटा शंकर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कार्यालय में केन्दूपत्ती सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत वर्ष, 2023 संग्रहण मौसम के लिए केन्दूपत्ती संग्रहण मूल्य प्रति मानक बोरा का परामर्श देने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2023 संग्रहण मौसम के लिए प्रति मानक बोरा 100 रुपए की बढ़ोत्तरी करते हुए केन्दूपत्ती संग्रहण मूल्य 1650 रुपए प्रति मानक पूरा का परामर्श दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें सरकारी भूमि पर उगने वाले केन्दूपत्ती एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दूपत्ती शामिल हैं। विगत वर्ष, 2022 मौसम के लिए पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत रैयती भूमि एवं वन भूमि के लिए 1550 रुपए प्रति मानक बोरा प्रस्तावित किया गया था। जिसे राज्य सरकार द्वारा 2022 संग्रहण

मौसम के लिए संग्रहण मूल्य 1550 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। साथ ही केन्दूपत्ती की भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए समिति द्वारा परामर्श दिया गया कि केन्दूपत्ती के नए गोदामों के निर्माण बरवाडीह, मनिका, धुरकी एवं भवनाथपुर आदि स्थानों पर केन्दूपत्ती प्राथमिक संग्राहक समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से अथवा वन निगम अपने संसाधन से संयुक्त रूप से करा सकती है। केन्दूपत्ती संग्राहक समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से विकास योजनाओं एवं केन्दूपत्ती पौधों के संवर्धन के कार्यों के साथ-साथ नए गोदाम का निर्माण, दोना- पत्तल निर्माण/ मधुमक्खी पालन से संग्राहक समितियों के आय में वृद्धि हो सकती है। समिति का सुझाव है कि झारखंड राज्य केन्दूपत्ती नीति, 2015 के अनुसार संग्रहण मूल्य का भुगतान केन्दूपत्ती प्राथमिक संग्राहक समिति के माध्यम से ही कराया जाए। केन्दूपत्ती के अवैध रूप से संग्रहण को रोकने के लिए टास्क फोर्स के गठन का सुझाव दिया गया। ताकि अधिकृत लॉटो के केन्दूपत्ती के अवैध निष्कासन को रोका जा सके।

वैध क्रेताओं के हितों की रक्षा हो सके। इसके अलावा केन्दूपत्ती संग्राहकों को असंगठित कर्मकार कल्याण योजना एवं ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित कर भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाओं का लाभ प्रदान कराने पर विचार किया जा सकता है। बैठक में आयुक्त-सह-केन्दूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष जटा शंकर चौधरी के अलावा लघु वन पदार्थ परियोजना हजारीबाग अंचल के महाप्रबंधक-सह-समिति के संयोजक-सह-सचिव आरएन मिश्रा, वन निगम गढ़वा के प्रमंडलीय प्रबंधक शिवकुमार प्रसाद, वन निगम डालटनगंज के प्रमंडलीय प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा सहित केन्दूपत्ती व्यापारी के प्रतिनिधि, बीड़ी निमार्ताओं के प्रतिनिधि, केंदुपति उगाने वाले अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधि, केन्दूपत्ती उगाने वाले अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि, केन्दूपत्ती उगाने वाले पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि एवं केन्दूपत्ती उगाने वाले सामान्य जाति के प्रतिनिधि,केन्दूपत्ती से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता/गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

दो दिवसीय आयुष मेला के सफल संचालन को लेकर हुई बैठक

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखण्ड में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आयुष मेला के सफल संचालन को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बैठक किया। बैठक में आगामी 26 व 27 नवम्बर को दो दिवसीय आयुष मेला ट्रॉमा सेंटर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयुष मेला में बीपी, शुगर, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, सामान्य चिकित्सा, त्वचा जांच,मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य सहित अन्य पुराने बीमारियों का इलाज किया जायेगा। बैठक में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार,डॉ अखिलेश कुमार, डॉ रजिया आजम सिद्दीकी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सीडीपीओ रीना साहू,मुखिया मनोज ठाकुर, सनिधा सोनी, फिरदोस अंसारी,कुमारी रेखा सहित अन्य उपस्थित थे।

केतार में लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

केतार। मनरेगा लोकपाल सुनील तिवारी बुधवार को केतार प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने बलिगढ़ पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित लाभुक सुमित्रा देवी के खेत में आम बागवानी योजना,मंजु देवी के खेत में मेडबंदी योजना,और बृजकिशोर सिंह के खेत में सिंचाई कुप योजना और पाचाडुमर गांव में रामु बैठा का सिंचाई कुप निरीक्षण किया। योजनाओं का निरीक्षण कर लोकपाल संतुष्ट दिखे। इस मौके पर उन्होंने कहा की केतार प्रखंड में बहुत ही बढ़िया तरीका से मनरेगा योजनाओं में कार्य लाभुक द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह बेहतर काम सभी जगह हो तो गढ़वा जिला मनरेगा योजना में अव्वल रहेगा। इस मौके पर जेई अमर भारती, बीपीओ दीपक जयसवाल,रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, मनोज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डोल गांव में मृतक के परिजनों को मुखिया प्रतिनिधि ने किया सहयोग

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल के डोल गांव में मृतक के परिजनों के घर पंचायत के मुखिया पति सह युवा समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुन्नी प्रसाद ने पहुंचकर श्राद्ध कार्यक्रम के 50 किलो चावल 50 किलो आटा 1 टीन रिफाइन तेल तथा 10 किलो आलू इत्यादि सामग्री देकर सहयोग किया है । पूछे जाने पर समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि हमारे डोल गांव में रानू सिंह उम्र 75 वर्ष की मौत पिछले हफ्ते हो गई थी जानकारी के बाद हम मृतक के परिजनों के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए श्राद्ध कर्म के लिए सामग्री देकर सहयोग किया गया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह, फूलचंद विश्वकर्मा ,रतन सिंह, छोटन सिंह, पांचू सिंह,मनदीप सिंह, राजकुमार यादव, फूलमती देवी, पनवा देवी, छटनी देवी, शिवकुमारी कुवर, राजेश सिंह, संजय सिंह, रामकिशुन सिंह, रूपेश साहू, मंटू कुमार, विजय सिंह, छोटू भूईया, अर्जुन कुमार सिंह, देवी शरण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

डीलर पर चार माह का राशन वितरण नहीं करने का आरोप, ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

केतार। प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाडा.गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर पीडीएस डीलर राम प्रवेश राम के द्वारा चार माह का राशन वितरण नहीं करने कि शिकायत की है। ग्रामीणों ने बीडीओ मुकेश मछुआ को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया है की जब लाभुक राशन वितरण के सम्बन्ध में डीलर से पुछते है तो डीलर द्वारा कहा जाता है की उपर से ही राशन कम आ रहा है।लाभुकों के साथ डीलर द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है।जिसकी शिकायत पुर्व में भी किया गया था। उक्त डीलर तीन बार राशन गबन करने के आरोप में निलंबित भी रह चुका है। वावजूद डीलर राम प्रवेश राम द्वारा राशन गबन करने और दबंगई करने से बाज नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ से पीडीएस डीलर राम प्रवेश राम का दुकान का लाइसेंस रद्द करने और चार माह का बकाया राशन वितरण करवाने की गुहार लगाई है। आवेदन देने वालो में लाभुक नंदू राम,मंजू देवी, कलावती देवी,अनिता देवी, लक्ष्मण चौधरी,आनंद मेहता सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।।

13 करोड़ की लागत से बनेगा बिरसा मुंडा स्मारक सह हेलीपैड पार्क, बोले मंत्री

देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा झारखंड

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। शहर के कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के समीप बिरसा मुंडा स्मारक पार्क सह हेलीपैड पार्क,विकास भवन एवं रिसेप्शन भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। 13 करोड़, 15 लाख, 50हजार रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहरी जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। पार्कों में ही शहरवासी शुद्ध हवा में सांस लेते हैं। जीवन की भागदौड़ से दूर सुकून के पल पार्क में ही बिताते हैं। इस तरह के पार्क की गढ़वा में कमी थी। जो आज पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने

कहा कि विपरीत परिस्थितियों में झारखंड सरकार काफी बेहतर कार्य कर रही है। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि के पास इच्छाशक्ति हो तो विकास कार्य में कोई भी बाधा आड़े नहीं आ सकती है। मंत्री ने कहा कि आज विकास विरोधी लोग हर कदम पर विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं। परंतु विकास विरोधी लोग विधानसभा तो क्या पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। मंत्री ने कहा कि पार्क के निर्माण का समय एक साल निर्धारित है, परंतु आगामी छह माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मौके पर डीडीसी राजेश राय, जुडको के प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुराग कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रमुख विमला देवी, मुखिया अशोक चंद्रवंशी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिंह, अनिता दत्त, परेश तिवारी, मुन्ना सिंह, आशुतोष पांडेय, दिव्य प्रकाश केशरी, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अत्याधुनिक सुविधा संपन्न होगा पार्क

पार्क का निर्माण 13 करोड़, 15 लाख, 50 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके तहत करीब छह एकड़ भूमि में पूरे क्षेत्र के चहारदीवारी, भव्य प्रवेश द्वार, कियोस्क, टिकट काउंटर एवं सिक्योरिटी, रिसेप्शन बिल्डिंग, हेलीकॉप्टर से आने जाने वाले लोगों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष, पुरुष, महिला शौचालय की व्यवस्था, वाटर फाउंटेन का निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, दिन, वाटर हार्वेस्टिंग, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक निर्माण सहित पूरे ग्राउंड में फूल, पौधा, औषधीय पौधे, घास लगाया जाएगा । साथ ही सुबह शाम टहलने वाले लोगों के लिए वाकिंग ट्रेक, योगा के लिए शेड तथा गजीबो का निर्माण, बच्चों के लिए पार्क, ओपन जिम, पार्क में बैठने के लिए बेंच, ओपन एयर थेटर, कैफेटेरिया, दो पहिया, चार पहिया वाहन वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

परती कुशवानी के मुखिया मुन्नी देवी पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार थाना क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के पनियाखोंह निवासी कृपा चेरो ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मुखिया मुन्नी देवी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिये गये आवेदन में कृपा चेरो ने कहा है की मैं अपनी पुत्री शांति का विवाह उत्तरप्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी सनोज चेरो के साथ किया था। शांति को ससुराल वालों द्वारा बराबर प्रताड़ित किया जा रहा था। मेरी पुत्री किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर मेरे घर आई थी। विगत 6 सितम्बर को मुखिया मुनी देवी लड़की के ससुराल वालों के साथ मेरे घर आकर मेरी पुत्री शांति को भद्दी भद्दी गालियां देने लगी। गाली देने से मना करने पर उग्र हो गई और लड़की को ससुराल भेजने के लिए दबाव बनाने लगी। जब मैंने कहा की लड़की के पति और ससुर के द्वारा मारपीट किया जाता है मैं नहीं भेजुंगा। इतना सुनते ही मुखिया मुन्नी देवी जबरन घर में घुस गयी और शांति का हाथ पकड़कर खिंचते हुये घर से बाहर निकालकर सैकड़ों लोगों के सामने लड़की का बाल पकड़कर जमीन पर पटक दी। जब लड़की विरोध करने लगी तो मुखिया ने लड़की का पर्स छिनकर 1800 रू नगद और गहना रख लिया। जबरन उसके पति सनोज के साथ गाड़ी में बैठाकर भेज दिया गया। इसके बाद मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा धमकी दी गयी की इसकी शिकायत करने पर तुम्हारे पुरे परिवार को जान से मारवा दुंगी। कुछ दिन बाद पता चला की मेरी पुत्री शांति ससुराल से गायब है और उसका पति सनोज दुसरी शादी भी कर लिया है। मुझे सम्भावना है की मुखिया मुन्नी देवी द्वारा षड्यंत्र के तहत दुसरी शादी कराकर मेरी पुत्री को गायब कर दिया गया है। उक्त आवेदन के आलोक में मुखिया मुन्नी देवी के विरूद्ध मामला दर्ज पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

जायसवाल क्लीनिक में चिकित्सक के अनुपस्थिति में मरीज का इलाज किये जाने पर किया गया सील

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने बुधवार को संयुक्त रूप से स्वास्थ विभाग द्वारा रजिस्टर्ड अस्पताल तथा क्लिनिक में छापेमारी अभियान चलाया. एसडीओ व उपाधीक्षक ने छापेमारी अभियान के क्रम में हेन्हों मोड़ के निकट स्थित जायसवाल क्लीनिक में चिकित्सक के अनुपस्थिति में मरीज का इलाज किये जाने पर सील कर दिया। एसडीओ ने अस्पताल मे पहुचने के बाद देखा की अस्पताल मे चिकित्सक नही है और कम्पाउंडर द्वारा भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चौरासी ग्राम निवासी मकबूल अंसारी की पत्नी मैरून बीबी को स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में कम्पाउंडर से पूछताछ किया तो बताया कि दूरभाष पर डॉक्टर से बात कर स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा छापामारी अभियान चलाने से अवैध रूप से संचालित अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। एसडीओ व उपाधीक्षक ने बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में बंशीधर हॉस्पिटल, सिटी हॉस्पिटल, उत्तम डायग्नोसिस सेंटर,डॉ निशीथ नीरव का क्लीनिक, गुलाब हॉस्पिटल में भी छापामारी अभियान चलाया। इस क्रम में एसडीओ तथा अस्पताल के उपाधीक्षक ने उक्त सभी अस्पतालों के व्यवस्था की जानकारी ली तथा कागजात की जांच किया। एसडीओ ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी अस्पतालों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जायसवाल क्लिनिक को सील किया गया है तथा कागजात की जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जायसवाल क्लिनिक में बिना चिकित्सक के अस्पताल के कम्पाउंडर द्वारा मरीजों को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था, जबकि अस्पताल के चिकित्सक आयुष चिकित्सक है ऐसे में अस्पताल पूरी तरह अवैध है। मौके पर अनुमंडल अस्पताल के सहायक विपेश राज तमांग, अशफाक अहमद तथा अनुमंडल कार्यालय के उपेंद्र कुमार,प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह उपस्थित थे।

बीडीओ ने बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ समीक्षा बैठक की, बोले

आधार सीडिंग कार्य में सुधार नहीं होने पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी श्री बंसीधर नगर के निदेशानुसार खरौंधी प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बीडीओ गणेश महतो ने सभी 48 बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक सभी मुखिया के साथ समीक्षा बैठक की।. बैठक में मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार सीडिंग के मामले में 70 प्रतिशत से कम प्रगति बाले मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक से कारण पूछा गया। समीक्षा बैठक के दौरान वैसे मतदान केन्द्र के बीएलओ जिनका आधार सीडिंग 50 प्रतिशत से कम पाया गया उन्हें स्पष्टीकरण करते हुए आधार सीडिंग में प्रगति लाने हेतु दो दिन का समय दिया गया है। अपेक्षित सुधार नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी। साथ ही प्रपत्र 6 नए मतदाताओं का नाम जोड़ने से सम्बंधित सभी बीएलओ से बूथवार समीक्षा की।जिसमे शून्य प्रगति वाले बीएलओ मतदान केंद्र संख्या 10 के बीएलओ बिंदु देवी एवं मतदान केंद्र संख्या 23 के बीएलओ मीरा देवी को कड़ी फटकार लगाई।साथ ही उक्त दोनों बीएलओ से तुरंत प्रपत्र 6 भरवाया।साथ ही सभी बीएलओ को सख्त हिदायत दी की आप सभी अपना अपना लक्ष्य ससमय पूरा करें। सिंगल डिजिट कार्य करने वाले बीएलओ को एक दिन का समय देते हुए उन्हें अपना टारगेट डबल डिजिट में करने का निर्देश दिया।सभी बीएलओ को 100+आयु के मतदाताओ को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सभी मुखिया से आवश्यक सहयोग देने के लिए कहा गया साथ ही सभी मुखिया को बीएलओ एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर मतदाताओं में जागरूकता लाते हुए लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया।

बीडीओ ने दिये कई दिशा-निर्देश

बीएलओ द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि अगले तीन से चार दिनों में अपेक्षित सुधार कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ब्लैक एण्ड ह्वाईट फोटो और न्यून गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ के संबंध में भी सभी बीएलओ को निदेश दिया गया है कि एक सप्ताह के अन्दर अधिक से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कर रंगीन फोटोग्राफ में परिवर्तित करें। जिन बीएलओ का प्रगति प्रतिवेदन असंतोषजनक पाया जाएगा उनके विरूद्ध मानदेय स्थगित करने की अनुशंसा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंसीधर नगर से किया जाएगा। साथ ही सभी बीएलओ पर्यवेक्षक को बीएलओ के साथ मतदाताओं के घर-घर जाकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। आधार सीडिंग में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले मतदान केंद्र संख्या46के बीएलओ उर्मिला देवी को प्रशस्ति पत्र के लिए अनुशंसा करने की बात कही। बैठक में जीपीएस उमेश कुमार,मुखिया रामगहन मेहता, मंजू देवी, स्वेता देवी पर्यवेक्षक कपिलदेव सिंह,बसीम अकरम, बीएलओ अंजनी कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार गुप्ता, पंकज कुशवाहा, नारद राम, अवधेश यादव, प्रदीप द्विवेदी, नागेन्द्र यादव, श्यामराज गुप्ता, कुंजबिहारी यादव, तिलेश्वरी देवी, अनिता देवी, ममता देवी, सुनीता देवी,उर्मिला देवी सहित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

भवनाथपुर में आयुष स्वास्थ मेला की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। दो दिवसीय आयोजित आयुष स्वास्थ मेला की तैयारी को लेकर भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में चिकित्सकों व जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ जयपाल महतो ने बुधवार को बैठक की। बैठक में आयुष स्वास्थ मेला में ग्रामिन क्षेत्रो में प्रचार प्रसार के लिए सभी जनप्रतिनिधियो से अपील किया गया ताकि अधिक से अधिक लोग भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित आयुष स्पताल पहुंच कर स्वास्थ सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर निरोग हो। इसकी जानकारी देते हुए जिला आयुष प्रभारी डॉ के के प्रसाद ने बताया कि 26 व 27 नवम्बर को भारत सरकार के द्वारा श्री बंसीधर नगर व भवनाथपुर में स्वास्थ मेला का आयोजन किया जाना है ।जिसमे दस इंस्टाल लगाए जाएंगे। उपस्थित लोंगो को योग , ओषधि , घरेलू ईलाज सहित अन्य विधियों से निरोग रहने की जानकारी दी जाएगी।

बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि केंद्र सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है जिसमे पुरानी पद्धति से लोंगो को ईलाज कर निरोग रखना है। इसलिए फिर से हम सबको पुरानी पद्धति आयुर्वेद हेमोपेथीक ,यूनानी व योग से ही निरोग रहेंगे। मौके पर प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद रजनी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, आयुष चिकित्सक प्रभारी शशिकांत शुक्ला, अभिनीत विश्वास, नीतीश भारती, सिंदुरिया मुखिया नन्दलाल पाठक, बेबी देवी, बीडीसी चन्दन ठाकुर सहित लोग उपस्थित थे ।

खबर का असर: खेलो झारखंड प्रतियोगिता से वंचित दो विद्यालय के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। कल के राष्ट्रीय नवीन मेल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित खेलो झारखंड कार्यक्रम में कई विद्यालय के छात्र प्रतियोगिता से रह गए वंचित शीर्षक नामक खबर का असर देखने को मिला। खेलो झारखंड कार्यक्रम में जिन 4 विद्यालयों के बच्चों ने भाग नहीं लिया था। खेलने से वंचित रह गए उन में से दो विद्यालयों के बच्चों ने खेल में भाग लिया और अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रखंड स्तरीय खेल में ऊंची कूद प्रतियोगिता में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र हेसातु गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र मुकेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कल तक प्रतियोगिता में शामिल नहीं होने वाले

मध्य विद्यालय रामर की सातवीं कक्षा की छात्रा कविता तिर्की जूनियर वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त की इसी प्रकार रामर के ही आठवीं कक्षा का छात्र जितेंद्र सिंह लंबी दौड़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद बच्चे काफी उत्साहित देखे गए।

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बड़गड़ में झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022-23 के आयोजन का समापन बुधवार को हो गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में शामिल विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

खेलो झारखंड के तहत आयोजित कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य रुपांजलि जायसवाल उपस्थित थीं। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशिष्ट अतिथी के रूप में प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज सहित खेल शिक्षक रवि प्रताप सिंह, सुपिन केरकेट्टा , सीआरपी ब्रह्मदेव राम, एम आई एस संजीत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अरूण बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

टेटईटांगर में 26 एवं 27 नवंबर को आयुष मेला का होगा आयोजन

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में आगामी 26 एवं 27 नवंबर को आयुष विभाग की ओर से प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा और आयुष मेला में मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक विक्सल नमन कौनगाडी होगे। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया की इस मेले में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जिसमें आयुर्वेद ,होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा पर विशेष जोर दिया गया है।बहुत सारे विकसित देशों में हमारी पुरानी तकनीक का ज्ञान आयुर्वेद की ओर लोग आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त आयुष मेला में हमारे आसपास के क्षेत्रों में मिलने वाले औषधीय पौधों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

जनआक्रोश रैली में भाजपा ने दिखाई ताकत, कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़, बोले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष

धरा के धरा रह गया पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। भाजपा जिला कमेटी की ओर से हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं राज्य में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, बालू-पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में जन आक्रोश यात्रा सह समाहरणालय का घेराव किया गया। सोमवार को आयोजित जना आक्रोश रैली की शुरूआत कर्बला के मैदान से शुरू हुआ। रैली में शामिल भाजपा कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में कर्बला के मैदान से निकलकर मझिआंव मोड़ से मेन, रंका मोड़ सहिजना रोड होते हुए समाहरणालय पहुंचे। जहां पर रैली सभा में तब्दील हो गई। आक्रोश प्रदर्शन में काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी कर रहे थे। कार्यकताओं ने बालू चोर सरकार वापस जाओ, युवा और किसान विरोधी सरकार हाय-हाय, ओबीसी विरोधी सरकार शर्म करो के नारे

लगा रहे थे।

आम-आदमी इस सरकार में सुरक्षित नहीं : दिनेशानंद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के नाम पर सत्ता में आई झामुमो की सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में आम आदमी सुरक्षित नहीं है। सत्ता में आने के एक सौ दिन के अंदर राज्य के पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा धरा के धरा रह गया। वर्तमान सरकार निकाय चुनाव में हार के डर से दलीय चुनाव नहीं करा रही है। निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देकर उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने कार्यकताओं से हेमंत सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

गढ़वा जिला में 12 हजार से अधिक पीएम आवास लंबित: सत्येन्द्र

गढ़वा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि बालू के अभाव में गढ़वा जिला में 12 हजार से अधिक पीएम आवास लंबित है। जबकि मिलीभगत से अभी भी गढ़वा से सैकड़ो हाइवा से बालू दूसरे प्रदेशों में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि ने कैबिनेट की बैठक में भाषा की सूची से हिंदी और अंग्रेजी को हटाकर गढ़व-पलामू के युवाओं के भविष्य को अंधकार में डाल दिया। सूची में वैसे भाषा को शामिल किया गया है जिसकी जानकारी यहां के बच्चों को नही है। उन्होंने सांसद ने चिनियां के झामुमो नेता अयुब मंसूरी हत्याकांड का मामला लोकसभा में उठाने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, गिरिनाथ सिंह, भाजपा नेता मुन्ना चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, उमेन्द्र यादव, मीडीया प्रभारी ब्रजेन्द्र पाठक, संजय भगत, विकास स्वदेशी, कंचन जायसवाल, विकास तिवारी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रितेश चौबे, नरेन्द्र पांडेय, केदार प्रजापति, अरविंदधर दुबे, इंदेश पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

हेमंत सरकार में प्रशासन चौपट हो गया हैं: सांसद

जन आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन के सरकार में प्रशासन पूरी तरह चौपट हो गया है। प्रखंड से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार फैल चुका है। राज्य में तबदाला उद्योग का रूप ले चुका है। हर जगह पैसा का बोलबाला है। इस सरकार में पूरी तरह से विकास की गति रूक गया है। सांसद ने कहा कि राज्य में जो भी योजनाएं संचालित हो रही है, वह केन्द्र सरकार की योजनाएं है। केन्द्र की योजनाएं का नाम बदलकर सत्ताधारी दल के लोग राज्य सरकार का वाहवाही कर रहे है। मंत्री और विधायक केन्द्र की योजनाओं का भी शिलान्यास करने में नहीं थक रहे है। इस सरकार में सरकारी योजनाएं का एनओसी नहीं मिल पा रहा है।

सौ से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन, मंत्री ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले के रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से करीब एक सौ से अधिक महिला, पुरुषों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। लोगों ने भाजपा, बसपा एवं राजद को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सभी को माला पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य में अंतिम पंक्ति के लोगों तक विकास कार्य पहुंचा रही है। राज्य में सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर गढ़वा

सहित पूरे राज्य में लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। झारखंड सरकार सभी वर्ग के लोगों को पूरा हक एवं अधिकार दे रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, अनिता दत्त सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

साल्वे मुखिया ने निजी खर्च से जर्जर सड़क की करायी मरम्मति

बारियातू। साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष राजीव भगत ने बुधवार को निजी कोष से रहमत नगर (जुठाटांड)का आधा किमी जर्जर ग्रामीण सड़क को जेसीबी मशीन लगा कर करवाया दुरुस्त ग्रामीणों मे खुशी।जर्जर सडक मरम्मत के संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया भगत ने बताया कि रहमत नगर (जुठा टांड) के दर्जनों ग्रामीणों ने टोला के मुख्य सडक वर्षों से जर्जर है।जिस कारण हम ग्रामीणों को पंचायत एवं प्रखण्ड मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर आने जाने मे काफी परेशानी होती है.। जिसे लेकर ग्रामीणों ने सडक को दुरुस्त कराने की मांग किया था। तत्काल सरकार का कोई फंड न रहने के कारण मै अपने निजी कोष से जेसीबी मशीन के माध्यम से लगभग आधा किमी जर्जर सड़क को मरम्मत कराया गया। मौके पर समाज सेवी मो लियाकत अली, मुकेश गंझु, मो शमीम, फौजदार गंझु,बीरबल गंझु, मो मकसुद, प्रभु गंझु,वार्ड सदस्य तेजु गंझु सहित कई लोग मौजूद रहे।

सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में पंचायत के मुखिया कालो देवी ने बुधवार को सादे समारोह में प्रखंड के पंचमुखी मंदिर के नीचे बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण का आधारशिला रखी। जानकारी के अनुसार मुखिया कालो देवी ने 15वें वित्त आयोग मद से डॉक्टर प्रेमचंद के घर से अशोक कुमार के घर तक बनने वाली पीसीसी पथ का शीलापट्ट का अनावरण व भूमि पूजन कर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया श्री देवी ने कहा कि चाक मुख्यालय क पंचायत मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों के आवश्यकतानुसार सभी सड़कों का चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर निर्माण कार्य के अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव संजय कुमार, रविंद्र पासवान, रविंद्र पासवान,सुनील कुमार सिंह,अनिल कुमार, बैज नाथ राम,संजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

गिद्धौर(चतरा)। बुधवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने प्रखंड कर्मियों व मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित रोजगार सेवकों को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि रोजगार सेवक फील्ड में रहें और ज्यादा से ज्यादा मनरेगा मजदूरों को काम दें। साथ हीं मनरेगा से संचालित सभी पुराने योजना को जांच कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। जबकि पंचायत सेवकों को प्रधानमंत्री आवास में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, जेई सचिनदत्त शर्मा, पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, मिथलेश कुमार सिंह, महेश मिस्त्री, उजवल सिंह, रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित यादव, स्वर्णलता कुमारी, टेक्नारायण राम, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

अवैध बालू खनन का आरोपी को भेजा गया जेल

गिद्धौर(चतरा)। बुधवार को अवैध रुप से बालू खनन करने के आरोपी को पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के इंद्रा गांव निवासी गोविंद यादव है। अभियान में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, अवर निरीक्षक टिकवानंद भगत व विजय कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

सिमरिया(चतरा)। बुधवार को सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बन्हे निवासी उदीन मियां की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर जा रहे तभी पीछे से एक 407 वाहन ने टक्कर मार दीद और वह गंभीर रुप से घायल हो गए, तो परिजन एवं ग्रामीणों ने तुरंत रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दीया।

निबंधन पदाधिकारी के कार्य प्रणाली से क्षुब्ध दस्तावेज नवीसों ने किया कार्य का बहिष्कार

चतरा। प्रभारी निबंधन पदाधिकारी अमरजीत सिंह बलहोत्रा के तानाशाह रवैये से क्षुब्ध दस्तावेज नविस संघ ने मंगलवार से किया कार्य बहिष्कार। जिससे चतरा में निबंधन का कार्य ठप पड़ गया है। दो दिनों में करीब 200 से अधिक निबंधन का कार्य लंबित हो गये हैं। दस्तावेज नवीसों ने बताया कि सभी कागजात रहते हुवे पदाधिकारी नहीं करते हैं निबंधन। आगे बताया कि निबंधन नियमावली के विरुद्ध त्रुटियां निकालकर इनके द्वारा काम बाधित किया जाता है। जिस नियम और कागजात का हवाला देकर एक नवीस का काम रोकते हैं, उसी कागजात पर दूसरे नविस का काम कर दे रहे हैं। दस्तावेज नविसों ने बताया कि ये एक तो सप्ताह में दो दिन निबंधन कार्यालय में समय देते हैं। ऊपर से नियम विरुद्ध कार्य करते हुए काम लंबित करते हैं। साथ ही कहा कि विभाग अपना रजिस्ट्रार भेजे ताकि यहां का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

क्षेत्र में फिर सक्रिय हो रहा भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू

नक्सली हमले के बाद रेलवे लाईन का निर्माण कार्य ठप, करोड़ों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार/चंदवा। थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में नक्सली घटनाओं में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। एक माह के अंदर माओवादियों ने मंगलवार शाम दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दिया है। भाकपा माओवादी का रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू क्षेत्र में लाल आतंक का बड़ा चेहरा बनते जा रहा है। रविंद्र गंझु पर सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। रविन्द्र ने चंदवा थाना क्षेत्र में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। वर्ष 2019 में विधानसभा के चुनाव के दौरान नवंबर माह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम के ही दिन चंदवा थाना गेट से मात्र 3 किमी की दूरी पर लुकुइया में एनएच पर ही पेट्रोलिंग पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में एक एएसआई समेत चार जवान शहीद हो गए थे। इस हमलें का मास्टरमाइंड रविंद्र ही था,इस मामले में रविंद्र को नामजद अभियुक्त बनाया गया। मामला काफी चर्चित रहा था। बाद में इस मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपने हाथ में ले लिया हैं। 21 अक्टूबर 22 को चंदवा थाना क्षेत्र के केंदुआटाँड़ में रेलवे साइट पर हमला करते हुए एक इंजीनियर समेत तीन लोगों को गोली मार दी गई थी। 17 अक्टूबर 2018 को लोहरदगा के कठुआपानी मे और 8 जनवरी 2022 को गुरदारी थाना क्षेत्र में हमला करते हुए कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था।

22 नवंबर को 10 करोड़ रुपये के वाहनों को आग के हवाले कर दिया

22 नवंबर को चंदवा थाना क्षेत्र के गुंजराय के समीप आरवीएनएल कंपनी के रेलवे साइट पर बड़ा हमला करते हुए करीब 10 करोड़ रुपये के वाहनों को आग के हवाले कर दिया नक्सलियों ने साइट पर कार्य कर रहे कर्मियों को बंधक बनाकर दो पोकलेन, एक जेसीबी, तीन बाइक, डीजी समेत कई उपकरणों में आग लगा दी। इसके अलावे भी रविंद्र गंझू ने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। जिससे कि इसके नाम का खौफ क्षेत्र में बढ़ता ही जा रहा है। रविन्द्र ने अपने आतंक के दम पर ही आज रीजनल कमांडर तक पहुंच गया है। रविन्द्र विकास कार्यो में बड़ी घटनाओं को अंजाम लेवी वसूलने के लिए देता है।

प्रबंधन समिति व अभिभावक के साथ बैठक में शिक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

पत्थलगड़ा(चतरा)। बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय सिंघानी में प्रबंधन समिति व अभिभावकों की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दामोदर पांडेय व संचालन प्रधानाध्यापक पूरन प्रसाद दांगी ने किया। प्रधानाध्यापक श्री दांगी ने बताया की स्कूल में कक्षा 01 से 08 तक कुल 200 छात्र पढ़ते हैं। जबकि नियमित शिक्षक 2 व पारा सहायक शिक्षक 2 हीं है। साथ ही बताया गया की विभाग द्वारा बच्चों खेलने के लिए फूटबॉल, जर्सी, पेंसिल इत्यादि समाग्री उपलब्ध कराई गई है। शिक्षक चेतलाल राम ने बताया कि मुखिया राधिका देवी व प्रमुख मनीषा कुमारी के अनुशांसा पर बीईओ मंजू कुमारी के द्वारा उच्च विद्यालय तेतरीय से दो सहायक शिक्षक राजेश कुमार सुमन और देवलाल कुमार सुमन को उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय सिंघानी में

पत्रांक 253 से 29 सितंबर 2022 को डिप्टेशन किया गया था। लेकीन दोनों के प्रभार नहीं लेने पर पुनः आवेदन बीईओ को दिया गया। अभिभावकों ने कहा कि विभाग के लापारवाही के कारण बच्चों पढ़ाई प्रभावीत हो रहा है। मौके पर सहायक शिक्षक राजेंद्र लाल, सुप्रिया कुमारी, अध्यक्ष नेहा सुप्रिया, उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, संयोजिका सुनीता देवी, सदस्य सुनील कुमार दांगी, मनोज प्रजापति, अभिभावक राजेश राम संगीता देवी, नजमा खातून व अन्य उपस्थित थे।

गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक व छात्रों की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस 2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में शिक्षक, अभिभावक व विद्यालय में छात्र-छात्राओं के संयुक्त बैठक हुई। जिसमें प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिनोद दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रधानध्यापक ब्रजेश सिंह व संचालन शिक्षक उमेश राज ने किया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को शिक्षकों ने बताया कि माता-पिता व शिक्षकों का एक हीं लक्ष्य होता है, छात्र छात्राओं की सफलता। ऐसे में माता-पिता, शिक्षकों और छात्र-छत्राओं की साझेदारी स्कूली प्रक्रिया को समृद्ध व प्रभावी बनाती है। बच्चों को विद्यालय प्रत्येक दिन भेजे की बात कही गई। बैठक में शिक्षक गेंदों रविदास, विकास सेठ, राजीव नयन प्रकाश, सरोज राय, किरण कुमारी, शारदा शैल बाला, मीनाक्षी कुमारी, कृष्ण कुमार टिंकू, तमीम अहमद, अभिभावक अर्जुन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

जंगली हाथियों ने मवेशी को मार डाला घरों को तोड़ा, ग्रामीण इलाकों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। मंगलवार रात्रि लगभग 1:00 बजे हाथियों के झुंड ने बसिया पंचायत के बड़का आहार टोला में जंगली हाथियों के झुंड में एक वृद्ध महिला का घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को भी तहस-नहस करते हुए चट कर दिए। घर में रखे सभी सामान को नष्ट कर दिया। वही घर के बाहर बंधे गाय को बेरहमी से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया घटना से पूरा परिवार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत है। इस घटना से पीड़ित को लाखों रुपए की संपत्ति जान माल का नुकसान हुआ है। जिससे बुजुर्ग गरीब पीड़ित महिला बहुत शोक में है।

भाजपा नेता ने घटनास्थल पर पहुंचकर ली जानकारी

घटना के बारे में भाजपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा को जानकारी मिलते ही पार्टी के कई कार्यकर्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को संतावना देते हुए वन विभाग को घटना की जानकारी दिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। वही मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने संवेदनशील इलाकों में जहां हातीयों का दहशत है उस क्षेत्र में टॉर्च मशाल इत्यादि सामान वन विभाग से देने की मांग की है। ताकि ग्रामीणों को खतरा की जानकारी पर खुद को सुरक्षा प्रदान कर सके। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अलावे एस सी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, सुरेश गंझु, आशिक गंझु मुकेश मंझु, टेपर गंझु, मंटू गंजू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

छोटू बाइक वर्क शॉप में लगी आग, लाखों का नुकसान

बालुमाथ। थाना क्षेत्र अंतर्गत बालुमाथ चेताग मुख्य मार्ग स्थित गोविन्द नगर के समीप छोटू वर्क शॉप नामक दुकान मे बिति रात्रि अचानक सार्ट सर्किट से आग लग गयी। दुकानदार मोहम्मद इबरार पिता मोहम्मद इरफान होलंग बालुमाथ ने बताया की रोजाना कि तरह साम को आपनी दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि तकरीबन 9 बजे आस पास के लोगों ने बतलाया की दुकान से धुंआ निकल रहा है। खबर पाकर जबतक हम दुकान पहुंचे तो दुकान मे रिपेयरिंग करने आए तीन मोटरसाइकिल एवं दुकान मे रखें टायर, टयूब, मोबिल, पार्टस, जलकर खाख होने से लाखों का नुकसान हो गया है। पीड़ित ने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

देवलगड्डा जंगल से 35 टन अवैध कोयला जब्त

टंडवा (चतरा)। जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कोल परियोजना क्षेत्र में अवैध कोयले कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। माफियाओं के गहरे पैठ और घने जंगलों का फायदा उठाकर धीरे-धीरे तस्करी का कारोबार अब बड़ा रुप लेते जा रहा है। बुधवार को देवलगड्डा जंगल से पुलिस व सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने गुप्त सूचना पर संयुक्त कारवाई करते हुए लगभग 35 टन कोयला जप्त कर सराढू पिकेट प्रभारी राजेश राम के द्वारा सीसीएल को सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया कि माफियाओं द्वारा तस्करी के उद्देश्य से उक्त कोयला जंगल में छिपाकर रखा गया था।

जिला योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

सभी कार्यों को ससमय नियमानुसार पूर्ण करें

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं कि समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत अपूर्ण योजना, वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध क्रियान्वित योजना, सीएसआर मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं, जिला योजना से अनाबद्ध निधि द्वारा अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध ली जाने वाली योजनाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सीएसआर मद अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग में आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके

आपूर्ति से संबंधित कार्य जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। विशेष केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ पीसीसी सड़क, पुल, पुलिया, भवन आदि निर्माण कार्य समेत शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि क्षेत्र आदि की समीक्षा कर लंबित कार्यों की जानकारी लेते हुए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार राय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

नीलगाय के आतंक से परेशान है किसान, फसलों को कर रहे नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। प्रतापपुर प्रखंड के बरूरा पंचायत अंतर्गत अदौरिया गांव के किसान जंगली नीलगाय के झुंडों द्वारा फसल को प्रतिदिन चरने (खाने) से हो रहे नुकसान से काफी चिंतित हैं। जंगली नील गायों के द्वारा फसल जैसे आलू, मिर्ची, टमाटर, तोड़ी आदि फसलों के बर्बाद किए जाने से बचाव के लिए और बर्बाद किए गए फसल की मुआवजा के लिए पीड़ित किसानों और संबंधित वन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने लिखित रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर उचित मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी राजबल्लभ पासवान ने बताया कि जिन किसानों की फसल बर्बाद की गई है, वो आवेदन वन प्रमंडल चतरा, वन

क्षेत्र कार्यालय प्रतापपुर और एक आवेदन अंचलाधिकारी प्रतापपुर को जमीन के कागजात के साथ संलग्न कर दें। गठित जांच कमेटी के द्वारा मुआवजा दिलाने की अनुशंसा जांच के बाद डीएफओ से की जाएगी। दिए गए आवेदन में प्रमोद कुमार, राजेश यादव, नरेश यादव, भोला यादव, ब्रह्मदेव कुमार, रामेश्वर यादव, सतीश कुमार सहित अन्य ने हस्ताक्षर किया है।

केंद्रीय विद्यालय परिसर में अतिक्रमण पर प्रसाशन ने चलाया बुलडोजर

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। सिमरिया के केंद्रीय विद्यालय परिसर में अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्रसाशन ने बुधवार को आखिरकार बुलडोजर चला दिया। ज्ञात हो कि परिसर के इर्द गिर्द कई दुकानें लगी हुई थी और प्रसाशन ने सभी को कई बार दुकानों को हटाने का नोटिस दिया था, मगर सब प्रसाशन की बातों को अनसुनी कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब विद्यालय परिसर के अंदर प्रकाश नामक एक शख्स ने झोपड़ी बना डाला और प्रसाशन द्वारा आधा दर्जन बार दिए गए नोटिस को नजरअंदाज करता रहा। बुधवार को सीओ सीके दास की अदालत ने झोपड़ी हटाने का आदेश पारित करते हुए उसे हटाने का आदेश पारित कर दिया। सीओ ने कहा कि प्रकाश के पास अपने दावे को लेकर कोई वैद्ध कागजात नहीं मिले। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और थाना प्रभारी विवेक यादव के नेतृत्व में जब झोपड़ी को हटाने की प्रक्रिया शुरू की तो दावेदार ने घुटने टेक दिए. और अपने झोपड़ी को खुद हटाना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस कार्रवाई के बाद पूरा परिसर अतिक्रमण मुक्त हो गया।

प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

खेलकूद को बढ़ावा देने की जरूरत: बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय की रेलवे क्लब में चल रहे हैं दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह मंगलवार की देर शाम आयोजित किया गया। 2 दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान लोंग जंप , हाई जंप , 100 मीटर, 200 मीटर रिले रेस , कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी जैसी 2 दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिनमें से प्रखंड स्तर पर बेहतर खेल खेलने वाले टीम और खिलाड़ियों का चयन करने का काम प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वहीं इसके साथ-साथ प्रखंड स्तर की इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीम को समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ राकेश सहाय,जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य अतिथियों के द्वारा बारी बारी से पुरस्कार वितरण किया किया गया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में छिपादोहर मरियम विद्यालय समेत छिपादोहर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपने सर्वोच्च खेल का प्रदर्शन पर अधिक से अधिक पुरस्कार प्राप्त किया। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

बच्चों का होता है बौद्धिक विकास : बीडीओ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस तरह का प्रतियोगिता आयोजित कर ग्रामीण स्तर पर छिपे प्रतिभागियों को आगे आने का अवसर प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किए जाने से स्कूली बच्चों का बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, कामेश्वर सिंह,श्याम मनोहर यादव, अशोक यादव सुशीला कुमारी,सुमन कुमार, मुकेश राम,सत्येंद्र कुमार ,जितेंद्र सिन्हा, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, राजू कुमार समेत काफी संख्या में शिक्षाकर्मी और खिलाड़ी मौजूद थे।

बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सड़क और पुल निर्माण की कवायद तेज

अजय सिन्हा

लातेहार। जिले अति उग्रवाद प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सड़क और पुल निर्माण को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। मंगलवार को तिसिया में ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर सड़क, पुल और छलका निर्माण योजनाओं को पारित किया।

उल्लेखनीय है कि लातेहार पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में गत 8 सितम्बर को एक दिन में बारेसांढ़-तिसिया मार्ग में बूढ़ा नदी पर अस्थायी ओणम सेतु का निर्माण किया था। गारू सीओ शम्भू राम ने बताया कि ग्राम सभा में बुढ़ा पहाड़ पथ पर बारेसांढ से बुढ़ा नदी तक रोड, पुल और छलका निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है।

ग्राम सभा में श्री राम के अलावा उपप्रमुख रामदास यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, सीआई अलीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में है भंडरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

भंडरा/लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय परिषर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का ट्रांसफार्मर खराब रहने से पिछले करीब दो सप्ताह से केन्द्र में बिजली नहीं है। चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय द्वारा इसकी लिखित सूचना दस दिन पूर्व ही विभाग को दी गई है। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अबतक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। डॉ संजय ने बताया कि बिजली के अभाव में फिलहाल अस्पताल में फ्रिज आदि चिकित्सीय उपकरण संचालन के लिये दिन रात जेनरेटर चलाया जा रहा है। इससे न सिर्फ अनावश्यक रुप से सरकारी धनराशि खर्च हो रहा है बल्कि परेशानी भी हो रही है। बिजली नहीं रहने से अस्पताल में पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। बता दें कि विभागीय लापरवाही के कारण भौरो मलंगटोली, बलुवाटोली सहित कई गांवों में ट्रांसफार्मर खराब रहने से लोग अंधेरे में हैं। खराब ट्रांसफार्मर बनवाने के लिये लोगों को चंदा इकट्ठा करना पड़ता है। इसके बगैर लोग अंधेरे में ही रहने को विवश हो जाते हैं।

शिविर में 17 छात्र-छात्राओं ने दिया आवेदन

कैरो/लोहरदगा। प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में बुधवार को जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 17 छात्र-छात्राओं ने आवेदन दिया। शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं का जाती आवासीय प्रमाण पत्र बनाया जाना है। मौके पर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, अंचलनिरिक्षक अनन्त शयनम विश्वकर्मा, अनूप उरांव, प्रभारी प्रधानध्यापक देवनन्दन नायक, सयुम अन्सारी, कृष्णा उरांव, रौशन गुलाब, महाबीर उरांव आदि उपस्थित थे।

कोचेडेगा पंचायत भवन में मुखिया ने बांटे किसानों के बीच चना बीज

सिमडेगा। सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत में बुधवार को पंचायत के मुखिया द्वारा पंचायत के लोगों के बीच कृषि विभाग द्वारा मिले चना बीज का वितरण किया। मौके पर मुखिया शिशिर टोप्पो ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के हीत में कई कल?याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन जागरुकता के आभाव में बहुत से किसान ऐसी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। कहा विभाग से प्राप्त बीज का सही तरीके से खेती करें। आने वाले समय में खाद भी दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो आप पंचायत भवन में आकर अपनी समस्याओं को रखे आपकी समस्या प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने कृषि विभाग से आए हुए पदाधिकारियों से बात करते हुए कहा कि यह क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है जहां पर अधिक से अधिक कृषि विभाग के संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाए जिससे कि ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ ले सके इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्हे चना बीज दिया गया।

नगर परिषद में टैक्स बकाया हो तो अभ्यर्थी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

सिमडेगा। नगर परिषद में अगर टैक्स बकाया है तो अभ्यर्थी नप का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नगर परिषद के चुनाव में प्रत्याशी बनने के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 तक के सभी प्रकार के टैक्स का भुगतान अनिवार्य है। सभी बकाया कर का भुगतान करने के पश्चात ही इच्छुक प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने की अनुमति मिलेगी। बताया गया कि झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत चुनावी वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष तक नगर निकाय के कर का भुगतान नहीं किया गया है तो संबंधित व्यक्ति चुनाव के लिए आयोग्य होगा। चुनाव में सभी प्रत्याशी को निर्धारित प्रारुप में स्व घोषणा प्रमाण पत्र देना होगा कि वर्ष 2021-22 तक कोई कर या शुल्क बकाया लंबित नहीं है। स्व घोषणा प्रमाण पत्र नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निर्वाची पदाधिकारी को प्राप्त हो जाना चाहिए।

ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये नशामुक्ति के लिए किया प्रेरित

लोहरदगा। ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सेन्हा प्रखंड के उगरा के मंगल बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाली हानियों के बारे में बताकर जागरुकता फैलायी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चे ने लोगों से अपील कर कहा की नशे हमारी जिंदगी को बर्बाद कर देती है इसलिए इससे पर्याप्त दूरी बना कर रखे और इससे होने वाले दुष्प्रभाव को समझे। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विधार्थी में घन्शु, रिषभ सिंह, हर्ष, अवंतिका, सौर्य, सुर्याश, पीयूष, ऋतिक और सनी शामिल थे। वही मौके पे स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार साहू, उप प्रधानाचार्य शोभा देवी और आयुष कुमार मौजूद थे।

जयपाल सिंह मुंडा मैदान में स्कूली बच्चों के बीच मैत्री बालिका फुटबॉल हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

बानो। जयपाल सिंह मुंडा मैदान बानो में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय व आर सी उच्च विद्यालय बांकी के बीच मैत्री बालिका फुटबॉल व हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें हॉकी में प्रोजेक्ट बालिका की टीम 1-0 से तथा फुटबॉल में बांकी की टीम ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय को 1-0 से करा कर बना विजेता। सभी आमंत्रित टीम को नाच गाना के साथ मंच तक लाया गया। खिलाड़ियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद बिरजो कंडुलना व विशिष्ट अतिथि बानो प्रमुख सुधीर डांग उपस्थित थे। जिला परिषद ने कहा इस खेल के माध्यम से आज जीवन को संवारने का बढ़िया मौका है। आज सभी छेत्र में खेल का महत्व है। मौके पर बिराजी तोपनो, अवनीश कुमार, जोसेफ बारला, रजनी कुल्लू, संजय किड़ो, वाल्टर सुरीन, आमुस कंडुलना आदि लोग उपस्थित थे।

कारीमाटी की प्रीति एसएचजी पर लगा राशन गड़बड़ी का आरोप

सीओ ने सतर्कता समिति से मांगा जांच रिपोर्ट

■ राशन वितरण में गड़बड़ी करने पर सारूबहार की किरण एसएचजी को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया सस्पेंड

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। ग्रामीणों की लगातार शिकायत पर जलडेगा अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ खगेन महतो ने बुधवार को जलडेगा प्रखंड के कारीमाटी गांव की प्रीति एसएचजी डीलर का जांच किया। सीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान ग्रामीणों द्वारा की राशन डीलर द्वारा गड़बड़ी की शिकायत सही पाई गई है। साथ ही जांच के क्रम में अपवाद पंजी में भी कुछ त्रुटि मिली है इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन वितरण भी पूर्ण नही हुआ है। जिसके बाद सीओ ने राशन डीलर को निगरानी करने वाली चार सदस्य सतर्कता समिति से अपना मंतव्य मांगा है।

सीओ ने कहा की सतर्कता समिति के मंतव्य रिपोर्ट के आधार पर डीलर पर करवाई की करने की रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जायेगी।

ज्ञात हो की इससे पूर्व में ग्रामीणों ने सारूबहार की किरण एसएचजी पर गरीबों की राशन को हेराफेरी करने और राशन वितरण में गड़बड़ी करने की आरोप लगाया था, अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो के प्रारंभिक जांच और सतर्कता समिति के मंतव्य के आधार पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सारूबहार की किरण एसएचजी को सस्पेंड कर दिया है।

कोलेबिरा उपप्रमुख के साथ पंजाब नेशनल बैंक कर्मियों ने किया बदसलूकी

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड उपप्रमुख सुनीता देवी को पंजाब नेशनल बैंक के कर्मियों के द्वारा पैसे निकालने के दौरान बदसलूकी किया है और इसको लेकर प्रखंड प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त की उन्होंने बताया घंटे तक लंबी लाइन में लगने के बाद जब बैंक कर्मी नहीं दिखे तब उन्होंने वहां के चपरासी से बैंक कर्मियों के संबंध में पूछे जाने पर पंजाब नेशनल बैंक के चपरासी ने बताया कि कहाँ गए है पता नही है। फिर फोन करने के लिए कहा गया तब उनका जवाब था कि हमारे पास फोन नम्बर नहीं हैऔर जब कर्मी वापस आये तो उप प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि जब आपलोग जब हम जैसे जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार है तो अपने उपभोक्ता के साथ क्या व्यवहार करते होंगे के। जवाब में उन्होने बदसलूकी की फिर कुछ देर के बाद अब काम नहीं होगा कहते हुए अपने काम मे लीन हो गए। उप प्रमुख सुनीता देवी ने कहा इसी तरह प्रतिदिन बैंक मे आकर कोई ना कोई खाताधारी आए दिन परेशान होते रहते है पर इनका कोई सुध लेने वाला नही और ये लोग किसी को भी डाट कर ही बात करते है। अब तो लोग युनाइटेड या पंजाब नेशनल बैंक का नाम सुनकर ही जाने से कतराते है। इस मामले में एलडीएम से भी शिकायत करने की बात कही।

भाजपा नेता तुलसी साहू के पहल पर बीरु चौक में लगा स्पीड ब्रेक बैरिकेडिंग

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। बीरु चौक क्षेत्र में लगातार भीषण सड़क दुर्घटनाएं घट रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए भाजपा जिला मंत्री तुलसी साहू के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा को आवेदन लिखते हुए बीरू में सड़क पर तेज रफ्तार को रोकने के लिए स्पीड ब्रेक बेरिकेडिंग लगाने की मांग की थी और इसको लेकर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से भी मुलाकात किया था मामले को गंभीरता से देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा इस पत्र को पुलिस विभाग को प्रेषित किया और पुलिस विभाग द्वारा तत्काल पहल करते हुए बीरू चौक में दोनों तरफ स्पीड ब्रीकेटिंग लगवाया है मौके पर ट्रैफिक सार्जेंट रविशंकर सिंह उपस्थित रहकर वहां पर उन्होंने दोनों ओर सिमडेगा पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग लगवाया। मौके पर उपस्थित तुलसी साहू ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में इसके लग जाने से यहां पर वाहनों का परिचालन धीमी गति से होगा और यहां पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को भी अंकुश लगेगी।

मॉडल वन धन विकास केंद्र का जिला स्तरीय क्रियान्वयन व अनुश्रवण ईकाई की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री वन धन योजना अंतर्गत मॉडल वन धन विकास केंद्र का जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला में स्थापित मॉडल वन धन विकास केंद्र के लेकर आवश्यक चर्चा सदस्यों के बीच आवश्यक चर्चा की गई और पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई (डीएलएमसी) के द्वारा ट्राइफेड एवं झामफकोफेड के द्वारा प्रशिक्षण एवं टूल किट के क्रय हेतु अनुमोदन दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के राघव राणा व अन्य उपस्थित थे।

सेन्हा और कुडू में प्रखंड आयुष मेला 26 व 27 को

लोहरदगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा एवं कुडू प्रखंड परिसर में प्रखंड आयुष मेला का दो दिवसीय आयोजन 26 एवं 27 नवंबर 2022 को किया जाना है। इस मेला में राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों के रोकथाम, पोषण संबंधी बीमारियां, महामारी के कारण होनेवाली सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याएं एवं वैक्टरजनित रोग, नेत्ररोग, दंत रोग आदि बीमारियों के प्रति स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं संगत स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचाने एवं उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। मेला का समय 10 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक है। उक्त जानकारी जिला आयुष पदाधिकारी डॉ रमाशंकर प्रसाद द्वारा दी गई।

विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति सदस्य बनाये जाने पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

लोहरदगा। राज्य सरकार की ओर से बीते दिनों झामुमो के कदावर नेता विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष दिखाई दे रहा है। इधर विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति सदस्य बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में नव चयनित राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे को बुके देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने से राज्य में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विनोद पांडे के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में बल मिलेगी।

न्याय नहीं मिली तो 30 को होगा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन : सुनील साहू

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पिछले दिनों जिले के कुडू प्रखण्ड निवासी बढ़ई मिस्त्री विकास साहू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया था। इस घटना में उसकी पत्नी और चचेरे भाई बुरी तरह से घायल हो गए थे। इस घटना कि जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कुडू लक्ष्मी नगर निवासी मृतक विकास साहू के परिवार से मुलाकात किया। महासंगठन की ओर से खाद्य सामग्री सहित कुछ आर्थिक सहयोग भी मृतक परिवार को किया गया। परिवार वालो से घटनाक्रम की सारी जानकारी लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि यदि मृतक परिवार को न्याय नहीं मिली तो 30 नवम्बर को जिला उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी करने और मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उक्त मौके पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुंज बिहारी साहू एवं हजारी प्रसाद मोदी, रांची ग्रामीण के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजीत साहू, राजेश साहू तथा लोहरदगा के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य साहू प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहें। मृतक विकास साहू की मां, बहन, भाई, चाचा चाची समेत ग्रामीण वासियों ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष उक्त हत्याकांड को लेकर काफी दुख और रोष प्रकट किया।

20 जनवरी से आयोजित होगा राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक मीट

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन को लेकर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें आगामी 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक मीट का आयोजन स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम करने का निर्णय लिया गया। जिसके सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन करते हुए कार्य दायित्व निर्धारण किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय अशोक यादव, सुखैर भगत, निशिथ जायसवाल, लालमोहन केसरी, संजय बर्मन, मैदान निर्माण समिति में अजय प्रसाद, विनय उरांव, निलेश तमेड़ा, संतोष राम, खिलाड़ियों के आमंत्रण प्रभारी विनय उरांव, प्रभात भगत, पुरस्कार व्यवस्था प्रभारी कैलाश केसरी, ठहरने की व्यवस्था उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा प्रभारी निशिथ जायसवाल, साहू धर्मशाला में लाल मोहन प्रसाद केसरी, प्रदीप विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, कार्यालय प्रभारी नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, हाजी लुकमान अहमद, शकील अख्तर, प्रचार प्रसार प्रभारी सलीम अंसारी, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल कुमार, किशोर कुमार वर्मा, मैदान में विधि व्यवस्था कार्य प्रभारी सोमा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, सरस्वती कच्छप, धनु कांता पन्ना, रिया कुजुर, उदय दत्ता, मनोज पन्ना, जगेश्वर उरांव, तकनीशियन अजय प्रसाद, मनोज गोप, रश्मि खेस, निलेश तमेड़ा, प्रिंस मिंज, संतोष राम, सुनील साहू, दीपक महतो, विनोद महली, किशोर कुमार वर्मा, संध्या सिंह को दिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए रणनीति बनाई गई। उनके आगमन के फलस्वरूप निबंधन से लेकर ठहरने, खाने-पीने की समुचित व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। बुधवार के बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, निशिथ जयसवाल, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल, सलीम अंसारी, प्रभात भगत, हसीन अख्तर, अजय प्रसाद, मनोज कुमार गोप, सोमा उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, धर्मेंद्र उरांव सरस्वती कच्छप, विनय उरांव, उदय दत्ता, जगेश्वर उरांव, मुरारी गोस्वामी, कमल प्रसाद केसरी, लाल मोहन प्रसाद केसरी एवं अन्य उपस्थित थे।

अभाविप का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में, लोहरदगा से प्रतिनिधिमंडल हुए रवाना

लोहरदगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुलाबी नगरी जयपुर में होने जा रहा है। वहा पर 25 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर लोहरदगा से भी अभाविप का प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गए हैं। लोहरदगा रेलवे स्टेशन से जयपुर के लिए दो सदस्यीय कार्यकर्ता रवाना हो गए। जिनमे विभाग संयोजक अंकित कुमार व कॉलेज सह मंत्री संध्या कुमारी शामिल हैं। बताया गया कि जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीआरसी परिसर में आयोजित होने जा रहे इस राष्ट्रीय अधिवेशन में 25 नवंबर को योग गुरु बाबा रामदेव राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल को महाराणा प्रताप नगर नाम दिया गया है। जहां 6 पंडाल में करीब 5 हजार से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जीरो प्लास्टिक यूज थीम पर आयोजित हो रहा है। जिसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर बनने वाले पोस्टर, होर्डिंग और बैनर भी कपड़े से तैयार करवाएं जा रहे हैं। इस अधिवेशन में सम्मिलित प्रतिनिधि शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न परिवर्तनों की समसामयिक स्थिति पर चर्चा, संगठनात्मक लक्ष्यों का निर्धारण तथा देश के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन शिक्षा तथा राष्ट्र जीवन से जुड़े विषयों पर विचार का गंभीर तथा रचनात्मक मंच है। वर्तमान समय में देश में आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार हो रहा है। अभाविप का यह महत्वपूर्ण आयोजन उपर्युक्त विषयों पर केन्द्रित रहेगा।

पेंशनर समाज इकाई की हुई बैठक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड राज्य पेंशनर समाज सिमडेगा इकाई की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में बुधवार को इग्नेस तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न की गई। मौके पर इग्नेस तिर्की ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि 2022 हमारे लिए संतोष जनक रहा है। पेंशनरों की समस्याओं की समाधान के दिशा में समाज सलत प्रगलशील रहा है। कुछ समाधान हुए हैं कुछ अति अभी भी लंबित है। सचिव राम कैलाश राम ने बताया कि 3-11-22 को पेंशनर्स कार्यालय में भारतीय बैंक सिमडेगा द्वारा कैंप कर जीवन प्रमाण पत्र लेना समाज के लिए पहल है। कोषागार से संधित समस्या को कोषागार पदाधिकारी से वाली कर सुलझा लिया गया है। बैंक ऑफ इंडिया बोलबासे संबंधित समस्या पर रांची से वार्ता किया है। 21-11-22 को परिसदन में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को 1-01-2016 के पूर्व सेवानिवृत पेंशनधारियों के पेंशन पुनरीक्षण हेतु वित्त संकल्प जारी करने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया है। स्थानीय विधायक से भी कुछ बिन्दुओं पर वार्ता हुई है। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी दिनांक 12-12-22 को पेंशनर समाज अपन में 'पेशनर्स डे और खिस्त मिशन' कार्यक्रम किया जायगा। यह भी निर्णय लिया गया की एक एक शिष्टमंडल उपायुक्त के समक्ष पेशन से संबंधित समस्याओं को रखेगा। उसके अलावे पेंशनर्स की अन्य पर भी विचार किया गया। बैठक रामविलास शर्मा, नाथुन सिंह, साधु मलवा, महन्त यग, आर्जुन मिस्त्री एतवा माझी, भागस्तु एक्का, दुबराज बड़ाईक, मार्टिन लुगुन, देवेन्द्र प्रसाद तिवारी, अमरपाल प्रसाद, ग्लोरिया सोरेंग, पुष्पा बाड़ा, आदि उपस्थित रहे।

परिवहन विभाग हो रहा है लापरवाह जिले में स्कूली बच्चे भी चला रहे हैं मोटरसाइकिल

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा में इन दिनों परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण लगातार स्कूली बच्चे मोटरसाइकिल का उपयोग कर रहे हैं जिसके कारण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और कई बार बड़ी नुकसान हो रही है बुधवार को भी सिमडेगा शहर क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर 3 स्कूली बच्चे मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया। परिवहन विभाग के नियमानुसार स्कूली बच्चों को मोटरसाइकिल का प्रयोग नहीं करनी है लेकिन सिमडेगा में परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण सभी स्कूलों में कम उम्र के बच्चे मोटरसाइकिल का प्रयोग करें जहां पर ना तो हेलमेट होती है और ना ही उनका लाइसेंस होता है ऐसे में लगातार वे सड़कों पर रोड राइटिंग करते हैं या जिसके कारण सड़क दुर्घटना होती। परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान से चलाई जाती है लेकिन इस मामले में किसी प्रकार की कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाया जाता है जिसके कारण लगातार जिले में कम उम्र के बच्चों के द्वारा मोटरसाइकिल का प्रयोग किया जा रहा है और इससे कहीं ना कहीं इसी कारण से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ रही है।

सिमडेगा में गोस्सनर कॉलेज, हूं सिमडेगा कॉलेज, सेंट मैरिज, एसएस प्लस टू चैतन्य स्कूल कॉलेजों में भी सैकड़ों की संख्या में कम उम्र के बच्चे मोटरसाइकिल लेकर आते हैं और अभिभावकों ने मोटरसाइकिल देते हैं लेकिन इस मामले में परिवहन विभाग द्वारा आज तक गंभीरता नहीं दिखाई जिसके कारण इस प्रकार की दुर्घटनाएं घट रही है। इस मामले में अगर परिवहन विभाग समय रहते अंकुश नहीं लगाई तो आने वाले दिनों में देश के नौनिहालों के द्वारा इस प्रकार से रोड राइटिंग करते हुए मोटरसाइकिल चलाया जा रहा है इसे कहीं ना कहीं युवाओं के भविष्य अंधकार में जा रही है।

न्यूज गैलरी

उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने सावधि जमा पर बढ़ाई ब्याज दर

नयी दिल्ली। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों के लिए सावधि जमा पर ब्याज दर 7.20 प्रतिशत से बढ़ाकर आठ प्रतिशत कर दी है। बैंक ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि आम ग्राहकों के लिए 80 सप्ताह के सावधि जमा पर सर्वाधिक ब्याज दर आठ प्रतिशत होगी। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों के लिए सर्वाधिक ब्याज दर 80 सप्ताह के लिए 8.75 प्रतिशत होगी। प्लेटिना सावधि जमा में 0.20 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगी। यह 15 लाख रुपये से ज्यादा और दो करोड़ रुपये से कम की जमा पर लागू होगा। ये नई दरें 05 नवंबर 2022 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इत्तिरा डेविस ने कहा, ह्यह्यसावधि जमा की ब्याज दर में वृद्धि से ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है। यह ग्रेनुलर जमा एकत्रित करने और मैक्रो-इकॉनॉमिक स्थिति का विकास करने की हमारी रिटेल स्ट्रेट्जी के अनुरूप है।

बॉयलर में गड़बड़ी से औद्योगिक इकाइयों में बिजली उत्पादन का तीन प्रतिशत नुकसान

नयी दिल्ली। बॉयलर ट्यूब में गड़बड़ी की वजह से विभिन्न औद्योगिक संयंत्रों में बिजली उत्पादन को तीन प्रतिशत तक नुकसान पहुंचता है। उद्योग से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। टीसीआर एडवांस्ड इंजीनियरिंग में प्रबंध निदेशक परेश हरिभक्ति ने पुस्तक ह्यफेलियर इन्वेस्टिगेशन ऑफ बॉयलर ट्यूब्सह्न के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि औद्योगिक इकाइयों के बॉयलर में 36 प्रकार की खामियां आती हैं। यह किताब अमेरिका की अमेरिकन सोसायटी फॉर मेटल्स ने प्रकाशित की है। किसी भी औद्योगिक संयंत्र में बॉयलर से भाप बनती है जिसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन में किया जाता है। हरिभक्ति ने संवाददाताओं से कहा कि बॉयलर के काम नहीं करने के कारण उसकी खामियों को दूर करने के उपाय तथा औद्योगिक इकाई के अहम हिस्सों की देखरेख के तरीकों के बारे में किताब में जानकारियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों को बॉयलर पर नजर रखनी चाहिए क्योंकि देश इस्पात, ऊर्जा उत्पादन जैसे कई क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

पीएनबी के एटीएम से अब एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं, मिलेगी सुविधा

नई दिल्ली। पीएनबी ने बताया है कि वीजा गोल्ड डेबिट कार्ड, प्लेटिनम मास्टरकार्ड और रूपे कार्ड पर एटीएम से निकासी की सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जा रही है। पहले ये कार्डधारक एटीएम से सिर्फ 50 हजार की राशि निकाल पाते थे। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए जल्द ही डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन लिमिट और बढ़ाई जाएगी। पीएनबी ने बताया है कि वीजा गोल्ड डेबिट कार्ड, प्लेटिनम मास्टरकार्ड और रूपे कार्ड पर एटीएम से निकासी की सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जा रही है। पहले ये कार्डधारक एटीएम से सिर्फ 50 हजार की राशि निकाल पाते थे। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए जल्द ही डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन लिमिट और बढ़ाई जाएगी। बैंक ने प्वाइंट ऑफ सेल यानी पीओएस की लिमिट भी बढ़ा दी है।

ट्विटर में छंटनी से लेकर बहाली पर कई कंपनियों ने मस्क पर उठाया सवाल, जोमैटो भी हुआ शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की ट्विटर को संभालने के उनके तरीके को लेकर काफी आलोचना हो रही है। लगातार छंटनी से लेकर सस्पेंडेड अकाउंट की बहाली पर कई लोग मस्क पर सवाल उठा रहे हैं। इसके साथ ही मस्क को सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। फूड डिलीवरी कंपनी, जोमैटो भी अब इसमें कूद गई है। जोमैटो ने ट्विटर की मौजूदा स्थिति पर एक मीम पोस्ट किया। कंपनी ने स्पेगेटी की दो तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर बिना पकी स्पेगेटी की है जिसके साथ लिखा है 'ट्विटर बिफोर एलन मस्क' यानी मस्क के टेकओवर से पहले ट्विटर की स्थिति। दूसरी तस्वीर में स्पेगेटी उलझी हुई तारों की तरह नजर आ रही है। इसके साथ लिखा है 'ट्विटर आफ्टर एलन मस्क' जो मस्क के अधिग्रहण के बाद ट्विटर की स्थिति दिखा रहा है। पोस्ट को 'नमस्ते' टाइटल और इमोजी के साथ शेयर किया गया है। इस इमोजी के जरिए भी मस्क पर कटाक्ष किया गया है। दरअसल, एक दिन पहले मस्क ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए उनसे अन्य प्लेटफॉर्म पर बने रहने का आग्रह किया था। उन्होंने इसके साथ 'नमस्ते' इमोजी भी बनाया था। मस्क ने कहा था, उम्मीद करता हूं कि सभी आलोचक और हॉल मॉनिटर दूसरे प्लेटफॉर्म पर ही रहें, प्लीज मैं हाथ जोड़कर निवेदन कर रहा हूं। जौमेटो का यह पोस्ट अब काफी वायरल हो रहा है। इस पोस्ट को देखने के बाद सैकड़ों लोगों ने कमेंट बॉक्स में रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, 'गजब पोस्ट है यार, लोगों को आसानी से समझाने वाला।' वहीं एक यूजर ने प्लेट में मैगी की फोटो शेयर करते हुए लिखा, मस्क के रिटायरमेंट के बाद ट्विटर। एक अन्य यूजर ने लिखा, एलन मस्क के बाद ट्विटर टेस्टी हो गया है। एलन मस्क ट्विटर के 7,500 एम्प्लॉइज में से 50% से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल चुके हैं। इसके बाद उन्होंने बचे हुए एम्पलॉइज को कंपनी में बने रहने के लिए अल्टीमेटम देते हुए ईमेल किया था। एम्पलॉइज को भेजे एक ईमेल में मस्क ने लिखा था, कर्मचारियों को एक सफल ट्विटर 2.0 बनाने के लिए बहुत परिश्रमी होने की जरूरत होगी। साथ ही सफलता के लिए देर तक काम और उच्च क्षमता दिखानी होगी। ईमेल में कहा गया था कि जो भी एम्पलॉइज कंपनी का हिस्सा बने रहना चाहते हैं वो ईमेल में दिए गए लिंक पर हां में क्लिक करें।

श्रम अधीक्षक का कर्यालय, चतरा।

अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, राँची के आदेशानुसार चतरा, जिला मुख्यालय में 02 एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय में 01–01 होर्डिंग 20'X10' लगाया जाना है। होर्डिंग उपायुक्त कार्यालय, चतरा, IPRD दर एवं तकनीकी मानकों का अनुपालन करते हुए लगाया जाना है।

उक्त के आलोक में इच्छुक दिनांक – 03.12.2022 के अपराहन् 12:30 बजे तक श्रम अधीक्षक का कार्यालय, चतरा में इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक – 03.12.2022 को 3:00 बजे अपराहन् में विभाग के समक्ष इच्छुक या उसके प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जायेगा।

क्र0सं0	सामग्री	मात्रा
1	प्रत्येक होर्डिंग साईज 20'X10' (प्रत्येक होर्डिंग के ऐंगल में श्रम विभाग का नाम वेल्डिंग कराना अनिवार्य है)	14
2	प्रत्येक फ्लैक्स साईज 20'X10'	14

निविदा की शर्ते श्रम अधीक्षक कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
चतरा।

PR 283212 Labour Employment and Traning(22-23)D

एलआईसी ने बंद किया दो जीवन बीमा प्लान, अब लोगों के पैसों का क्या होगा

नई दिल्ली। सरकारी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने दो टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को बंद कर दिया है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि तीन साल पहले जारी की गई दोनों टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को अब बंद किया जा रहा है। इन पॉलिसी की मियाद आज 23 नवंबर बुधवार से ही खत्म मानी जाएगी। इसमें से एक बीमा पॉलिसी ऑनलाइन बेची जा रही थी, तो दूसरे को कंपनी ऑफलाइन ही बेच रही थी। एलआईसी ने सर्कुलर जारी कर बताया है कि अब एलआईसी जीवन अमर और एलआईसी टेक टर्म नाम की बीमा पॉलिसी को बंद किया जा रहा है। टेक टर्म पॉलिसी एक ऑनलाइन पॉलिसी है, जबकि जीवन अमर ऑफलाइन है। दोनों ही प्लान को 23 नवंबर, 2022 से खत्म किया जा रहा है। अब कोई भी ग्राहक इन पॉलिसी को ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड से नहीं खरीद सकेगा। सूत्रों का कहना है कि टर्म प्लान का री-इंश्योरेंस रेट बढ़ने की वजह से कंपनी इसे वापस ले रही है। एलआईसी ने अगस्त, 2019 में जीवन अमर पॉलिसी को लांच किया था, जबकि सितंबर, 2019 में टेक टर्म को बाजार में उतारा था। इसके बाद से करीब तीन साल तक इन दोनों ही पॉलिसी के प्रीमियम में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन अब इनकी दरें बढ़ाने पर काफी ज्यादा अंतर आ रहा। लिहाजा इसे बंद कर कुछ और बदलाव के साथ रीलांच किया जाएगा। एलआईसी की ये दोनों पॉलिसी उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने के बाद उसके परिवार को सम एश्?योर्ड मुहैया कराती थीं। इसके तहत बीमाधारक को 10 से 40 साल का टर्म मिलता था। एलआईसी जीवन आधार का मिनिमम सम एश्योर्ड 25 लाख रुपये था, जबकि टेक टर्म प्लान का मिनिमम एश्योर्ड 50 लाख रुपये रखा गया था।

कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू सदर अस्पताल चौक, मेदिनीनगर, पलामू

ई0मेल0–damopalamu@gmail.com

–: सार्वजनिक सूचना :–

पलामू जिले के प्रबुद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 26.11.2022 एवं 27.11.2022 को दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रखण्ड– चैनपुर के लादीगढ़ प्राथमिक विद्यालय के समीप एवं छतरपुर प्रखण्ड मुख्यालय के समीप शुभारंभ किया जा रहा है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि स्वास्थ्य मेला में मिलने वाली निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ अवश्य लें।

निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं– सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, ई0एन0टी0 (आँख, कान, गला), धूम्रपान और तम्बाकू सेवन के बुरे प्रभाव, कुष्ठ नियंत्रण, कोविड टीकाकरण, भारतीय चिकित्सा पद्धति (आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथीक), मधुमेह एवं रक्तचाप इत्यादि का निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण किया जायेगा।

अतः पलामू जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से सादर अनुरोध है कि स्वास्थ्य मेला में आकर अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा प्राप्त की कृपा की जाय।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 283157 District(22-23).D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) अन्तर्गत लोहरदगा जिला के सदर अस्पताल, लोहरदगा एवं सामर्थ विद्यालय, हिरही, लोहरदगा हेतु 25 एवं 30 KVA का Soundless DG Genset के सभी सहायक उपकरण के साथ अधिष्ठापन हेतु टर्न–की आधार पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **07.12.2022** के **11:30** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग शीलबंद लिफाफे को एक बड़े शीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। शीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **07.12.2022** के **12:30** बजे (अपराहन) जिला क्रय समिति/जिला मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त
लोहरदगा

PR 283167 Lohardaga (22-23)_D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (पंचायत-शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

जिला पचांयत राज कार्यालय (न0), लोहरदगा में नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के निमित निर्वाचन सी0सी0टी0भी0/विडियोग्राफी/फोटोग्राफी एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत/प्रतिष्ठान/योग्य/अनुभवी प्रतिष्ठानों/गैर सरकारी संस्थाओं से ईच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण हेतु निविदा आमंत्रण किया जाता है –

2. निविदादाताओं के द्वारा सामग्रियों की आपूर्ति के दर के सहित निविदत किया जायेगा।

3. निविदा से संबंधित विवरणी :–

i.	निविदा प्राप्त करने का स्थान	:–	जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा।
ii.	निविदा प्राप्त करने की तिथि	:–	दिनांक 23.11.2022 से 05.12.2022 तक
iii.	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	:–	दिनांक 05.12.2022, अपराहन 01.00 बजे तक
iv.	निविदा खुलने की तिथि	:–	दिनांक 05.12.2022 को अपराहन 03.00 बजे
v.	निविदा खोलने का स्थान	:–	समाहरणालय लोहरदगा अवस्थित सभा कक्ष।
vi.	निविदा की अन्य शर्त्त समाहरणालय, लोहरदगा के वेबसाईट	:–	www.lohardaga.nic.in पर डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला पंचायत राज पदाधिकारी, लोहरदगा (मो0नं0–9661177132) से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला पंचायत राज पदा0, लोहरदगा
उप निर्वाचन पदाधिकारी (न0) लोहरदगा।
उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न0) –सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO. 283108 Lohardaga(22-23):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 07/2022-23

कार्य की विस्तृत विवरणी : 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत चयनित योजना HLMC से स्वीकृत

क्र0	वार्ड	कार्य का नाम	मद	प्रा0 राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्णता अवधि
1	15	Construction of PCC Road from House of Bablu Chandravanshi to house of Jakatu Paswan via Samshan Ghat	14वें वित्त आयोग	5242088.00	10000.00	104900.00	6 माह

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 21.11.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 10.12.2022 अपराहन 5:00 बजे तक।
3. कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 12.12.2022 अपराहन 2:00 बजे तक।
4. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.12.2022 पूर्वा0 03:00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.–7004019730
9. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ठ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 283121 Urban Development (22-23)_D

एग्रो केमिकल कंपनी के शेयरों को ग्रे मार्केट में तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है

आईपीओ आने से पहले ही 25 रुपये का प्रीमियम, मार्केट में हो सकती है दमदार एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक और कंपनी का आईपीओ आ रहा है। यह कंपनी धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड है। कंपनी एग्रो केमिकल्स बनाती है। कंपनी का आईपीओ 28 नवंबर 2022 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और यह 30 नवंबर तक ओपन रहेगा। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के आईपीओ का प्राइस बैंड 216 से 237 रुपये है। एंकर इनवेस्टर्स के लिए यह इश्यू 25 नवंबर 2022 को ओपन होगा। धर्मज क्रॉप गार्ड का आईपीओ खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में इसे जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। बाजार पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के शेयर ग्रे मार्केट में 25 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। एग्रो केमिकल कंपनी के शेयरों को ग्रे मार्केट में तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के शेयर गुरुवार 8 दिसंबर 2022 को इरए और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। धर्मज क्रॉप गार्ड के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 5 दिसंबर 2022 को फाइनल हो सकता है। कंपनी के पब्लिक इश्यू में 216 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और कंपनी के प्रमोटर्स, मौजूदा शेयरहोल्डर्स की तरफ से 14,83,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल है। कंपनी, फ्रेश इश्यू से मिली रकम का इस्तेमाल गुजरात में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने में करेगी। इसके अलावा, इस पैसे का इस्तेमाल कुछ कर्ज चुकाने और इंक्रीमेंटल वर्किंग कैपिटल रिक्वॉयरमेंट्स को पूरा करने में किया जाएगा। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड की शुरूआत साल 2015 में हुई है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2022-23

क्र0	वार्ड	कार्य का नाम	मद	प्रा0 राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्णता अवधि
1	8	Construction of RCC Drain with Slab from House of Prem Jaiswal to Shubham Jewellery Shop	नागरिक सुविधा	1396522.00	5000.00	27900.00	4 माह
2	14	Construction of PCC Road from House of Lilawati Devi to House of Shambhu Paswan	शहरी परिवहन	2172400.00	5000.00	43400.00	4 माह
3	14	Construction of RCC Drain with Slab from House of Vishnu Ram to Pathal Ghatiya	नागरिक सुविधा	2125374.00	5000.00	42500.00	4 माह
4	14	Construction of RCC Drain with Slab from House of Banshi Gosai upto Culvert	नागरिक सुविधा	1709381.00	5000.00	34200.00	4 माह

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 21.11.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 10.12.2022 अपराहन 5:00 बजे तक।
3. कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 12.12.2022 अपराहन 2:00 बजे तक।
4. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.12.2022 पूर्वा0 03:00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.–7004019730
9. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ठ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR 283119 Urban Development(22-23)D

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स में शामिल हुई मीशो

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने छोटे क्षेत्र के विक्रेताओं (हाइपरलोकल) के साथ खरीदारों को जोड़ने के लिए सरकार की पहल ह्यओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' (ओएनडीसी) के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ओएनडीसी की एक पायलट परियोजना चला रही है, जहां सभी ई-कॉमर्स कंपनियां प्रतिस्पर्धी कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा उपलब्ध कराएंगी, जिससे विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं पर लागत का बोझ घटेगा। मीशो के साथ पायलट को पहले बेंगलुरु में शुरू किया जाएगा और आने वाले महीनों में धीरे-धीरे अन्य स्थानों पर इसका विस्तार होगा। हर किसी के लिए ई-कॉमर्स को सुलभ बनाने के मीशो के उद्देश्य के अनुरूप, यह एकीकरण छोटे क्षेत्र के आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यापक बाजार बनाते हुए उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों की खोज को बढ़ावा देगा। मीशो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदित आत्रे ने बयान में कहा, यह एकीकरण छोटे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और छोटे क्षेत्र के व्यवसायों को बढ़ावा देने के एक साझा लक्ष्य के साथ हर किसी के लिए इंटरनेट आधारित कारोबार को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगा।" ओएनडीसी के सीईओ टी कोशी ने कहा, ई-कॉमर्स भारत में अब भी काफी छोटा' है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)

आम सूचना

"होटल प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर रोजगार के सुनहरे अवसर"

जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा Institute of Hotel Management, Catering Technology and Applied Nutrition (होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्था) ब्राम्बे, राँची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को होटल प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्रदान करने हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत MOU किया गया है।

Institute of Hotel Management ब्राम्बे, राँची में जनवरी, 2023 से प्रारंभ होने वाले "Craftsmanship Course in Food & Beverage Services" विषयक 06 माही आवासीय कोर्स में नामांकन हेतु लोहरदगा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र/छात्राएं दिनांक 10.12.2022 तक अपने प्रखण्ड मुख्यालय में अथवा दिनांक 15.12.2022 तक जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। 40 युवाओं/युवतियों के उक्त बैच में चयन किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ हीं किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नं0 – 8603984499/7488710091 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 283187 Lohardaga(22-23).D

सम्पादक की कलम से...

बिजली खरीदने के पैसे नहीं

जिस झारखंड के कोयले की बदौलत देशभर के पावर प्लांटों में उत्पादन है, उस झारखंड में बिजली का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। राज्य में कोयला पर आधारित एकमात्र बिजली उत्पादक संयंत्र तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) से बमुश्किल राज्य की कुल बिजली जरूरतों का 15 से 20 फीसदी ही उत्पादन हो पाता है। रांची के सिकिदिरी में एक हाईडल पावर प्रोजेक्ट भी है, लेकिन यह इन दिनों पूरी तरह ठप है। ऐसे में झारखंड अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए 85 फीसदी बिजली सेंट्रल पूल और डीवीसी, आधुनिक पावर, इनलैंड पावर जैसी कंपनियों से खरीदता है। अब मुश्किल यह है कि राज्य में बिजली सप्लाई करनेवाली कंपनी जेबीवीएनएल (झारखंड बिजली वितरण निगम लि.) के पास डिमांड के अनुसार बिजली खरीदने को पैसे नहीं हैं। निगम ने इस संकट से उबरने के लिए राज्य सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजकर पांच सौ करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की है। आलम यह है कि राज्य के सभी इलाकों में पिछले एक हफ्ते से जबर्दस्त बिजली कटौती हो रही है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, डालटनगंज, गिरिडीह, बोकारो सहित ज्यादातर शहरों में छह से सात घंटे की कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में तो बमुश्किल 10-12 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है। जेबीवीएनएल को हर महीने बिजली खरीदारी पर तकरीबन पांच सौ करोड़ रुपये की जरूरत होती है, लेकिन इसके एवज में वह राज्य के उपभोक्ताओं से लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये ही वसूल पाता है। अक्टूबर महीने में तो मात्र 305 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली हो पायी। इसके पहले सितम्बर में 357 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। राजस्व की कम वसूली के चलते बिजली वितरण निगम सेंट्रल पूल और अन्य बिजली उत्पादक कंपनियों का बड़ा बकायेदार हो गया है। सेंट्रल पूल का लगभग 200 करोड़ रुपये बकाया होने के चलते बीते 15 अक्तूबर से ही लगातार झारखंड द्वारा अतिरिक्त बिजली खरीदे जाने पर पाबंदी लागू कर दी गयी है। इसी तरह आधुनिक पावर से मिलनेवाली 180 मेगावाट बिजली भी बकाया रकम के चलते रोक दी गयी है। झारखंड के छह-सात जिलों में डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) के जरिये बिजली पहुंचती है। झारखंड पर डीवीसी का लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का बकाया है। इस वजह से इन जिलों में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश दिया गया है। इन दिनों राज्य में सुबह-शाम बिजली की मांग 1700 से 1800 मेगावाट है, लेकिन कुल आपूर्ति लगभग 1300 से 1400 मेगावाट ही हो पा रही है। टीवीएनएल से 360 मेगावाट, एनटीपीसी से 500 मेगावाट, इनलैंड से 50 मेगावाट व अन्य स्रोतों से 500 मेगावाट बिजली मिल रही है। जरूरतों के हिसाब से लगभग पांच सौ मेगावाट का शॉर्टेज चल रहा है।

आज का इतिहास

1787 : फिलाडेल्फिया में संवैधानिक सम्मेलन द्वारा अमेरिका का संविधान अपनाया गया।
1809 : रूस और स्वीडन के बीच हामिना की शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
1828 : जापान के क्यूशू में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए।
1842 : पिट्सबर्ग पोस्ट-गैजेट का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया।
1851 : न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया।
1919 : हॉलैंड में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ।
1922 : हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
1926 : अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत हुई।
1947 : राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ।
1950 : अभिनेत्री शबाना आजमी का जन्?म हुआ।
1961 : तत्कालीन सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
1967 : नागालैंड ने अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
1986 : मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान बम्बई से गोवा के बीच उड़ाया।
1988 : बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
1997 : अमेरिका ने 'होलोग' नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2003 : ढाका-अगरतला के बीच बस सेवा शुरू हुई।
2008 : शोभना भरतिया एच.टी. मीडिया की अध्यक्ष नियुक्त हुई।
1598 : नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
1737 : जॉर्ज-अगस्त विश्वविद्यालय गौटिंगेन में खोला गया।
1761 : कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
1778 : अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली फोर्ट पिट की संधि हुई।
1871 : मोंट कैनिस रेलवे सुरंग स्विट्जरलैंड में खोला गया।
1934 : तत्कालीन सोवियन संघ लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।

देश में चिकित्सा का अनैतिक व्यापार

> देश के आम नागरिक के आर्थिक और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए आज पूरा चिकित्सा तंत्र एक बड़े परिवर्तन की मांग कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश का द्वार ही पैसे की प्राथमिकता से खुलता है। समय-समय पर चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रही हैं। मध्य प्रदेश में चर्चित व्यापम घोटाले के बाद लगा था कि आने वाले समय में देश का चिकित्सा क्षेत्र साफ-सुथरा हो सकेगा। मगर इसी राज्य से एक बार फिर नर्सिंग घोटाले की गूंज सुनाई दे रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले से कहता आ रहा है कि भारत सहित एशियाई देशों के दस फीसद से अधिक दवा उत्पाद नकली हैं। मगर राजधानी दिल्ली सहित देश के महानगरों में मानक रहित गुणवत्ताहीन औषधियों के थोक विक्रय बाजार निर्मित हो चुके हैं। दवा माफिया इन बाजारों को संचालित कर रहा है। भारत के संविधान में स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया है। मगर देश का नागरिक स्वास्थ्य को लेकर सर्वाधिक प्रताड़ित है। स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर दवाओं के निर्माण तक पूरा क्षेत्र अविश्वसनीयता से भरा पड़ा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार अनायास आए स्वास्थ्य और दवाओं के खर्चों के कारण देश के तीन करोड़ लोग प्रतिवर्ष गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। देश के आम नागरिक के आर्थिक और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए आज पूरा चिकित्सा तंत्र एक बड़े परिवर्तन की मांग कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश का द्वार ही पैसे की प्राथमिकता से खुलता है। समय-समय पर चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रही हैं। मध्य प्रदेश में चर्चित व्यापम घोटाले के बाद लगा था कि आने वाले समय में देश का चिकित्सा क्षेत्र साफ-सुथरा हो सकेगा। मगर इसी राज्य से एक बार फिर नर्सिंग घोटाले की गूंज सुनाई दे रही है। महंगी शिक्षा और निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की अनैतिक वसूली के चक्रव्यूह से निकल कर चिकित्सा पेशा अपनाने वालों से समाजसेवा की उम्मीद बेमानी है। भारत में मरीज परीक्षण शुल्क का कहीं कोई पैमाना नहीं है। पहली बार शुल्क अदा करने के बाद मरीज कितने समय तक निशुल्क परामर्श ले सकता है, इसका निर्धारण भी इस सेवा क्षेत्र में नहीं है। देश में अधिकतर चिकित्सक दूसरे दिन से ही मरीज से फिर परामर्श शुल्क की मांग करने लगते हैं। पैथोलाजी जांचों में सरकारी स्तर पर दर निर्धारण का अधिकार जिला स्वास्थ्य अधिकारी को होता है। मगर देश के अधिकांश जिलों में वर्षों से नई दरें लागू नहीं हुई हैं। जिले के चिकित्सा अधिकारी भी इस कर्तव्य को भूल चुके हैं। अधिकतर निजी पैथोलाजी में जांच दरें महंगी होने की वजह उनके संचालकों को हर जांच में कमीशन का एक हिस्सा चिकित्सकों को देना होता है। दूसरी तरफ, देश में दवाओं के निर्माण से लेकर उनके विक्रय तक पूरा उद्योग विसंगतियों से भरा पड़ा है। दवाओं की गुणवत्ता परखने वाली त्वरित प्रयोगशालाओं की कमी है। देश की जनसंख्या, दवाओं के निर्माण और खपत के आधार पर इनके विस्तार पर सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया है। देश में मात्र तीन दवा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं, जहां से परीक्षण रिपोर्ट कम से कम छह माह की अवधि में मिलती है। राज्यों में दवा निरीक्षकों के सत्तर फीसद पद खाली हैं, इसलिए दवाओं की दुकानों पर अब नियमित जांच नहीं होती। अफ्रीकी देश गांबिया में छियासठ बच्चों की मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की दवा कंपनी द्वारा बनाई खांसी की दवा की गुणवत्ता को लेकर चेतावनी जारी की। उसके बाद भारत सरकार ने आरोपित कंपनी के उत्पादों की जांच के आदेश देने में लगभग महीने भर का समय लगा दिया। इसके पहले भी देश के जम्मू, मुंबई और गुरुग्राम में नकली उत्पाद से बच्चों के बीमार होने और मौत के मामले सामने आ चुके हैं। मगर कोई भी जांच सजा के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले से कहता आ रहा है कि भारत सहित एशियाई देशों के दस फीसद से अधिक दवा उत्पाद नकली हैं। मगर राजधानी दिल्ली सहित देश के महानगरों में मानक रहित गुणवत्ताहीन औषधियों के थोक विक्रय बाजार निर्मित हो चुके हैं। दवा माफिया इन बाजारों को संचालित कर रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कुछ वर्ष पहले केंद्र सरकार को भेजी रिपोर्ट में कहा था कि भारत में नकली दवा का कारोबार पैंतीस फीसद तक जा पहुंचा है। कमीशन और सस्ती निविदाओं के माध्यम से इन दवाओं की पहुंच सरकारी दुकानों तक हो चुकी है। मगर सरकारों की तरफ से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। भारत विश्व में सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्माता देश होने के साथ विश्व का तीसरा बड़ा दवा निर्यातक है।

■ **विनोद के. शाह**

एडमिनों की डिक्टेटरशिप

गौतम बुद्ध को पीपल के नीचे तो कुछ लोगों को देसी शराब की भट्टी, पान की दुकान, चाय के बहाने लंबी-लंबी फेंकने वालो की चौपालों पर बैठे-बिठाये लोकल से लेकर ग्लोबल तक का ठन-ठन गोपाल वाला ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इसी ज्ञान के सहारे वे गीदड़ों, कौओं, गधों के सरदार बन वाट्सप, टेलिग्राम, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया का संचालन करते हैं। उनके अधकचरे ज्ञान को न मामने वाले अडियल बुद्धिजीवियों को समूह के सदस्यों द्वारा धोबी पछाड़ के मानिंद बड़ी तबियत से धोया जाता है। ऐसे ही किसी समूह का मैं भी सदस्य हुआ करता था। बाद में समूह के एडमिन उर्फ कॉपी, पेस्ट, फॉरवर्ड के सुल्तान के चेले-चपाटों ने तबियत से हमारी क्लास ली। या यूँ कहिए 'बिन मिले हम धुले' की स्कीम का पूरा-पूरा मजा चखाया। हुआ यूँ कि एक दिन हम पान खाने वालों पर कमेंटिया गये। हमें क्या पता समूह में एक से एक पहुँचे हुए पान खवक्कड़ थे। कहते हैं न कुछ बातें अनुभव से सीखी जाती हैं। आज मैं भी इस अनुभव की पाठशाला का छात्र बनने जा रहा था। बात पान गली से शुरू होकर तंबाकू मोहल्ला, चरस कॉलोनी, गांजा गंज, मधुशाला मार्केट तक पहुँच गयी। उस दिन हमने पहली बार जाना कि राई का पहाड़ कैसे बनाते हैं। हमने पान के बारे में कुछ जानकारी वीकिपीडिया से तो कुछ अपने शोध संदर्भों से इकट्ठा कर भानुमति का कुनबा जोड़ने का प्रयास किया। हमें क्या पता था कि समूह में सब के सब सुधीर चौधरी बने हमारा डिएनए-डिएनए खेलेंगे। समूह के एक सदस्य ने वेद, पुराण, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ खंगालकर ऐसे-ऐसे उद्धरण रख डाले जिससे यह स्पष्ट होता था कि नशा करने वाला सही बाकी सब गलत है। शिव जी की भांग, अप्सराओं का सुरा बिंदु छिड़काव इसी तथ्य को प्रमाणित कर रहे थे। एक सदस्य ने कहा पान का तंबाकू के बिना कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने इसकी एक लंबी फेहरिस्त हमारे मुँह पर मारते हुए बोले - तंबाकू जब तक पान के साथ है तब तक समाज धुआँ मुक्त रह सकता है। ठीक उसी तरह जब तक तुम हमारी हाँ में हाँ मिलाये मिमियाओगे तब तक तुम्हारी खैर है। वरना पान मसाला, तंबाकू, सुपारी और बुझे हुए चूने का मिश्रण, मैनपुरी तंबाकू, मावा, तंबाकू और बुझा हुआ चूना, चबाने योग्य तंबाकू, सनस, मिश्री, गुल, बज्जर, गुढ़ाकू, क्रीमदार तंबाकू पाउडर, तंबाकू युक्त पानी की तरह खैनी बना दिये जाओगे। वह कहते हैं न जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की ओर दौड़ता है। मेरी हालत भी यही थी। मैंने नासमझी में उन्हें जलाने वाली बात कह दी। चीजें चलकर राख होती हैं लेकिन इंसान जलकर अहंकारी हो जाता है। उन्होंने कहा - तुम अपने आपको बड़ा बुद्धिजीवी मानते हो। तुम्हारे जैसे बुद्धिजीवी टैक्स की चोरी कर देश का भट्टा लगाने में तुले हैं। वह तो हम हैं जो बीड़ी, सिगरेट, सिगार, चुट्टा, धुमटी, पाइप, हुकली, चिलम, हुक़्का पी-पीकर देश की आर्थिक व्यवस्था सुधारते हैं। सरकार की आज्ञा से बनाई गई महंगी टैक्स वाली चीजों का सेवन कर हम सच्ची देशभक्ति निभाते हैं। हम लड़खड़ायेंगे, डगमगायेंगे या फिर धुआँ हो जायेंगे लेकिन अपने जीते जी देश की शान पर आँच नहीं आने देंगे। ऐसे देशभक्तों के बीच कहीं देशनिकाला न हो जाए इस डर के मारे हाथ जोड़कर शाष्टांग दंडवत किया और कहा - निकलना खुल्द से आदम का सुनते आये थे लेकिन, बहुत बेआबरू हो कर तेरे कूचे से हम निकले।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

गुम होती संवेदनाये

हम भी उसके साथ कदम मिलाकर चल रहे हैं। पर इतनी भी रफ्तार ठीक नहीं, कि आराम करने का मौका ही न मिले! आजकल मोबाइल और इंटरनेट का युग है। हर कोई व्यस्त दिख रहा है। अपनी निजता और अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला देकर हर कोई दूसरे की जबान बंद कर देता है। घंटों मोबाइल के सामने समय बिताना एक चलन बन गया है। हालत यह है कि अब रिश्ते भी इसी पर ही अच्छे लगने लगे हैं। सोशल मीडिया के अलग-अलग मंच फेसबुक, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, ईमेल आदि ने मानो यह फरमान जारी कर दिया है कि अब लोगों को आपस में प्रत्यक्ष मिलने की जरूरत ही नहीं है। आप अपने स्मार्टफोन से हर ज्ञान, मनोरंजन, भावनाएं, सुख-दुख जैसी तमाम आवश्यकताएं यों ही पूरी कर सकते हैं। लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि संवेदनाएं, सहानुभूति, संवाद, सहयोग, स्वीकृति, प्यार के लिए परिवार, समाज, रिश्तों का एक विशेष स्थान है। इसकी जगह कोई भी मशीन, भौतिक चीज, मोबाइल, कंप्यूटर नहीं ले सकता है। कुछ समय पहले एक सज्जन की पत्नी का निधन हो गया। वे बहुत दिनों से बीमार थीं। उनकी तबियत के बारे में जानकारी अक्सर सोशल मीडिया पर साझा की जाती थी। उसमें हजारों टिप्पणियां मिलती थीं। सैकड़ों लोग सलामती की दुआएं मांगते थे। यह सब देखकर उन सज्जन का जी हल्का हो जाता था। वे मानकर चल रहे थे कि उनका सोशल मीडिया का परिवार बड़ा है। सभी खुशी-गम में काम आने वाले हैं। वे इस डिजिटल दुनिया के नये परिवार की खूब तारीफ किया करते थे। मगर जब पत्नी दुनिया छोड़ गईं, तो कुछ ही दोस्त सांत्वना देने उनके घर पहुंचे थे। हां, हजारों की संख्या में दुख प्रकट करती टिप्पणियां जरूर थीं, उनके फेसबुक पर। हैरानी की बात यह भी थी कि उनके दफ्तर के कुछ करीबी दोस्तों ने भी उनसे मिलना या फोन करना मुनासिब नहीं समझा। बस, सबने सोशल मीडिया का 'धर्म' निभाते हुए उसी मंच पर जाकर दुख प्रकट किया। पिछले महीने की बात है। ट्रेन में महज करीब दो साल का एक बच्चा मोबाइल पर टकटकी लगाये लगातार कुछ देख रहा था। शायद वीडियो गेम या बच्चों से जुड़े कुछ वीडियो। उसके मां-पिता भी अपने-अपने स्मार्टफोन पर चिपके हुए थे। तीनों का आपस में घंटों से कोई संवाद नहीं था। दिन में आठ-नौ घंटों के सफर में पति-पत्नी ने भी आपस में बहुत कम बार बात की। वह भी कुछ ही पल। बीच में जब बच्चा कभी रोता था, तब मां उसके मोबाइल में यूट्यूब पर कोई नया चैनल बदल देती थी या बिस्कुट पकड़ा देती थी। देर-सबेर बच्चा भी डिजिटल दुनिया में व्यस्त हो जाता था। अब सबकी नजर में ये बातें आम हो चुकी हैं। बहुसंख्यक आबादी तो इसी लत और नशे में चूर है। अब सबको सतर्क होना पड़ेगा कि डिजिटल दुनिया के जाल में फंस कर अपने समय और रिश्ते, दोनों को ही लोग खो न दें। स्क्रीन पर क्षणिक सुख तलाशने के चक्कर में जीवन के उत्पादक समय को गंवा न दें। अपने नौनिहालों के हिस्से का समय और प्यार तो किसी भी सूरत में उन्हें देना ही पड़ेगा। तभी भविष्य में ऊर्जावान और काबिल पीढ़ियां पुष्पित-पल्लवित हो सकेंगी। बात सिर्फ यह नहीं है कि हर जानने वाले से प्रत्यक्ष मुलाकात हुई ही हो। हर आदमी की परिस्थितियां अलग हैं। जिंदगी में सबकी अपनी व्यस्तताएं हैं, अलग तरह की समस्याएं हैं। लेकिन कुछ वर्षों में सोशल मीडिया की आड़ में रिश्तों का धड़ल्ले से डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जो एक इंसानी जीवन और स्वस्थ समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। सही है कि डिजिटल मीडिया ने हमारा जीवन बहुत आसान बना दिया है। सूचना, ज्ञान, नई बातें आदि अनेक क्षेत्रों में क्रांति आई है इससे। पर आज हमारी नासमझी या दूसरों को देखकर नकल करने की आदत, बाजार का दबाव या कुछ और, सबने हमसे हमारी सबसे बड़ी ताकत- रिश्तों की अहमियत- को बौना साबित कर दिया है।

■ **प्रेम प्रकाश**

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

पुत्राभिलाषी राजा रैभ्यने शास्त्रोक्त रीतिसे प्रचुर धन दान दिया। घृतकी आहुति अधिक पड़ते रहने से तीव्र प्रभायुक्त अग्निसे सुन्दर अंगोंवाली, शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न, बिम्बाफलके समान ओष्ठवाली, सुन्दर दाँतों तथा भौंहोंवाली, पूर्ण चन्द्रमाके समान मुखवाली, स्वर्णके समान आभावाली, सुन्दर केशोंवाली, रक्त हथेलियोंवाली, कोमल, सुन्दर लाल नेत्रोंवाली, कृश शरीरवाली तथा रक्त पादतल [तलवे] वाली एक कन्या प्रकट हुई ॥ 41-43 ॥

पुत्री जगत्मे 'एकावली' नामसे प्रसिद्ध होगी। पु इस कन्याको प्राप्तकर आप सुखी हो जायें। है राजेन्द्र सन्तोष कीजिये, भगवान विष्णुन आपको यह कन्या दी है ॥ 44-46 ॥

होताकी बात सुनकर राजाने उस सुन्दर कन्याकी और देखकर होताके द्वारा प्रदत्त उस कन्याको अति प्रसन्न होकर ले लिया। राजाने सुन्दर मुखवाली उस कन्याको ले करके अपनी पत्नी रुक्मरेखाको यह कहकर दे दिया कि हे सुभगे। इस कन्याको स्वीकार करो। कमलपत्रके समान नेत्रोंवाली उस मनोहर कन्याको पाकर रानी बहुत हर्षित हुई; वे ऐसी सुखी हो गयीं मानो उन्हें पुत्र प्राप्त हो गया हो।॥ 47-49 ॥

तत्पश्चात राजाने उसके जातकर्म आदि सभी शुभ मंगल कार्य सम्पन्न किये तथा पुत्रजन्मके अवसरपर होनेवाले जो कुछ भी कार्य थे, वे सब उन्होंने विधिपूर्वक सम्पन्न कराये। यज्ञ सम्पन्न करके राजा रैभ्य ब्राह्मणोंको विपुल दक्षिणा देकर तथा सभी विप्रेन्द्रोंको विदाकर अत्यन्त आनन्दित हुए ॥ 50-51 ॥

श्याम नेत्रोंवाली वह कन्या पुत्रवृद्धिके समान दिनोंदिन बढ़ने लगी। उसे देखकर उस समय रानी अपनेको पुत्रवती समझकर परम आनन्दित हुईं। उस दिन महलमें ऐसा उत्सव मनाया गया, जैसा पुत्रजन्मके अवसरपर मनाया जाता है। वह पुत्री उन दोनोंके लिये पुत्रके ही सदृश प्रिय हो गयी ॥ 52-53 ॥

हे सुबुद्धे! हे कामदेवसदृश रूपवाले ! मैं उन्हीं राजा रैभ्यके मन्त्रीकी पुत्री हूँ। मेरा नाम यशोवती है। मेरी तथा एकावलीकी अवस्था समान है। उसके साथ खेलने के लिये राजाने मुझे उसकी सखी बना दिया। इस प्रकार मैं उसकी सहचरी बनकर प्रेमपूर्वक दिन- रात उसके साथ रहने लगी ॥ 54-56 ॥

एकावली जहाँ भी सुगन्धित कमल देखती थी, वह बाला वहीं खेलने लग जाती थी, अन्यत्र कहीं भी उसे सुख नहीं मिलता था। [एक बार] गंगाके तटपर बहुत दूर कमल खिले हुए राजकुमारी एकावली सखियोंसहित मेरे साथ घूमती हुई वहाँ।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

यह शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

■ **अनिल सिन्हा , मेदिनीनगर।**

पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था संभालने के प्रति गंभीर होना होगा

पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भितरघात करके, निर्दोषों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। देश की कृषि एवं महापुरुषों की शांति भूमि राजनीतिक कारणों से हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की भूमि बन गयी है। जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक एवं नशे की संस्कृति चिन्ता का सबब बन रही है। निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं और अधिकांश लोग नशे में डूब रहे हैं। हथियारों का खुला प्रदर्शन और खूनखराबा आम बात हो गयी है। इस प्रकार यह हथियारों की श्रृंखला, नशे का नंगा नाच, अमानवीय कृत्य अनेक सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ सवाल लाशों के साथ सो गये। कुछ समय को मालूम है, जो भविष्य में उद्घाटित होंगे। इसके पीछे किसका दिमाग और किसका हाथ है? आज करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में यह सवाल है। क्या हो गया है हमारे पंजाब को? पिछले लम्बे दौर से हिंसा रूप बदल-बदल कर अपना करतब दिखाती है- विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या का। निदोर्षों को मारना कोई मुश्किल नहीं। कोई वीरता नहीं। पर निर्दोष तब मरते हैं जब पूरा देश घायल होता है। पंजाब की घायल अवस्था पर आम आदमी पार्टी सरकार जागी है, प्राथमिक तौर पर ही सही, उसने पहला कदम तो यह उठाया कि हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों और हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी। अब सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। यानी सार्वजनिक समारोह, धार्मिक स्थलों, शादियों और इसी तरह के आयोजनों में हथियारों के प्रदर्शन और इस्तेमाल पर रोक रहेगी। संभावना है कि सरकार की जागरूकता से जटिल होते पंजाब के हालात सुधरेंगे। पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता उन विद्रोही खूनी हाथों को खोजना होना चाहिए जो शांति एवं अमन के दुश्मन हैं। सरकार को इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी पंजाब की सारी खोजी एजेंसियों की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। कोई उद्योग, व्यापार ठप्प कर सकता है। कोई शासन प्रणाली को गूंगी बना सकता है। इसलिये सरकार का सारा जोर हथियारों पर रोक को लेकर है, क्योंकि राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक संस्कृति ने सरकार की नींद उड़ा दी है। छोटे-मोटे विवादों में भी लोग आवेश में आ जाते हैं और हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। ऐसे विवाद दुश्मनी में बदलते देर नहीं लगती और इसका नतीजा उसी खूनखराबे एवं हत्याओं के रूप में सामने आता है जो पिछले कुछ महीनों में देखने को मिलता रहा है। शिवसेना (टकसाली) के नेता सुधीर सूरी हों या डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह की हत्या की घटना, जिस तरह से बेखौफ आपराधिक तत्वों ने इन घटनाओं को अंजाम दिया, वह सरकार की कानून व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। जो सरकार की नाकामी को ही प्रदर्शित कर रहा है। क्या सरकार को यह नहीं देखना चाहिए कि हथियारों तक लोगों की पहुंच इतनी आसान कैसे होती जा रही है? आखिर राज्य पुलिस का सूचना तंत्र कर क्या रहा है? खुफिया एजेंसियां क्या कर रही हैं? पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का यहां इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। कुछ महीने पहले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद तो कोई संदेह ही नहीं रह गया कि राज्य में अपराध किस तेजी से बढ़ रहे हैं। पंजाब को आधार बनाकर विदेशी ताकतें देश में अशांति, अराजकता, अपराध एवं आतंकवाद को पनपाने के लिये आर्थिक एवं अराजक मदद कर रही हैं।

■ **ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

सेहत के लिए फायदेमंद हैं कच्ची सब्जियां

कच्ची सब्जियां आपके सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं

- कच्ची सब्जियों में शरीर को पोषण देने वाले जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जिसे खाने से शरीर स्वस्थ होता है।
- भोजन को पचाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद रेशे पाचन तंत्र को ठीक करते हैं।
- कच्ची सब्जियों में मौजूद रेशे पेट में जाकर फैलते हैं जिससे पेट भरा-भरा लगता है।
- कच्ची सब्जियों में मौजूद एंजाइम शरीर के पाचन शक्ति को मजबूत करता है, जिससे खाना अच्छे से पचता है।
- कच्ची सब्जियां और फल खाने से पेट भरा-भरा लगता है, जिससे मोटापा कम किया जा सकता है।
- कच्ची सब्जियां खाने का पूरक होती है जिससे आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं और शरीर में अतिरिक्त वसा नहीं जाती है।
- कच्ची सब्जियां मसालेदार भोजन को अच्छे से पचाने में सहायता करती है।
- कच्ची सब्जियों को पकाने के बाद उनके पोषक तत्व समाप्त हो जाते हैं, जबकि कच्ची सब्जियों में सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं।
- कच्ची सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट होता है जिससे रक्तचाप की समस्या नहीं होती है।
- कच्ची सब्जियां और कच्चे फल खाने से कई बीमारियां जैसे - कैंसर, डायबिटीज आदि से बचाव होता है।
- कच्ची सब्जियों में विटामिन और खनिज मौजूद होता है जिससे शरीर स्वस्थ और मजबूत होता है।
- कच्ची सब्जियां महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसे खाने से महिलाओं के मासिक धर्म में समस्या नहीं होती है।

कच्ची सब्जियों को प्रयोग करने के तरीके

- कच्ची सब्जी और फलों को लंच और डिनर में शामिल किया जा सकता है।
- कच्ची सब्जियों को सलाद के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।
- अगर आप पिज्जा खाने जा र.हे हैं तो उससे पहले कच्ची सब्जी के रूप में सलाद खाइए।
- अगर आपको आइसक्रीम खाने का मन है तो उससे पहले एक सेब खा सकते हैं।
- सुबह ब्रेकफास्ट के समय कच्चे फलों का सेवन किया जा सकता है। इससे शरीर में दिनभर ऊर्जा बनी रहेगी।
- कच्ची सब्जी के रूप में पत्तागोभी, प्याज, पालक, मशरूम, हरी मिर्च, हरी मटर, मूंग, शिमला मिर्च, मूली, खीरा आदि खाने में शामिल कर सकते हैं।
- विशेषज्ञों के अनुसार खाने में कम से कम एक कच्ची सब्जी का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इससे कई बीमारियां दूर होती हैं और शरीर स्वस्थ रहता है।

कच्ची सब्जियों में शरीर को पोषण देने वाले जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जिसे खाने से शरीर स्वस्थ होता है। भोजन को पचाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद रेशे पाचन तंत्र को ठीक करते हैं। मुद्दों पर आधारित ध्रुवीकरण ही देश के लिए लाभदायक होगा। बिहार में अब घर की छतों पर उगेंगी सब्जियां। अगर आप अच्छी सेहत बनाना चाहते हैं तो अपने भोजन में कच्ची सब्जियों को शामिल कीजिए। कच्ची सब्जियां खाने से सेहत अच्छी होती है। हर रोज न केवल लंच और डिनर में बल्कि ब्रेकफास्ट में भी कच्ची सब्जियों और फलों का सेवन कीजिए। कच्चे फल और सब्जियां भोजन को अच्छे से पचाने में सहायता करते हैं। इसके साथ-साथ कच्ची सब्जियों में जरूरी पोषक तत्व होता है जिससे शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलता है। कच्ची सब्जियों में मौजूद पोषक तत्व और रेशे पेट की बीमारियों को दूर कर शरीर को स्वस्थ बनाते हैं।

बीमारियों को कोसो दूर रखता है शलजम

सर्दियों के मौसम में बाजार में कई तरह की सब्जियां आती हैं। जिनमें से एक शलजम भी है। इसका सेवन करने से कई बीमारियों से राहत मिलती है। इस मौसम में शलजम खाना बहुत ही फायदेमंद होता है। इसे पोषक तत्वों का पावरहाउस भी कहते हैं क्योंकि इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसमें विटामिन-के, विटामिन-सी, कैल्शियम, पौटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन-ए पाया जाता है। शलजम का सेवन करने से इम्यून शक्ति मजबूत होती है और आपका शरीर कई तरह की बीमारियों बचा रहता है।

मजबूत होता है पाचन : शलजम का नियमित सेवन करने से आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर आंतों की सफाई करने में मदद करता है। इससे आपकी पाचन क्रिया अच्छी होती है। इसके अलावा शलजम खाने से पेट में दर्द, कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

कंट्रोल में रहता है ब्लड शुगर : शलजम का सेवन करने से आपका ब्लड शुगर भी नियंत्रित करता है। शलजम डायबिटीज के रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होती है क्योंकि इसमें शुगर काफी अच्छी मात्रा में पाई जाती है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर के कारण इसे पचाने में ज्यादा समय नहीं लगता इससे आपका ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ता। इसलिए डायबिटीज के रोगियों के लिए शलजम बहुत ही फायदेमंद मानी जाती हैं।

तेज करें आंखों की रोशनी : शलजम में विटामिन-ए पाया जाता है। यह आपकी आंखों के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से आंखों की रोशनी तेज होती है। आंख में खुजली, जलन जैसी समस्याएं से भी शलजम का सेवन करने से राहत मिलती है। यदि आप चाहते हैं कि आपकी आंखें स्वस्थ रहे तो शलजम का सेवन जरुर करें।

मजबूत करे इम्यूनिटी : सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी भी काफी कमजोर हो जाती है जिसके कारण इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगता है। यदि आप सर्दियों में स्वस्थ रहना चाहते हैं तो शलजम का सेवन जरुर करें। इसे अपनी डाइट का हिस्सा जरुर बनाएं। शलजम में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। यह गुण इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करके आप सर्दी में जुकाम-खांसी और वायरल इंफेक्शन से भी बच सकते हैं।

हड्डियां बनेगी मजबूत : सर्दियों में शलजम खाने से हड्डियां भी मजबूत होती है। यदि आपको जोड़ों में दर्द की समस्या है तो वह भी दूर होगी। शलजम में पाया जाने वाला कैल्शियम और आयरन आपको समस्या से राहत दिलवाने में मदद करेगा। इससे आपकी हड्डियां, मांसपेशियां मजबूत होंगी।

दूर होगी खून की कमी : शलजम का सेवन करने से आपके शरीर में से खून की कमी भी पूरी होगी। इसमें आयरन की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है यह आपके शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में सहायता करता है। शलजम का सेवन करने से खून बढ़ता है। इसके अलावा थकान और कमजोरी जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है। यदि आपको एनीमिया की समस्या है तो आप जरुर शलजम का सेवन करें।

लाइम रोग क्या है इसके लक्षण, इलाज व बचाव के उपाय

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, इसलिए इसके इलाज के लिए डॉक्टरएंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल करते हैं, जिससे यह ठीक हो जाती है। यह टिक यानी एकदम सूक्ष्म कीट के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। बैक्टीरिया बोरेलिया बर्गडोरफेरी केकाटने से होता है। भारत में हालांकि इस रोग के दुर्लभ मामले ही सामने आए हैं, लेकिन अमेरिका में यह बड़ीतादाद में फैला है। लाइम रोग कैसे फैलता है और आप कैस इससे बच सकते हैं जानिए यहां।

क्या है लाइम रोग? : यह एक प्रकार का संक्रामक रोग है जो बोरेलिया बर्गडोरफेरी नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। बोरेलियाबर्गडोरफेरी बहुत ही सूक्ष्म कीट होता है जो त्वचा में चिपकर कई दिनों तक खून चूसता रहता है और प्रभावितव्यक्ति को इसका पता भी नहीं चल पाता। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसमें त्वचा लाल हो जाती है और सूजनभी आती है। समस्या यह है कि जल्दी इसका पता नहीं चल पाता। इस तरह से अंदर ही अंदर संक्रमण पूरे शरीरमें फैल जाता है।

क्यों होता है लाइम रोग : विशेषज्ञों के मुताबिक, यह रोग बोरेलिया बर्गडोरफेरी नामक बैक्टीरिया के काटने से होता है तो त्वचा में चिपकर खून चूसने लगता है और इसकी वजह से शरीर में अंदर ही अंदर इंफेक्शन फैल जाता है।

लक्षण

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, शुरूआत में इसके लक्षण कुछ खास नहीं होते जिसके वजह से बीमारी का पता जल्दी नहीं चल पाता है। आमतौर पर इसके लक्षणों में शामिल है।

- फ्लू जैसे लक्षण दिखना
- त्वचा पर मच्छर के काटने जैसे निशान दिखना, जो धीरे-धीरे बड़ा होने लगता है और इसमें खुजली होने लगती है।
- थकान महसूस होना
- नाड़ी धीमी होना
- बुखार आना
- ठंडी लगना
- सिसदर्द होना
- मसल्स में दर्द
- लिम्फ नोड्स का बढ़ना
- ठीक से दिखाई न देना

लाइम रोग का इलाज

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, इसलिए इसके इलाज के लिए डॉक्टरएंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल करते हैं, जिससे यह ठीक हो जाती है। आमतौर पर इसके इलाज के लिए डॉक्टरडॉक्सिसीक्लिन, एमोक्सिसिलिन और सेफूरोक्साइम जैसी एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसबीमारी के साथ समस्या यह है कि लोगों को शुरूआत में इसका पता ही नहीं चल पाता और जब पता चलता हैस्थिति गंभीर हो जाती है। इसलिए यदि आपको भी फ्लू जैसे लक्षण दिखे और शरीर पर लाल चकत्ते जैसा दिखाई देतो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

लाइम रोग से बचाव

- घने जंगल या झाड़ियों में जाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें, खासतौर पर बगीचे या घास में बैक्टीरिया छुपे हो सकते हैं।
- झारियों के बीच जाते समय हमेशा हल्के रंग के कपड़े पहनें ताकि कोई छोटा कीट भी कपड़े पर आए तो दिख जाए।
- बालों को हमेशा कवर करके रखें।
- ज्यादा घास वाली जगह पर न बैठें।
- पूरी बांह के कपड़े और जूते पहनकर ही बगीचे या झाड़ी में जाएं।
- बाहर से आने के बाद शरीर की जांच कर लें कि कहीं किसी कीट ने काटा तो नहीं है।
- बाहर से आने के बाद नहा लेना भी अच्छा होता है।

❖ कंचन सिंह

आसान तरीकों से घर पर ही करें नेल एक्सटेंशन

नाखूनों पर ग्लू लगाने का है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लू के बिना आप एक्सटेंशन का यूज नहीं कर पाएंगे बस ये ध्यान रहे कि एक बार में एक नाखून पर ही ग्लू लगाएं ताकि दूसरे नेल्स की ग्लू कहीं सूख ना जाए और आपकी मेहनत बेकार हो जाएं।

आजकल सभी चाहते हैं कि उनके हाथ और पैर सुंदर दिखे जिनसे उनकी खूबसूरती में चार चांद लग जाए इसलिए सभी पहले से ही तैयार किए हुए नेल एक्सटेंशन (Nail Extension) को बेहद पसंद कर रहे है लेकिन आजकल के जमाने में सभी जानते हैं कि नेल एक्सटेंशन कैसे लगाया जाता है। प्राचीन काल से ही महिलाओं ने अपने नाखूनों को भिन्न भिन्न तरीकों से पेंट और एक्सेसराइज किया है। महिलाओं का लंबे नाखूनों की तरफ आकर्षण आज का नहीं बल्कि रानी महारानी के वक्त का ही है। वहीं कई मशहूर हस्तियों को अक्सर लंबे नाखूनों के साथ देखा गया है। मैनीक्योर नेल एक्सटेंशन (Nail Extension) करने के लिए एक ऐसा पहला स्टेप है जिसमें आप अपने नाखूनों की साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है और आगे के प्रकिया के लिए तैयार किया जाता है।

नेल्स की करें बफिंग : दरअसल बफिंग का मतलब नाखूनों को खुश्क करना होता है जिससे कि आपके नाखूनों पर एक्सटेंशन सही तरीके से इस्तेमाल की जा सके बफ आपके नाखूनों को बिल्कुल नया कर देता है तभी यह स्टेप बहुत जरूरी कहा जाता है जिसे हर पार्लर मे या घर पर भी आप आसानी से कर सकते हैं।

अच्छी किस्म का ले ग्लू : अगला स्टेप नाखूनों पर ग्लू लगाने का है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लू के बिना आप एक्सटेंशन का यूज नहीं कर पाएंगे बस ये ध्यान रहे कि एक बार में एक नाखून पर ही ग्लू लगाएं ताकि दूसरे नेल्स की ग्लू कहीं सूख ना जाए और आपकी मेहनत बेकार हो जाएं।

नेल पेंट लगाएं : अब तैयार किए हुए नेल्स को अपनी मनपसंद नेल पेंट लगाकर आकर्षक बनाएं और साथ ही कम से कम नेलपेंट का दो कोट लगाएं जिससे आपके नाखून शाइन करने लग जाएँगे।

रेडीमेड एक्सटेंशन भी कर सकती है यूज : आजकल बाजार में और ऑनलाइन नेल एक्सटेंशन के बहुत से ऑप्शन आ गए हैं जहां आपको डिजाइन किए गए नेल्स बिना किसी मेहनत के ही तैयार मिल जाते हैं।

बात करें नाखूनों की तो कुछ को मजबूत और सुंदर नाखूनों से नवाजा जाता है, वहीं दूसरों को साफ और सुंदर दिखने के लिए अपने नियमित मैनीक्योर पर बहुत ध्यान देना पड़ता है। नतीजतन, वर्तमान फैशन उद्योग में कृत्रिम नाखून या एक्सटेंशन लोकप्रिय होती ही जा रही हैं। और हर युवती इसे अपने रोज के लाइफस्टाइल में अपना रही है। ये नेल एक्सटेंशन Nail Extension) ऐक्रेलिक, फाइबरग्लास या जेल से बने होते हैं, और इस प्रक्रिया को मूर्तिकला के रूप में भी जाना जाता है।

घर में पूजा घर बनवाते समय इन बातों का रखें ध्यान

घर में पूजाघर में लोग अपने ईष्ट देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित करके पूजा करते हैं। प्रतिदिन पूजा करने से जीवन ने सकारात्मकता और सफलता प्राप्त होती है। लेकिन घर में पूजाघर बनवाते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हम में से अधिकांश लोग अपने घर या ऑफिस में मंदिर जरूर बनवाते हैं। घर में पूजाघर में लोग अपने ईष्ट देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित करके पूजा करते हैं। प्रतिदिन पूजा करने से जीवन ने सकारात्मकता और सफलता प्राप्त होती है। लेकिन घर में पूजाघर बनवाते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पूजा घर की दिशा : घर में पूजाघर बनवाते समय या मंदिर रखने के समय पूजा घर की दिशा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिर हमेशा ईशान यानी उत्तर पूर्व कोण या पूर्व में होना चाहिए। इस दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। घर में मंदिर बनवाते समय ध्यान रखें कि पूजाघर कभी भी दक्षिण पश्चिम दिशा में नहीं होना चाहिए। इस दिशा में मंदिर होने से घर में अशांति फैलती है और कार्यों में रुकावट पैदा होती है।

पूजा करते समय इस दिशा में हो आपका मुख : घर में मंदिर की दिशा के साथ-साथ इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि पूजा करते हुए आपका मुख किस में है। इस बात का भी विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा, घर के मंदिर में कभी भी लाल रंग के बल्ब नहीं लगाना चाहिए। इससे इंसान दिमागी रूप से परेशान रहता है। वास्तु के अनुसार, मंदिर में सफेद रंग का बल्ब लगाना चाहिए, इससे सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

यहाँ ना बनवाएं मंदिर : वास्तु के अनुसार, घर में मंदिर कभी भी बेडरूम, किचन, सीढ़ियों के नीचे या बेसमेंट में नहीं बनवाना या रखना चाहिए। इसके अलावा, मंदिर कभी भी टॉयलट के सामने, ऊपर या नीचे नहीं होना चाहिए। ऐसा होने से वास्तुदोष का प्रभाव घर के सदस्यों पर पड़ता है।

मंदिर में ना रखें ऐसे मूर्तियां : वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिर में कभी भी खंडित मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। इससे घर में नकारत्मकता फैलती है। यदि मंदिर में कोई खंडित मूर्ति है तो जल्द ही उसे प्रवाह कर दें। इसके अलावा मंदिर में पूर्वजों की फोटो भी नहीं रखनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिर में भूलकर भी बासी फूल भी नहीं रखने चाहिए। अगर मंदिर में बासी फूल पड़े हुए हैं तो उसे प्रवाहित कर दें।

पूजा घर में बिछाएं पीले रंग का कपड़ा : वास्तु के मुताबिक, मंदिर में पीले रंग का कपड़ा बिछाना शुभ माना जाता है। मंदिर में कभी भूलकर भी लाल रंग के कपडे.ना बिछाएं। ऐसा करने से मन शांत नहीं रहता है।

ना रखें ऐसी तस्वीरें : कई बार हम मंदिर में एक ही भगवान की कई तस्वीर लगा देते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार यह बिल्कुल गलत है। इसके अलावा घर के मंदिर में कभी शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। अगर रखना भी हो तो शिवलिंग को घर के बाहर गमले में रखें।

हवा से पेयजल उत्पादन की अक्षय ऊर्जा आधारित तकनीक

वैसे तो हवा की नमी से जल प्राप्त करने की अवधारणा नई नहीं है। लेकिन, वायुमंडलीय नमी से जल प्राप्त करने की परंपरागत पद्धति में काफी बिजली खर्च होती है। जबकि, हम यह जानते हैं कि बिजली हमेशा स्वच्छ तथा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न नहीं होती। लगातार बढ़ता पेयजल संकट पूरी दुनिया में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। बेंगलुरु स्थित नवोन्मेषी स्टार्टअप-उरावु लैब्स ने इस चुनौती के बीच स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक नई एवं टिकाऊ तकनीक पेश की है। हवा की नमी से जल उत्पादन के लिए यह तकनीक शत प्रतिशित अक्षय ऊर्जा पर आधारित है, जो पेयजल के संकट से जूझ रहे इलाकों में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। उरावु लैब्स की अवधारणा नवोन्मेषी युवाओं की टीम द्वारा विकसित की गई है, जिसमें वैज्ञानिक, इंजीनियर और डिजाइनर शामिल हैं। उनके द्वारा विकसित स्वच्छ पेयजल उत्पादन की यह तकनीक वायुमंडलीय नमी एवं शत प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित है। भूमिगत जल की कमी, खारे पानी और प्रदूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे इलाकों के लिए यह तकनीक विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। इस प्रौद्योगिकी में विशिष्ट जल-अवशोषक से लैस अभिनव डिजाइन का उपयोग किया गया है और इसका बड़े पैमाने पर विस्तार भी किया जा सकता है। शत प्रतिशत नवीकरणीय रूप से स्वच्छ पेयजल प्राप्त करने के लिए इसे सौर ऊर्जा, अपशिष्ट-ताप अथवा बायोमास जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जोड़ा जा सकता है। जबकि, हम यह जानते हैं कि बिजली हमेशा स्वच्छ तथा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न नहीं होती। इसके विपरीत, उरावु लैब्स ने अपनी जल-अवशोषक मशीनों में जलशुष्कक सामग्री पर आधारित विशिष्ट तकनीकी रूपरेखा का उपयोग किया है। जलशुष्कक-आधारित प्रौद्योगिकी में स्थानांतरित होने का लाभ यह है कि इससे वायुमंडलीय नमी से जल प्राप्त करने की पद्धति को 100% नवीकरणीय बनाया जा सकता है। वर्ष 2019 में, यह स्टार्टअप नवोन्मेषी विचार के कुछ उत्साही युवाओं की टीम द्वारा शुरू किया गया है, जिसमें प्रदीप गर्ग, स्वप्निल श्रीवास्तव, वेंकटेश आर, और गोविंदा बालाजी शामिल हैं। इस स्टार्टअप का प्रयास सभी के लिए सुलभ पेयजल एवं उसके वितरण के नवोन्मेषी तरीकों के उपयोग से पर्यावरणीय एवं उसके सामाजिक घटकों में प्रभावी बदलाव लाना है।

इस विंटर वेडिंग बॉलीवुड डीवाज की तरह करें खुद को स्टाइल

विंटर में अगर आप खुद को स्टाइलिश दिखाने के साथ-साथ गर्म भी रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप वेलवेट साड़ी पहनें। वेलवेट साड़ी देखने में बेहद ही एलीगेंट लुक देती है और विंटर वेडिंग के लिए यह एक बेहद ही अच्छा ऑप्शन है। अब शादी का सीजन शुरू हो चुका है। वेडिंग एक ऐसा फंक्शन होता है, जब हर लड़की या महिला सबसे अलग व खास दिखना चाहती है। अमूमन महिलाओं को यह समझ नहीं आता है कि वे वेडिंग फंक्शन में खुद को किस तरह स्टाइल करें। हो सकता है कि आपके किसी करीबी की शादी जल्द ही होने वाली हो और आप भी इसी असमजंस में हों।

पहनें सिल्क लहंगा : सिल्क एक ऐसा फैब्रिक होता है, जो आपको एक रॉयल लुक देता है। ऐसे में विंटर वेडिंग के फंक्शन में आप सिल्क या बनारसी सिल्क लहंग को पहनने पर विचार कर सकती हैं। इस लुक में कंगना ने भी ग्रीन कलर के सिल्क लहंगे को स्टाइल किया है, जिस पर खूबसूरत मोटिफ देखने में काफी अच्छे लग रहे हैं। कंगना ने लाइट मेकअप और स्टेटमेंट हैवी चोकर से अपने लुक को कंप्लीट किया है। वहीं, चुनरी को उन्होंने दोनों शोल्डर पर कैरी किया है, जो देखने में काफी अच्छा लग रहा है।

पहनें वेलवेट साड़ी : विंटर में अगर आप खुद को स्टाइलिश दिखाने के साथ-साथ गर्म भी रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप वेलवेट साड़ी पहनें। वेलवेट साड़ी देखने में बेहद ही एलीगेंट लुक देती है और विंटर वेडिंग के लिए यह एक बेहद ही अच्छा ऑप्शन है। आप वेलवेट साड़ी के साथ फुल स्लीव्स ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। वहीं, मेकअप को लाइट ही रखें। स्वरा भास्कर ने इस लुक में अपनी हेयर एक्सेसरीज के जरिए अपने ओवर ऑल आउटफिट को एक स्टेटमेंट लुक दिया है।

पहनें एंब्रायडिड लहंगा : अगर आप किसी करीबी की शादी को अटेंड कर रही हैं और अपने लुक को हैवी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड लहंगा भी पहन सकती है। भूमि पेडनेकर ने इस लुक में एंब्रायडिड लहंगा ही स्टाइल किया है, जिसमें ब्लाउज को फुल स्लीव्स लेकिन क्रॉप्ड लुक दिया गया है। उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को स्टाइल किया है। वहीं मेकअप में लिप्स को पिंक टच और मैसी बन से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है।

❖ मिताली जैन

आज का राशिफल

मेष राशि : परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्चों की अधिकता रहेगी। पिता का साथ मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

वृष राशि : लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

मिथुन राशि : बातचीत में सन्तुलित बनाकर रखें। कला या संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

कर्क राशि : नौकरी के लिए परीक्षा में सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि : माता-पिता का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के साथ विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

कन्या राशि : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। मन अशान्त रहेगा।

तुला राशि : कारोबार में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी की उम्मीद है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

धनु राशि : शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार पर भी ध्यान दें। मन अशान्त हो सकता है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

मकर राशि : जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। आय के साधन बन सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

कुंभ राशि : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा।

मीन राशि : आत्मविश्वास रहेगा। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है। मित्र का सहयोग मिल सकता है। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

रूस ने किया यूक्रेन के अस्पताल पर हमला

मॉस्को (एजेंसी)। 20 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर रुसी सेना ने यूक्रेन में घुसपैठ करते हुए हमला कर दिया। रूस और यूक्रेन के बीच चल युद्ध को 9 महीने पूरे हो चुके हैं, पर अभी भी यह युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि लंबे समय और कई प्रयासों के बावजूद भी रुसी सेना को अब तक अपने मंसूबों में सफलता नहीं मिली है और उनके हौसले में भी गिरावट आयी है। अब तक इस युद्ध में यूक्रेन में बड़ी तादाद में लोगों की मौत हुई है और बड़ी तादाद में ही लोग घायल भी हुए हैं। पर इसके बावजूद रुसी राष्ट्रपति के आदेश पर सेना पीछे नहीं हट रही। ताजा रिपोर्ट के अनुसार रुस ने एक बार फिर यूक्रेन के अस्पताल को टारगेट किया है। रुसी हमले में अस्पताल के मैटरनिटी बिल्डिंग को टारगेट किया। इस हमले में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। युद्ध शुरू होने के बाद रुसी सेना यूक्रेन के हेल्थ सिस्टम पर अब तक करीब 700 हमले कर चुकी है। यूक्रेन की इमरजेंसी सर्विस ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के जेपोरीजिया प्रांत के शहर विलनिअन्स्क शहर में स्थित दो मंजिला मैटरनिटी अस्पताल पर रूस ने हमला किया। इससे यह मैटरनिटी ब्लॉक ध्वस्त हो गया। यूक्रेन के अस्पताल पर हुए इस रुसी हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इसकी निंदा की है। साथ ही उन्होंने रूस पर आतंक और हत्या का आरोप भी लगाया है।

सऊदी अरब में महज 10 दिन में 12 लोगों को सजा-ए-मौत

रियाद (एजेंसी)। सऊदी अरब में आज भी पुरानी परंपरा पर चल रहा है जहां सजा का मतलब मौत ही माना जाता है। कुछ ऐसा ही बीते 10 दिनों में देखने को मिला। जहां 12 लोगों को सिर काट कर सजा दी गयी। इस सजा में लोगों का सिर धड़ से अलग किया गया। हालांकि, इससे पहले कुछ समय पहले सरकार ने मौत की सजा में ढील छोड़ी थी। लेकिन एक बार फिर से सजा की ये परंपरा शुरू हो गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब में जिन 12 लोगों को ये सजा दी गयी है। उसमें अधिकतर लोग प्रवासी है। जिसमें तीन पाकिस्तानी, चार सीरियाई और दो जॉर्डन के रहनेवाले हैं। इन लोगों में तीन सऊदी अरब के ही लोग हैं। जिन पर ड्रग्स संबंधित कानून के उल्लंघन का आरोप था, जिसके चलते इन्हें सजा-ए-मौत दी गयी थी। खास बात ये है कि सऊदी अरब के मॉडर्न इतिहास में पहली बार इतनी संख्या में लोगों को सजा-ए-मौत की सजा दी गयी थी।

उत्तरी सेना के कमांडर बोले -

पीओके पर कार्रवाई को सेना है तैयार

सरकार के आदेश का इंतजार, लॉन्चपैड पर 300 आतंकी मौजूद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उत्तरी सेना के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बड़ा बयान दिया है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, मीडिया को दिये बयान में उन्होंने कहा सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के लिए तैयार है। उन्हें सरकार के आदेश का इंतजार है। पीओके वापस लेने के रक्षा मंत्री के बयान पर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार द्वारा दिये गये किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी इस तरह के आदेश दिये जायेंगे, हम हमेशा इसके लिये तैयार रहेंगे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 27 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में इन्फेंट्री दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पाकिस्तान को चुनौती देते हुए कहा था कि पाकिस्तान उसके कब्जे वाले कश्मीर अर्थात पीओके में लोगों पर अत्याचार कर रहा है और पाकिस्तान को इसके लिए अंजाम भुगतने पड़ेंगे।

सीमापार से 300 आतंकी घुसपैठ को तैयार : जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 82 विदेशियों समेत आतंकवादी सक्रिय हैं। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या लगभग है, जिनमें 82 आतंकवादी और 53 स्थानीय शामिल हैं, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की सभी योजनाओं को विफल करने के प्रयास जारी हैं।

जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुंछ लिंक अप दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा कि उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि राजौरी-पुंछ बेल्ट समेत जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में 300 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से 150 से अधिक अज्ञात सूचीबद्ध हैं जिन्हें आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा गया है? सेना कमांडर ने कहा कि सुरक्षाबलों पर हमला करने के संबंध में सभी योजनाओं को रोकने और विफल करने के लिए सहयोगी संबंधित एजेंसियों के साथ निकट समन्वय में सेना द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि लॉन्च पैड्स पर सक्रिय आतंकवादियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सीमा पार विभिन्न लॉन्च पैड्स पर 160 आतंकवादी बैठे हैं। इस बीच, अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद सुरक्षा स्थिति पर, जीओसी-इन-सी ने कहा कि सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखा गया है, शांति और विकास को गति मिली है और नागरिक प्रशासन जगह ले रहा है।

गुजरात में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम, बोले-

वोट बैंक की राजनीति ने देश को किया बर्बाद

- पीएम बोले - कांग्रेस की राजनीति के मॉडल का अर्थ भाई-भतीजावाद, जातिवाद, संप्रदायवाद और वोट बैंक की है राजनीति

मेहसाणा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की राजनीति के मॉडल का अर्थ भाई-भतीजावाद, जातिवाद, संप्रदायवाद और वोट बैंक की राजनीति है। उत्तर गुजरात के मेहसाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ना सिर्फ गुजरात को बल्कि पूरे देश को बर्बाद कर दिया। गुजरात में दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का मतदान एक और दूसरे चरण का मतदान पांच दिसम्बर को होगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस मॉडल का अर्थ है भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद की राजनीति, संप्रदायवाद और जातिवाद। वे सत्ता में बने रहने के लिए वोट बैंक की राजनीति करने और लोगों के बरीच दरार पैदा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मॉडल ने ना सिर्फ गुजरात को बर्बाद किया बल्कि देश को भी बर्बाद किया। यही वजह है कि देश को आगे ले जाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने दाहोद, वड़ोदरा और भावनगर में भी चुनावी रैलियों को संबोधित किया।

चीन में दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री में मचा बवाल, हिंसक झड़प

बीजिंग (एजेंसी)। चीन के झोंगझोउ शहर में स्थिति दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री के बाहर बुधवार को जमकर बवाल हुआ है। कई हफ्ते से कोरोना प्रतिबंधों का सामना कर रहे फैक्ट्री के कर्मचारी बुधवार को बैरिकेड्स तोड़कर परिसर से भागने लगे। इस बीच वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प भी देखने को मिली है। परिसर से भाग रहे कर्मचारियों को पीटा भी गया है और कुछ को हिरासत में भी रखा गया है। फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप प्लांट के कर्मचारी, जो ऐप्पल आईफोन बनाते हैं उन्हें पिछले कुछ दिनों से कोरोना प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा रहा है। कंपनी को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। चीनी सोशल मीडिया पर उपलब्ध झोंगझोउ स्थित कारखाने के वीडियो में नकाब पहने हजारों प्रदर्शनकारी सफेद सुरक्षात्मक सूट पहने पुलिसकर्मियों का सामना करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को पोस्ट किये गये कुछ वीडियो में यह नजर भी आ रहा है। वीडियो और फुटेज में कई लोग खून से लथपथ भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा ग्रुप में कुछ लोगों को नारे भी लगाते हुए दिखाया गया है। कई कर्मचारियों ने सुरक्षाकर्मियों से भिड़ने के लिए प्लांट में लगे अग्निशमन यंत्रों का भी इस्तेमाल किया है। ब्लूमबर्ग ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि एक ही प्वाइंट पर कई लोगों ने पुलिस की कार को घेर लिया था और वाहन को धक्का देना शुरू कर दिया था। हिंसक झड़प के बाद चीनी दंगा पुलिस को कारखाने के आसपास तैनात कर दिया गया है।

युवा इंजीनियर उम्मीदवार पर भारी पड़े पीएम देउबा

लगातार सातवीं बार जीते चुनाव, डडेलधुरा से कभी नहीं मिली हार

काठमांडू (एजेंसी)। प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सुदूर पश्चिमी नेपाल के डडेलधुरा निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों के अंतर से लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की है। देउबा (77) को 25,534 वोट मिले, जबकि उनके निकटम प्रतिद्वंद्वी एवं निर्दलीय उम्मीदवार सागर ढकाल (31) को 1,302 मत हासिल हुए। देउबा अपने पांच दशक के राजनीतिक करियर में कभी कोई संसदीय चुनाव नहीं हारे हैं। ढकाल एक युवा इंजीनियर हैं, जिनकी पांच साल पहले साझा सवाल कार्यक्रम में एक सार्वजनिक परिचर्चा के दौरान देउबा से मौखिक बहस हुई थी।

इसके बाद उन्होंने यह कहते हुए देउबा को चुनौती देने का फैसला किया था कि अब युवाओं को

राजनीति में आना चाहिए और देउबा जैसे वरिष्ठ लोगों को आराम करना चाहिए। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा अभी पांचवीं बार प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हैं। सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस ने अभी तक प्रतिनिधि सभा में 10 सीटें जीती हैं, जबकि वह 46 अन्य सीटों पर आगे चल रही है। केपी ओली की अगुवाई वाले मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) ने अभी तक तीन सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 42 सीटों पर उसने बढ़त हासिल कर ली है।

हिमालयी देश में प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतों की विधानसभाओं के लिए गत रविवार को मतदान हुआ था। मतों की गिनती सोमवार को शुरू की गयी। नेपाल में संघीय संसद की 275 सीटों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चयन प्रत्यक्ष मतदान के जरिए होगा।

पुलिस दिखा सकती थी और संयम : सरमा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम-मेघालय सीमा से लगे एक गांव में हिंसा में छह लोगों की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि पुलिस भीड़ को काबू करने के लिए और संयम दिखा सकती थी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मंगलवार की घटना का असम-मेघालय सीमा मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। यह दो पक्षों के बीच लड़ाई का परिणाम था। कुछ स्थानीय लोग और वन रक्षक आपस में उलझ रहे थे, जो अंततः घटना का कारण बना। छह लोगों की मौत वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अकारण गोलीबारी का मामला प्रतीत होता है। हमने कुछ पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

यरूशलम में बस स्टॉप के पास धमाका, कई घायल

यरूशलम (एजेंसी)। यरूशलम में बुधवार को एक बस स्टॉप के पास हुए धमाके में कम से कम 12 लोग घायल हो गये। इजराइली पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने धमाके के पीछे फलस्तीनियों का हाथ होने की आशंका जतायी। पुलिस के मुताबिक, धमाका शहर के बाहर एक राजमार्ग पर स्थित बस स्टॉप के पास हुआ, जो हमेशा यात्रियों से भरा रहता है। घटनास्थल पर मौजूद चिकित्सा कर्मी योसेफ हैम गाबेय ने आर्मी रेडियो को बताया कि यहां हर तरफ विनाश का मंजर है और कुछ घायलों के शरीर से बहुत ज्यादा खून बह रहा है। यरूशलम के अस्पतालों ने बताया कि उनके यहां धमाके में घायल 12 लोगों को भर्ती कराया गया है, जिनमें दो गंभीर और दो

अन्य बेहद गंभीर रूप से जख्मी हैं। धमाके के पीछे की वजह पता लगायी जा रही है, लेकिन यह ऐसे समय में हुआ है, जब इजराइलियों के खिलाफ किये गये जानलेवा हमलों में 19 लोगों की मौत के बाद इजराइली बलों द्वारा वेस्ट बैंक में महीनों से की जा रही छापेमारी से इजराइल और फलस्तीन के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। वर्ष 2022 में वेस्ट बैंक और पूर्वी यरूशलम में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष में 130 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिससे यह साल 2006 के बाद से क्षेत्र में सबसे घातक वर्ष बनकर उभरा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसकी कार्रवाई में मारे गये ज्यादातर फलस्तीनी आतंकवादी थे। हालांकि, इजराइली बलों की छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ युवा और कई ऐसे लोग भी मारे गए हैं, जो टकराव में शामिल नहीं थे। यरूशलम के उत्तर में स्थित रामोत के एक इलाके में भी एक धमाके की खबर है, लेकिन पुलिस ने इसकी तत्काल पुष्टि नहीं की है।

असम में प्रेमी ने प्रेमिका की लाश से रचाई शादी

भाई बोला- बहन की आखिरी इच्छा पूरी हुई

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के एक प्रेमी की कहानी ने सभी को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस प्रेमी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी प्रेमिका की लाश से शादी कर रहा है। वीडियो के साथ बुधवार को जो जानकारियां साझा की गयीं, उनके मुताबिक वीडियो असम के मोरीगांव के रहनेवाले बिटुपन तमोली और उसकी प्रेमिका प्रार्थना का है, जिसकी 18 नवम्बर को मौत हो गयी। बिटुपन ने प्रार्थना से शादी का वादा किया था। उसकी मौत के बाद परिवार ने ऐसा करने से मना किया, पर बिटुपन नहीं माना। उसने लाश की मांग में सिंदूर भरा और माला पहनाई। उसने दूसरी माला अपने गले में डाल ली। अंतिम विदाई से पहले प्रार्थना के शव को माला पहनाई और फिर दूसरी माला उसके शरीर से लगाकर अपने गले में डाल ली। प्रार्थना के भाई ने कहा कि मेरी बहन बहुत खुशकिस्मत थी। वह बिटुपन से शादी करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि उन्होंने उनकी आखिरी इच्छा पूरी की। फूट-फूट कर रोते बिटुपन ने परिजनों की मौजूदगी में शव के साथ शादी की रस्में अदा कीं।

कई सालों से था प्यार जल्द करनेवाले थे शादी

मोरीगांव निवासी 27 साल का बिटुपन तमुली और चापरमुख के कोसुआ गांव की 24 साल की प्रार्थना बोरा कई सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे। यह बात दोनों के घरवालों को पता थी। वे जल्द ही शादी करनेवाले थे, लेकिन इसी बीच प्रार्थना बीमार पड़ गयी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान प्रार्थना की मौत हो गयी। जब बिटुपन को प्रार्थना के बारे में पता चला, तो वह उसके घर पहुंचा और अपनी दुल्हन बनने की उसकी आखिरी इच्छा पूरी की।

न्यूज गैलरी

श्रम मंत्री ने विधायक को तेनुघाट व कसमार आईटीआई शीघ्र शुरू करने को लेकर किया आश्वस्त

रांची। राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो को इस बात के लिए आश्वस्त किया है कि तेनुघाट और कसमार में बनकर तैयार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। गोमिया विधायक ने मंत्री से मिलकर आज कहा कि लंबे समय से दोनों आईटीआई अपने -अपने उद्घाटन की बाट जोह रहा है. उद्घाटन नहीं होने की वजह से शैक्षिक सत्र भी प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। यह भी कहा कि आईटीआई के प्रारंभ हो जाने का लाभ गोमिया विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को प्राप्त हो सकेगा। छात्र रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

चंदन कुमार सिन्हा की माता का निधन

रांची। चंदन कुमार सिन्हपा की माता शकुंतला देवी का 70 वर्ष की अवस्था में 23 नवंबर को रांची मेडिकल कॉलेज मैं तड़के सुबह निधन हो गया। इनकी तबीयत खराब होने पर रांची के हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की देखरेख में कई दिनों से इलाज होने पर भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था। हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया था। रिम्स में शंकुलता देवी के इलाज के दौरान बुधवार को सुबह 4:00 बजे निधन हो गया है। चंदन कुमार सिन्हा की माता के निधन की खबर को सुनकर उनके दोस्तों और शुभचिंतकों ने रिम्स में जाकर मुलाकात की। शोकाकुल परिवारों वालों को ढांढस बांधा।

जूट से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण

रांची । खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार द्वारा पीएमईजीपी के माध्यम से जन सहभागी विकास केंद्र, कमड़े में जूट से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देगी। बुधवार को रांची सांसद संजय सेठ ने इसका उद्घाटन किया। 11 लाख रुपए का ऋण लेकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। वोकल फॉर लोकल के साथ स्वरोजगार के लिए यह सशक्त कदम है। श्री सेठ ने कहा कि यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत निर्माण के साथ स्वरोजगार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो, वे ऐसी कामना करता हैं।

वाउ फोटोज स्टूडियो का सांसद ने किया शुभारंभ

रांची। पहाड़ी मंदिर के पीछे कुम्हारटोली में वाउ फोटोज स्टूडियो का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर सांसद ने स्टूडियो की सफलता की शुभकामनाएं दी और कहा कि वेडिंग और प्री वेडिंग जैसे इवेंट से फोटोग्राफी के नए अवसर खुल गए है। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। स्टूडियो के एमडी अभय राज ने बताया कि यहां वेडिंग, प्री वेडिंग, एड शूट, डॉक्यूमेंट्री, प्रमोशनल वीडियो आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। वेडिंग शूट के लिए लेटेस्ट कैमरा का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि नए जोड़ों को एक नया अनुभव महसूस हो। प्रोफेशनल टीम के द्वारा सभी फोटोशूट किए जाते है। टीम के सभी मेंबरों को फोटोग्राफी का लंबा अनुभव है। अभय राज ने बताया कि जनवरी और फरवरी में होने वाले शादियों की बुकिंग शुरू हो गई है। जो लोग बुकिंग करवाना चाहते है, वो जल्द से जल्द संपर्क कर सकते है। अभय ने बताया कि आने वाले समय में वाउ फोटो स्टूडियो में फोटोग्राफी की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

प्रखंड स्तर पर मासिक समन्वय बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बुधवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, आयुष मेडिकल ऑफिसर, सभी एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, सभी सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं बाल संरक्षण पदाधिकारियों को प्रत्येक माह स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण का

प्रखण्ड स्तर पर मासिक समन्वय बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश दिया गया। सीडीपीओ द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी जताई गई। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को वीएचएसएनडी दिवस पर निश्चित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 15वें वित्त आयोग से निमार्णाधीन स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र आदि को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत

> प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पात्र लोगों को योजना का लाभ ससमय देने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें।

पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य/केन्द्र स्तर से प्राप्त आदेश/निदेश से ससमय संबंधित पदाधिकारी/कर्मी को अवगत कराएं। टीकाकरण/संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने डीयू लिस्ट के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आईफा टैबलेट एवं कैलशियम टैबलेट का आवश्यकता अनुरूप वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यक्ष्मा रोग से पीड़ित व्यक्तियों को ससमय दवा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पात्र लोगों को योजना का लाभ ससमय देने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा कुपोषण उपचार केन्द्र में महिला पर्यवेक्षिका को बेड आवंटित करते हुए कुपोषित बच्चों को उपचारित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत लाभुकों का एंट्री सुनिश्चित करें।

पांच दिनी मशरूम प्रशिक्षण का समापन, बाजार की व्यवस्था करने की जरूरत

रांची। जिला उद्यान कार्यालय द्वारा संचालित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज संस्थान में हुआ। इस समापन समारोह में टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने मशरूम के उत्पादन और प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ में यह भी कहा कि इसके लिए बाजार की व्यस्था कराने की जरूरत है। अंत में उन्होंने मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज संस्थान की काफी सराहना की और कहा कि मास अपने आप में एक अनोखी पहल है और आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना बीस साल पहले था। टअरर के सचिव विजय भरत ने पांच दिनों से चले प्रशिक्षण कार्यक्रम की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि 50 लाभुकों को प्रशिक्षण दिया गया।

मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा का लगाया गया भोग

जय-जय-जय खाटू के वासी जय-जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपके दर्शन, हमको दे दो श्याम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा के भोग के समय भक्ति भाव से उक्त भजन का गायन कर खाटू नरेश को रिझाया जा रहा था। पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय-जयकारों से गूंज रहा था । श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज अमावस्या के अवसर पर खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की व्यवस्था अनुसार खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न हुआ। गंगाजल शुद्ध जल दूध, दही, शहद, चीनी, गुड़, लाल गुलाब के फूल आदि से महास्नान करवाया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल

गुलाब स्टार पीला स्टार ब्लू स्टार सफेद स्टार ऑरेंज रजनीगंधा मुर्गन तुलसीदल लाल गेंदा पीला गेंदा फूलों की मोटी मोटी मालाओं से मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मनोहरी देवी श्रृंगार किया गया। पंचमेवा का भोग लगाया गया। प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गई। चिरौंदी निवासी संजीव कुमार ने श्रृंगार मधुश्री पंचमेवा राजेश शर्मा व राजेश सिंघानिया ने सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि अमावस्या के कारण आज प्रातः सहित भारी संख्या में भक्तों ने श्याम दरबार में अपना मत्था टेका व खाटू नरेश के श्यामल रूप का दर्शन किया। रात्रि 9:30 बजे पट बंद होने तक भक्तों ने मंदिर में आकर अपनी मनोकामना निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सर्व श्रवण, अनिल नारनौल, प्रवीण अग्रवाल, अरुण खुटेटा, गोपाल मुरारका, श्याम सुंदर जोशी, छगनलाल चांडक, दुर्गा चांडक सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

शनिवार को श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष पर शनिवार 26 नवंबर को संध्या 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 38 व श्री श्याम भंडारा होगा मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा होता है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी

वेंचुरा स्किल अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और टेंडर हार्ट को पूरे अंक

रांची। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और टेंडर हर्ट की टीम ने बुधवार को यहां आरडीसीए द्वारा जारी वेंचुरा स्किल अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक अर्जित किए ।शाखा मैदान में खेले जा रहे इस प्रतियोगिता के तहत जेवीएम श्यामली की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।जेबीएम की टीम 31.4 ओवर में 174 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी ।जवाब में सरस्वती शिशु मंदिर की टीम ने 22.3 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाकर मैच को जीत लिया ।विजेता टीम की ओर से हर्षित ने 38 अविनाश ने 34 जयप्रकाश ने 25 रनों का योगदान किया। आदर्श को दो और रणवीर और आयुष्मान को एक विकेट मिले ।जे वी एम के लिए अर्जुन ने 63 हर्ष ने 21 रनों की पारी खेली। जयप्रकाश को तीन सौरभ को तीन और प्रणव को दो विकेट मिले। वहीं गोल चक्कर मैदान में खेले गए मैच में टेंडर हार्ट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 4 विकेट पर 296 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें कृष्णा ने 83 नाबाद आकाश ने 65 हर्ष ने 48 रनों की पारी खेली। दिव्यांशु और गौरव को दो-दो विकेट मिले। जवाब में संत माइकल की टीम 23.2 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई जिसमें दीपांशु ने 29 अभिमन्यु ने 43 साल गौरव ने 17 रनों की पारी खेली। सचिन और नितिन को चार चार विकेट मिले टेंडर हर्ट की टीम ने इस मैच को 163 रनों से जीता

सीसीएल के कार्मिक निदेशक एनआईपीएम रांची चैप्टर के अध्यक्ष बने

रांची। सीसीएल में बुधवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट रांची चैप्टर की सामान्य निकाय की बैठक हुई। इसमें सीसीएल व बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र एनआईपीएम रांची चैप्टर के अध्यक्ष चुने गए। यहां उन्होंने कहा कि एचआर कैडर के लोगों को स्वेच्छा से सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसके लिए चैप्टर द्वारा हर माह कुछ गतिविधियां की जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं में तकनीकी सत्र पर कार्यशाला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह भी बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका को ध्यान में रखते हुए 17 दिसंबर को सीसीएल के न्यू कन्वेंशन हॉल में डीमिस्टिफाइंग द रोल ऑफ एआई इन एचआर विषय पर सत्र का आयोजन किया जाएगा।

झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्य समिति की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2022- 24 की प्रांतीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। जो कि इस प्रकार है- संरक्षक- गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, नंदलाल रुंगटा, विनय सरावगी, गोविंद प्रसाद डालमिया, भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, निर्मल काबरा, ओम प्रकाश अग्रवाल , प्रांतीय अध्यक्ष- बसंत कुमार मित्तल, प्रांतीय उपाध्यक्ष-शिव हरि बंका, ताराचंद जैन, अरुण बुधिया, ओमप्रकाश रिंगसिया, मनोज बजाज, केदारनाथ मित्तल, प्रांतीय महामंत्री- रवि शंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष- राहुल मारू, संगठन महामंत्री- प्रदीप राजगढ़िया, संयुक्त महामंत्री- दीपक पारीक, रंजीत डालमिया सुभाष पटवारी, राकेश जैन रारा, अजय चेतानी, सौरभ सरावगी प्रमंडलीय उपाध्यक्ष -पवन कुमार पोद्दार रांची, अशोक पाण्डया धनबाद, सुमेर जैन सेठी हजारीबाग, राजकुमार मुंदड़ा कोल्हान, शिव सर्राफ संथाल परगना, सुरेश उदयपुरिया पलामू, प्रमंडलीय मंत्री-पवन कुमार अग्रवाल, विमल बुधिया, शिव प्रकाश शर्मा, राजेंद्र मेहरिया, सुशील अग्रवाल, जितेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारिणी समिति में 25 सदस्यों को, तथा स्थायी विशेष आमंत्रित में 75 सदस्यों को शामिल किया गया है। प्रमंडलीय कार्यकारिणी समिति में 12 सदस्यों को शामिल किया गया। परामर्शदात्री समिति में -नीरा बथवाल, मुकुंद रूंगटा, बन्ना गुप्ता, रतनलाल बंका, केके पोद्दार, जुगल किशोर मारु, विद्याधर शर्मा, धर्मचंद जैन रारा, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामजीलाल शारदा, समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय, प्रभाकर अग्रवाल, वासुदेव गुटगुटिया, अशोक गोयल, पुष्पा भुवालका प्रेम कटारुका, जगदीश सेन, अरुण बाकरेवाल, शामिल है।

अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, पलामू

खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु अति अल्पकालिन निविदा सूचना

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''झाखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022'' के कंडिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक–1419 (अनु0), दिनांक–11.10.2022 के आलोक में पलामू जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (छोटा/बड़ा) के निषादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी:–

1	खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून को निष्पादन हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, पलामू में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि।	दिनांक 24.11.2022
2	खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून को निष्पादन हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, पलामू में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि।	दिनांक– 03.12.2022 अपराह्न 02:00 बजे तक
3	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक–03.12.2022 अपराह्न 04:00 बजे
4	मुहरबंद निविदा खोलने का स्थल	अधीक्षक उत्पाद, पलामू का कार्यालय, समाहरणालय परिसर ब्लॉक–C

निविदा डालने हेतु नियम व शर्तें तथा तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड के विहित प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तों, समर्पित किये जाने वाले कागजात की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित सूचना अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, पलामू में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है एवं https://palamu.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अधीक्षक उत्पाद
पलामू

PR 283203 District (22-23)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

CORRIGENDUM

Tenders Postponed vide PR No.- 281818 Building(22-23).D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 15.12. 2022 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 16.12.2022 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division,
Daltonganj.

PR.NO.283165 Building(22-23):D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

शुद्धि पत्र

विभागीय पत्रांक प0नि0वि0/07–योजना– 83/2022–4251(S) दिनांक 22.11.2022 में वर्णित कंडिका–06 के आलोक में योजना मद से पथ प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत वेतला (SH-09 पर) से पलामू किला पथ (कुल लम्बाई – 4.90 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी से सुधार कार्य स्वीकृत होने के कारण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2022–23 जिसका PR No. - 278787 (22-23)_D Dated- 30-09-2022 में निम्नवत संशोधन किया जाता है।

क्रम संख्या – 2, कार्य का नाम – बेतला से पलामू किला पथ के कि0मी0 0.00 से 4.90 का साधारण मरम्मति कार्य को रद्द किया जाता है। कृपया इसे संशोधित समझा जाय।

अन्य कार्यो से संबंधित निविदा की शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल लातेहार

PR 283158 (Road)22-23*D

पृष्ठ एक के शेष

मंत्रमुग्ध करेगा झारखंड का पारम्परिक...
हेतु किये जा रहे कार्यों की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच के अनुरूप मेले में कृषि, पशुपालन विभाग द्वारा जैविक कृषि का स्टॉल, वन विभाग का स्टॉल, जेरेडा का स्टॉल, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टॉल में प्रदर्शित विभिन्न शिल्पकारों के हस्तनिर्मित लकड़ी, बांस से निर्मित नेम प्लेट, पेन स्टैंड, टी कोस्टर, सर्विस प्लेट, मूर्ति आदि दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है।

41ए के नोटिस के बाद आरोपियों की...
कर दें तो उसे उपेक्षा का अनुपालन माना जायेगा। लेकिन डाक, पत्र, पार्सल के जरिये किसी चीज को भेजा जाये तो उसे उपेक्षा का अनुपालन नहीं माना जायेगा।

साक्षियों को कैसे उपस्थित करायेगी पुलिस : किसी केस में धारा-160 के तहत साक्षियों को बुलाने का प्रावधान है, लेकिन 15 वर्ष से क्रम उम्र या 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, मानसिक या शारीरिक रूप से निशक्त को थाने नहीं बुलाया जा सकता। अगर थाने के अलावे पुलिस पदाधिकारी साक्षियों को निवास स्थान से भिन्न कहीं बुलायेंगे तो ऐसे में उचित खर्चों का वहन करना होगा।

नोटिस जारी करने की क्या होगी प्रकिया :
पुलिस पदाधिकारी किसी को 41ए का नोटिस भेजे तो उसमें वक्त व स्थान लिखित हो साथ ही खुद तय समय पर उपस्थित रहे। अभियुक्त या संदेही वैध या न्यायोचित कारणों से नोटिस पर उपस्थित न होने पाये तो उसे सात दिनों से अधिक का वक्त नहीं दिया जा सकता। वहीं, 41ए का नोटिस नहीं भेजना अनुसंधान के लिए हानिकारक न हो तो इसे केस डायरी में लिखना होगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव...
आर. वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायालय को इस मामले में दखल नहीं देना चाहिए, क्योंकि शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। न्यायालय इस मामले को संसद पर छोड़ दे। जिस पर न्यायालय ने कहा कि जब चुनाव आयुक्तों को पूरा कार्यकाल नहीं मिल रहा है, तो वह अपना काम कैसे पूरा करेंगे। यह प्रवृति लगातार जारी है, चाहे किसी की भी सरकार हो। इनकी नियुक्ति पर संविधान की चुप्पी का सभी ने शोषण किया है। इस बारे में एक वरिष्ठ वकील का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय का कहना काफी हद तक सही है। क्योंकि, इसके प्रमाण टीएन शेषन रहे हैं। जिन्होंने दिखा दिया था कि चुनाव आयोग की हैसियत क्या होती है। अब जो हालत है वह तो सबके सामने है।

सुप्रीम कोर्ट ने गोयल को...
आयुक्त पद पर हड़बड़ी में नियुक्ति हुई है, नौकरी से 18-11-2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एक दिन बाद शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया और सोमवार 21 नवम्बर से काम शुरू कर दिया। ऐसे में वीआरएस लेने के बाद तीन माह का गैप कहां है। नियमानुसार तो वीआरएस लेने के तीन माह बाद ही उनको ऐसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया जा सकता है? ऐसे में उनकी नियुक्ति से संबंधित सभी दस्तावेज की जांच जरूरी है। इसी के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त किये जाने संबंधी सभी दस्तावेज तलब किया है।

अवैध खनन केस में संताल परगना के...
समद, राजमहल के सब रजिस्ट्रार मनोज टुडू, दुमका में प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अफसर कमलाकांत पाठक, रांची के स्टेशन हेड से जूनियर इनवायरोमेंट इंजीनियर राजीव कुमार सिन्हा, रेंज फोरेस्ट अफसर जितेंद्र दूबे, अमीन शहबाज आलम, प्रभात कुमार और साहिबगंज के एसडीओ राहुल आनंद को भी गवाह बनाया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

–: स्थगन संबंधी सूचना :–

पत्रांक 1628/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक– 23.11.2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–09/2022-23/RE-2 (अतिअल्पकालिक निविदा) अंतर्गत Group No.- 08 में वर्णित कार्य प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण (3 अदद) जिसका PR 282834 (Rural Development)22-23*D को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 283101 Rural Development(22-23)D

फीफा 2022 : ड्रा पर समाप्त हुआ क्रोएशिया और मोरक्को का मुकाबला

कतर (एजेंसी)। फीफा विश्व कप 2022 के चौथे दिन ग्रुप एफ मुकाबले में फैंस को वैसा मुकाबला देखने को नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी। पिछली बार की उपविजेता क्रोएशिया की टीम हावी दिखा, लेकिन गोल नहीं कर पायी। ऐसे में मोरक्को ने भी दमदार खेल दिखाते हुए 0-0 पर मैच ड्रा पर समाप्त किया। दोनों ओर से पूरे मैच में कोई गोल नहीं हो सका। यह इस विश्व कप का तीसरा मुकाबला रहा जो बिना किसी गोल के खत्म हुआ। इससे पहले पोलैंड और मेक्सिको के मैच में भी कोई गोल नहीं हुआ था। फिर डेनमार्क व ट्यूनीशिया के बीच हुआ मुकाबला भी ड्रा पर खत्म होता दिखा। मुकाबले की बात करें तो पहले हाफ में दोनों के पास गोल करने के मौके मिले, लेकिन चूक गए। क्रोएशिया ने पांच तो मोरक्को ने आठ शॉट्स लगाए। मैच के अंत दोनों ने गोल करने का कड़ा प्रयास किया। रेड कार्ड दोनों टीमों में से किसी भी खिलाड़ी को नहीं मिला, हालांकि एक येलो कार्ड मोरक्को को मिला। पजेशन के मामले में क्रोएशिया 65 प्रतिशत के साथ पूरे मैच में आगे रहा, तो ट्यूनीशिया पांच प्रतिशत रहा। डेनमार्क की ओर से क्रिश्चियन एरिक्सन ने

शानदार प्रदर्शन दिखाया। उन्हें चार बार गोल करने का मौका मिला, लेकिन ट्यूनीशिया ने उन्हें गोल करने से रोका।

अमरीका के खिलाफ मैच से पहले टखने का स्कैन करवायेंगे इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन

दोहा (एजेंसी)। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन फीफा विश्व कप-2022 में अमरीका के विरुद्ध मैच से पहले अपने टखने का स्कैन करवाएंगे। फीफा विश्व कप 2018 के गोल्डन बूट विजेता केन ने ईरान के विरुद्ध सोमवार को खेले गए मैच के दौरान अपने टखने का उपचार करवाया था। वह मैच के 75वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए थे और डगआउट में टखने पर पट्टी के साथ नजर आए थे। केन ने मंगलवार को अभ्यास किया, लेकिन सूत्रों के अनुसार बुधवार के सत्र में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के प्रबंधक गैरेथ साउथगेट ने सोमवार के मैच के बाद कहा था कि मेरे अनुसार हैरी ठीक हैं। देखने से लगा था कि टक्कर बुरी है, लेकिन वह इसके बाद भी खेलते रहे। हमने उन्हें (75वें मिनट में) मैदान से बाहर बुला लिया, क्योंकि हमें लगा कि मैच हमारी पकड़ में है। केन ने इंग्लैंड के लिए खेलते हुए 76 मैचों में 51 गोल किए हैं। इंग्लैंड को ग्रुप-बी मैच में शुक्रवार को अमरीका का सामना करना है। यदि केन इस मैच में हिस्सा नहीं लेते तो रहीम स्टर्लिंग टीम की कमान संभाल सकते हैं।

न्यूज गैलरी

भारत के चार मुक्केबाजों ने पक्के किये पदक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मुस्कान और तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नुसिया में जारी पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किये जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 11 हो गयी। युवा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) और देविका घोरपडे (52 किग्रा) अन्य दो मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की की। इन चार पदकों के साथ भारत ने पिछले सत्र में पोलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 पदक की बराबरी कर ली। तमन्ना ने भारत के लिए दिन की शुरूआत आक्रामक अंदाज में करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से जापान की जूनी टोनेगावा को मात दी। देविका ने जर्मनी की अस्या अरी के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। मुस्कान (75 किग्रा) और कीर्ति अपने-अपने प्रतिद्वंदियों मंगोलिया की ज्येइनयेप अजीमबाई और रोमानिया की लिविया बोटिका खिलाफ काफी मजबूत साबित हुईं। इन दोनों को बाउट शुरू होने के तीन मिनट के अंदर ह्यरेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्टह्न के फैसले से विजेता घोषित किया गया। इस बीच, प्रीति दहिया (57 किग्रा), रिदम (92 किग्रा से अधिक) और जादुमणि सिंह मांडेंगबाम (51 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए।

मुंबई ने रेलवे के 338 रन के लक्ष्य को भेदा

मुंबई (एजेंसी)। रेलवे के खिलाफ खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई ने सरफराज खान की शतकीय पारी की बदौलत 9 गेंदे रहते 5 विकेट से जीत दर्ज की। सरफराज खान ने 94 गेंदों पर कुल 117 रन की पारी खेली जिसमें 10 चौके और 5 छक्के शामिल थे। रेलवे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का विकल्प चुना। टीम की शुरूआत खराब रही और चौथे ही ओवर में ओपनर शिवम चौधरी (6) आउट हो गए। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए विकेट सिंह और प्रथम सिंह के बीच 102 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी 25वें ओवर की चौथी गेंद टूटी जब मुलानी ने विकेट (47) को आउट कर दिया। इसके बाद प्रथम और मोहम्मद सैफ के बीच तीसरे विकेट के लिए एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई जिसमें दोनों ने कुल 142 रन बनाए। 44वें ओवर में प्रथम मुलानी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए और 109 रन बनाकर पवेलियन लौटे। टीम के अंतिम दो विकेट उपेंद्र यादव और सैफ के गिरे जिन्होंने क्रमश: 22 और 92 रन बनाए और मुंबई को 338 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में उतरी मुंबई की टीम की शुरूआत भी खराब रही और यशस्वी जायसवाल (4) दूसरे ओवर में ही अपना विकेट गंवा बैठे। लेकिन दूसरे विकेट के लिए पृथ्वी शॉ और अरमान जाफर के बीच 58 रन की साझेदारी हुई और जाफर (30) अपना विकेट गंवा बैठे जिसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और शॉ ने कमान संभाली लेकिन यह साझेदारी लम्बी नहीं चल सकी और शॉ 16वें ओवर में अर्धशतक लगाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सरफराज खान की एंट्री हुई और यहीं से पूरा खेल पलट गया। सरफराज ने रहाणे के साथ 152 रन की अहम साझेदारी करते हुए टीम को जीताने में अपना योगदान दिया। हालांकि 37वें ओवर में रहाणे (88) और 46वें ओवर में सरफराज (117) अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन वह दोनों अपना काम कर चुके थे और बची हुई कसर शम्स मुलानी की 46 रन की पारी ने कर दी और टीम 9 गेंदें शेष रहते 5 विकेट से मैच जीत गई।

हार्दिक बोले - बाहरी बातों से फर्क नहीं पड़ता, सबको मौका मिलेगा

नेपियर (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद बीसीसीआई सीमित-लंबे फॉर्मेट की टीमों के लिए अलग-अलग कप्तान बनाने का मन बना रहा है। पिछले साल आईपीएल की नयी नवेली टीम गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाने वाले हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान माना जा रहा है। एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि पंड्या को टी-20 टीम की कमान सौंप देनी चाहिए। 29 साल के पंड्या दोनों मौकों पर बोर्ड की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। उनकी लीडरशिप में टीम इंडिया ने मंगलवार को न्यूजीलैंड को उसी के घर में टी-20 सीरीज में 1-0 से हराया है। उनकी कप्तानी में टीम ने आयरलैंड से दो मैचों की सीरीज जीती थी। नेपियर में तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले के बाद पंड्या ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने टीम परफॉर्मेंस और कप्तानी पर बात की। पांड्या ने कहा कि सबसे अहम यह है कि दूसरे मैच को हमने जीता, वह कॉन्फिडेंस देगा। दूसरी बात कि आगे हमें जो करना है या हम जो करना चाहते हैं, यह उसका एक स्टेप है। धीरे-धीरे जाने के लिए क्योंकि हमारे पास काफी टाइम है। यहां से एक जर्नी शुरू हुई है। कोशिश करेंगे कि अब जितनी भी सीरीज खेलें। खुद को बेहतर करें। उन्होंने कहा कि बाहर कौन क्या कह रहा है उससे इस लेवल पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। जहां तक सिलेक्शन की बात है- यह मेरी टीम है, कोच और मुझे जो ठीक लगेगा। जो साइड हमें चेक करनी है करेंगे...बहुत समय है। सब को मौका मिलेगा और लंबा मिलेगा। ज्यादा कठिन नहीं है। सीरीज छोटी थी। इसलिए कुछ लोगों को मौका नहीं मिला। मैच ज्यादा होते तो मौका मिलता।

न्यूजीलैंड में भी फ्लॉप रहे पंत, 66 मैचों में सिर्फ तीन फिफ्टी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को नेपियर में खेला गया तीसरा टी-20 मैच टाई रहा। इस नतीजे के साथ ही भारत ने तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-0 से अपने नाम कर लिया। तीन मैचों की इस सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते रद्द हो गया था। दूसरा मैच भारत ने जीता और तीसरा टाई रहा। वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद यह जीत सुकून देनेवाली है। हालांकि, एक समस्या ऐसी है जो वर्ल्ड कप में भी हमारा सिरदर्द थी और न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सीरीज में भी इसका कोई समाधान नहीं हुआ। वास्तव में यह समस्या वर्ल्ड कप से भी पुरानी है और लंबे समय से यह भारतीय क्रिकेट फैंस को फ्रस्ट्रेट कर रही है। इस समस्या का नाम है ऋषभ पंत। टेस्ट क्रिकेट के मैच विनर पंत टी-20 फॉर्मेट में बिल्कुल भी परफॉर्म नहीं कर पा रहे। ऋषभ पंत टी-20 इंटरनेशनल में अब तक आठ देशों में मुकाबले खेल चुके हैं। इनमें से वेस्टइंडीज के अलावा किसी भी देश में औसत प्रभावशाली नहीं है। वेस्टइंडीज में उन्होंने 58 की औसत से 174 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 7.25, इंग्लैंड में 13.50, श्रीलंका में 15 और भारत में 20 की औसत से रन बनाए हैं।

टी-20 रैंकिंग में सूर्या नंबर-1 पर कायम

ताजा रैंकिंग में 890 पॉइंट्स, विराट को दो स्थान का नुकसान

गेंदबाजी में भुवी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय

गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार 647 पॉइंट्स के साथ 11वें स्थान पर हैं। वे सबसे ऊंची रैंकिंगवाले भारतीय गेंदबाज हैं। अर्शदीप सिंह 616 अंकों के साथ 21वें और रविचंद्रन अश्विन 606 अंकों के साथ 22वें नंबर पर हैं। युजवेंद्र चहल 535 पॉइंट्स के साथ 40वें स्थान पर हैं।

दुबई (एजेंसी)। टीम इंडिया के स्टार सूर्यकुमार यादव ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बने हुए हैं। वे पिछले हफ्ते भी टॉप पर थे। इस बार उनके रेटिंग अंकों में इजाफा हुआ है। सूर्या के 890 रेटिंग पॉइंट्स हैं। पिछले सप्ताह उनके 859 पॉइंट्स थे। विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 836 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा नंबर-1 पर हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में जमाया था शतक : सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाये। दो मुकाबलों में उनके बल्ले से 124 रन निकले हैं। इसमें एक शतक शामिल है। सर्या ने दूसरे टी-20 मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। यह उनके करियर का दूसरा शतक था। इस मैच के बाद सूर्या के 895 रेटिंग पॉइंट्स हो गये थे। लेकिन, दूसरे मैच में फेल होने की वजह से उन्हें पांच पॉइंट्स का नुकसान उठाना पड़ा। आईसीसी हर बुधवार को ही रैंकिंग जारी करती है। इसलिए पहले मैच के बाद के उनके रेटिंग पॉइंट्स सामने नहीं आये।

विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान : टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनानेवाले बल्लेबाज विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली अब 650 पॉइंट्स के साथ 13वें नंबर पर हैं। केएल राहुल 582 अंकों के साथ 19वें स्थान पर हैं। इस तरह भारत के तीन बल्लेबाज टॉप 20 में हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप का बदलेगा फॉर्मेट

दुबई (एजेंसी)। अगला टी-20 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट के साथ खेला जाएगा। दुनिया में क्रिकेट

■ पहले राउंड में चार, फिर सुपर-8 में दो ग्रुप बनेंगे

को संचालित करनेवाली संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 2024 में होने वाले इस टूर्नामेंट के फॉर्मेट में बदलाव किया है। अहम बात यह है कि वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जाने वाले टी-20 के सबसे बड़े टूर्नामेंट में 20 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके मैच अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में खेला गया टी-20 वर्ल्ड कप लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में खेला गया था। इसमें सबसे पहले क्वालिफाइंग राउंड खेला गया था। दो ग्रुप के क्वालिफाइंग राउंड से चार टीमों ने सुपर-12 के लिए क्वालिफाई किया, जहां आठ टीमें पहले से मौजूद थीं। सुपर-12 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप थे। दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची और इन मैचों की विजेता टीमों ने फाइनल मैच खेला।

क्या होगा नया फॉर्मेट?

अब 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। यानी कि हर ग्रुप में 5 टीमें। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 राउंड में प्रवेश करेंगी। इन आठ टीमों को दो सुपर लीग डिवीजन में बांटा जाएगा। हर डिवीजन में चार टीमें। ये सभी आपस में तीन-तीन लीग मैच खेलेंगी। यहां से हर डिवीजन की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल राउंड में जाएंगी और सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी।

अब तक कौन-कौन सी टीमें क्वालिफाई हुई हैं?

अब तक 12 टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। इनमें बीते दिनों खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमें सीधे क्वालिफाई कर गई हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका को बतौर मेजबान डायरेक्ट एंट्री मिली है। इसके अलावा दो अन्य टीमें रैंकिंग के आधार पर आई हैं। शेष 8 टीमें क्वालिफायर टूर्नामेंट के जरिये आयेंगी।

पाकिस्तान दौरे पर पर्सनल शेफ को साथ लेकर जायेगी इंग्लैंड

लंदन (एजेंसी)। सितम्बर में टी-20 दौरे के दौरान खिलाड़ियों के बीमार पड़ने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान दौरे से पहले एक बड़ा कदम उठाया है। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के साथ काम करनेवाला शेफ पुरुष क्रिकेट टीम के साथ पाकिस्तान जाएगा। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम और हार्लेक्विंस के साथ काम कर चुके उमर मेजियाने ट्रैवलिंग शेफ होंगे। हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टेस्ट टीम इस सप्ताह के अंत तक पाकिस्तान पहुंच जाएगी और रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में तीन मैच खेलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक मेजियन रविवार को टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के खिलाड़ी अबूधाबी में हैं, जहां उन्होंने फॉर्मूला वन ग्रां प्री देखी और गोल्फ भी खेला। इन-हाउस शेफ होने से इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम के आधिकारिक होटलों और मैदान में खाना नहीं खाएंगे।

वनडे सीरीज से पहले बोले धवन -

टीम लीडर के तौर पर हो गया हूं मैच्योर

नेपियर (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा कि मैं कप्तान के तौर पर मैच्योर हो गया हूं और कड़े फैसले ले सकता हूं। वो दिन गए जब मैं बड़े फैसले लेने से हिचकिचाता था। अब मैं ऐसे फैसले लेने से नहीं हिचकिचाता, जो किसी खिलाड़ी को अच्छे न लगे और टीम के हित में हों। 36 साल के शिखर धवन शुक्रवार से शुरू होनेवाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। पंड्या को इस सीरीज से आराम दिया गया है। टीम अपने सीनियर प्लेयर्स के

बिना उतर रही है। यह पहला मौका नहीं है जब धवन टीम की कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले वे पिछली कुछ सीरीज में टीम के कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 3-2 से और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की थी। टीम को उनके कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड दौरे पर है। उसने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। उसे 25 नवंबर को ऑकलैंड में पहला वनडे खेलना है। धवन ने कहा कि समय के साथ मेरी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। पहले ऐसे भी मौके आते थे। जब मैं किसी गेंदबाज के प्रति सम्मान दिखाते हुए उसे अधिक ओवर दे देता था, लेकिन अब मैं परिपक्व हो गया हूं और अगर किसी को बुरा भी लगे तब भी मैं वह फैसला करूंगा। जिससे टीम को फायदा पहुंचे।

फीफा 2022 : महिला पत्रकार ने ऑन एयर पहनी ऐसी ड्रैस, फैंस को याद आ जायेगी शैफाली जरीवाला

कतर (एजेंसी)। फीफा विश्व कप 2022 के दौरान बीते दिनों ही रिपोर्टिंग कर रही महिला पत्रकार के साथ चोरी की घटना हो गई थी। अब एक और महिला पत्रकार अपने पहनावे को लेकर चर्चा में आ गई है। 42 वर्षीय अभिनेत्री देबोराह सेको ने ब्राजीलियाई चैनल स्पोरटीवी के विश्व कप कवरेज के दौरान ऑन-एयर ऐसा आउटफिट डाला जिसे देख भारतीय फैंस को मशहूर मॉडल शेफाली जरीवाला की याद आ गई। दरअसल, फैंस ने कतर विश्व कप को कवर करने के दौरान अभिनेत्री के पहरावे को लेकर टिप्पणियां की थीं। इस पर टेलीविजन होस्ट ने ट्रोल्र्स को कड़ा जवाब दिया है। देबोराह सेको की इस ड्रैस को लोग प्राइम टाइम के लिए सही नहीं मान रहे हैं। एक फैंस ने कमेंट किया- क्या यह फैशन शो है या विश्व कप? अन्य प्रशंसकों ने लिखा- हालांकि हमें सेको पसंद

है, लेकिन उनका पहनावा खेल आयोजन के लिए अनुपयुक्त लग रहा है। एक ने लिखा- आप अद्भुत हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हमें एक खेल आयोजन के लिए उचित रूप से सम्मानीय पोशाक पहननी होगी। एक यूजर ने कहा- क्या आप उस कल्चर से परिचित हैं? आप जिस कल्चर के आदी हैं, उससे काफी अलग हैं। इसे गूगल करें। अभिनेत्री ने अपने पहनावे की आलोचनाओं का जवाब दिया। इंस्टाग्राम पर एक कैप्शन पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा- मुझे परवाह नहीं है - मैं वह हूं जो मैं हूं। अभिनेत्री को ब्राजीलियाई मारिया रिबेरो और गैब्रिएला प्रियोली से भी समर्थन मिला। उन्होंने लिखा- हम कतर जैसे देश में विश्व कप देख रहे हैं, जो स्त्री विरोधी, नस्लवादी और होमोफोबिक आदमी का समर्थन करता है। और हम यहां सवाल डेबोरा सेको के कपड़ों पर उठा रहे है? मारिया रिबेरो ने लिखा- मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है। तथ्य यह है कि एक अभिनेत्री फुटबॉल के बारे में बात कर सकती है। बता दें कि कतर विश्व कप के दौरान महिला यात्रियों के लिए विशेष हिदायतें जारी की हैं। महिलाओं को अपने कंधे और घुटने ढंकने को कहा गया है। अगर ऐसा न हुआ तो सख्त कार्रवाई होने की संभावना है।